# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : मंगलवार, 22 सितम्बर, 2026 | वर्ष -01 | अंक-214 | पृष्ठ-16 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### सोनिया के वोटर विवाद में कोर्ट ने फैसला पलटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को सोनिया गांधी के खिलाफ वोटर्स केस में मजिस्ट्रेट कोर्ट का एक साल पुराना फैसला पलट दिया। दरअसल 11 सितंबर 2025 को मजिस्ट्रेट ने सोनिया के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के चलते FIR दर्ज करने की मांग को खारिज कर दिया था। याचिका एडवोकेट विकास त्रिपाठी ने दाखिल की थी। आरोप है कि सोनिया गांधी का नाम 1980 में नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किया गया था, जबकि उन्होंने 1983 में भारतीय नागरिकता हासिल की थी। शिकायत में कहा गया कि उनका नाम 1982 में मतदाता सूची से हटा दिया गया था और 1983 में दोबारा शामिल किया गया।

### सूरत में कर्मचारी ने ₹24 करोड़ का सामान फूंका

**सूरत :** गुजरात में सूरत के संगिनी टेक्सटाइल मार्केट में 9 सितंबर की रात भीषण आग लग गई थी। अब इस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के बाद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि आग मार्केट में ही काम करने वाले एक अकाउंटेंट ने लगाई थी। आरोपी की पहचान विनोद पंडित सावले (33 वर्ष) के रूप में हुई है। सूरत क्राइम ब्रांच की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने 10 हजार रुपए के बकाया वेतन को लेकर दो मालिकों से बदला लेने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया था।

### विप सभापति अवधेश नारायण का इस्तीफा

**पटना।** बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने पद से इस्तीफा दे दिया है। भाजपा के एमएलसी अवधेश नारायण सिंह के इस्तीफे के बाद अब विधान परिषद के सभापति पद को लेकर नया सियासी समीकरण सामने आया हैअवधेश नारायण सिंह के पद छोड़ने के साथ ही विधान परिषद की अगली व्यवस्था को लेकर चर्चा तेज हो गई है। अवधेश नारायण सिंह के इस्तीफे को एनडीए के भीतर महत्वपूर्ण पदों के बंटवारे से जोड़कर देखा जा रहा है।

### ममता की नई पार्टी का लोगों 'फुटबॉल खिलाड़ी' लॉन्च

**कोलकाता।** ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले टीएमसी गुट ने सोमवार को नया लोगो जारी कर दिया। इसमें अंतरिम चुनाव चिह्न के तौर पर फुटबॉल खिलाड़ी बना है।लोगो के बीच में फुटबॉल खिलाड़ी है। इसके चारों ओर नीले बैकग्राउंड पर सफेद रंग में ह्यममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेसह्ण लिखा है। डिजाइन में केसरिया, सफेद और हरे रंग भी शामिल किए गए हैं।चुनाव आयोग ने फिलहाल पार्टी का पुराना नाम और सिंबल फ्रीज कर दिया है। आयोग ने दोनों गुटों को अलग-अलग नाम और चुनाव चिह्न दिए हैं।

### राम मंदिर में 70 नहीं 105 बार चढ़ावा चोरी

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी केस में बड़ा खुलासा हुआ है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि मंदिर के सीसीटीवी फुटेज में चढ़ावा चोरी की 70 नहीं, 105 घटनाएं कैद हुई हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम की स्टेटस रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट को जांच की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एसआईटी की जांच लगभग पूरी हो चुकी है। एसआईटी ने सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान और अन्य सबूतों की जांच कर आरोपियों की पहचान की है। चढ़ावे और कीमती सामान की रसीदें सॉफ्टवेयर के जरिए तैयार होती हैं और सामान एसबीआई के लॉकर में रखा जाता है।

# पंचायतों व नगर निकायों के परिसीमन के बाद होगा अगला चुनाव : मुख्यमंत्री

## ग्राम संसद-बिहार चैप्टर-5 मुखिया संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन



**पटना (एनएसबी)** । राजधानी के ताज सिटी सेंटर में आयोजित ग्राम संसद-बिहार चैप्टर-5 मुखिया संवाद कार्यक्रम का मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास, पंचायतों की भूमिका तथा गांवों को आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने के विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि बिहार के विकास में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान है। ग्राम संसद के माध्यम से गांवों के विकास के लिए ठोस सुझाव सामने आने चाहिए। पीएम मोदी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2037 में बिहार की स्थापना के 125 वर्ष पूरे होने के अवसर तक बिहार को समृद्ध, सशक्त और विकसित बनाने के लिए अभी से योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है।

**2037 तक समृद्ध बिहार बनाने में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि दें पूरा सहयोग**

**ईंट-भट्ठों, निजी स्कूलों, मोबाइल टावरों पर लगेगा टैक्स**

### 7,500 की आबादी पर होगा एक पंचायत का गठन

सीएम ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के परिसीमन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और अगला पंचायत चुनाव परिसीमन के बाद ही कराया जाएगा। अगले वर्ष नगर निकायों में भी परिसीमन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि पंचायत और नगर निकाय क्षेत्र का स्पष्ट निर्धारण हो सके। उन्होंने कहा कि लगभग 7,500 की आबादी पर एक पंचायत बनाने की दिशा में काम किया जाएगा। पंचायतों में विकास कार्यों के क्रियान्वयन में तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने के लिए पंचायती राज विभाग में इंजीनियरिंग सेल विकसित किया जाएगा। इससे मुखिया को पंचायत क्षेत्र में योजनाओं के क्रियान्वयन में तकनीकी सहायता मिलेगी और गांवों की विकास व्यवस्था को और बेहतर किया जा सकेगा।

### उच्च शिक्षा के संस्थानों का किया जा रहा विस्तार

सीएम ने कहा कि शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में भी बिहार को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से बड़ी राशि करीब 18 हजार करोड़ रुपए राज्य से बाहर जाती है। इसे देखते हुए बिहार में उच्च शिक्षा के संस्थानों का विस्तार किया जा रहा है। राज्य में नए निजी विश्वविद्यालय और सरकारी विश्वविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं तथा अधिक से अधिक निजी विश्वविद्यालय खोलने का लक्ष्य है, ताकि बिहार के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने राज्य में ही उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 से पहले एक करोड लोगों को सरकारी नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराना है।

उन्होंने कहा कि पंचायत लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। पंचायत के मुखिया के पास अपने क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। उन्होंने पंचायत स्तर पर राजस्व के नए स्रोत विकसित करने के लिए ग्राम संसद से सुझाव देने का आह्वान किया, ताकि गांवों में कचरा प्रबंधन, पेयजल, बिजली, सड़क सहित बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार आम लोगों पर अतिरिक्त कर लगाने के पक्ष में नहीं है। कार्यक्रम को उच्च शिक्षा सह विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर, विधान पार्षद एवं ग्राम संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय मयूख, ग्राम संसद के उपाध्यक्ष दीपक ठाकुर एवं नेशनल ब्रांड एम्बेसडर किरण प्रभाकर ने भी संबोधित किया। कहा कि गरीबों पर कोई कर नहीं लगाया जाएगा, लेकिन पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गांवों में चल रहे ईंट-भट्ठे, निजी स्कूल, व्यावसायिक गतिविधियों और मोबाइल टावरों से पंचायतों को टैक्स अवश्य वसूलना चाहिए। इन व्यावसायिक गतिविधियों से मिलने वाले राजस्व से गांवों में कचरा प्रबंधन और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा सकेगा।

# बिहार में ग्रीन हाइड्रोजन सेक्टर में होगा 16000 करोड़ का निवेश

## मुख्यमंत्री बोले-खुलेंगे 12000 नौकरियों के द्वार

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में बिहार ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2026 के प्रारूप को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की। इसके तहत बिहार में लगभग 16 हजार करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है। वहीं, लगभग 12 हजार रोजगार के अवसर सृजित होने का अनुमान है। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बिहार में ग्रीन हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था का निर्माण, लक्ष्य, प्रोत्साहन एवं कार्यान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के वर्ष 2030 तक के लक्ष्यों एवं विभिन्न प्रावधानों पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक देश में प्रतिवर्ष कम-से-कम 5 मिलियन टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता विकसित करना है।उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन, उपयोग, निवेश को प्रोत्साहित करने तथा इसके लिए आवश्यक आधारभूत संरचना विकसित करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। सीएम ने कहा कि बरौनी रिफाइनरी एवं हिन्दुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड के अधिकारियों से समन्वय कर बिहार के अन्य क्षेत्रों में भी हाइड्रोजन प्लांट स्थापित करने की संभावनाओं पर चर्चा की जाए। राज्य में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन एवं उपयोग की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए संबंधित उद्योगों एवं संस्थानों के साथ समन्वय कर आगे की कार्ययोजना तैयार करें।

**मुख्यमंत्री ने बिहार ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2026 प्रारूप की समीक्षा की**

### सीएम बक्सर से शुरू करेंगे जिलों का दौरा

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अब जिलों के दौरे पर निकलेंगे। सरकार बनने के बाद राज्य स्तर पर बैठकों एवं विभागों की समीक्षा के उपरांत उट का फोकस अब जिलों में कामकाज की जमीनी स्थिति पर होगा। इसी क्रम में 23 सितंबर को भगवान वामन द्वादशी समारोह को संबोधित करेंगे। भाजपा जिला मुख्यालय में पार्टी के जिला स्तरीय वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं को दिए वचन भी पूरा करेंगे।

**बक्सर जिले से शुरू करेंगे समीक्षा कार्यक्रम :** संभव है कि इस दौरान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठंधन (राजग) के जिलाध्यक्षों के साथ बैठक भी करें। अहम यह है कि मुख्यमंत्री दौरे की शुरूआत भगवान राम की कर्मभूमि व ऋषि विश्वामित्र के आश्रम स्थल के रूप में प्रसिद्ध रहे बक्सर जिले से यात्रा की शुरूआत कर रहे हैं।

**कर्मा-धर्मा पूजा के दौरान भागलपुर में हादसा**

# गंगा नदी में 6 बच्चों की डूबकर मौत, चार लापता

**भागलपुर (एनएसबी)।** बिहार के भागलपुर जिले में सोमवार को बाढ़ के पानी में डूबने से छह बच्चों की मौत हो गई। हादसा सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में हुआ। मृतकों में चार लड़के और दो लड़कियां शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक, सभी बच्चे कर्मा-धर्मा पूजा को लेकर स्नान करने गए थे। बच्चे सड़क के किनारे बने एक गड्ढे में जमा बाढ़ के पानी में स्नान करने लगे। बच्चों को गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं था। स्नान करने के दौरान वे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। आसपास मौजूद लोगों को जब घटना की जानकारी मिली, तो उन्होंने बच्चों को बचाने का प्रयास शुरू किया। बाद में पुलिस को भी सूचना दी गई। हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों की पहचान ज्योति कुमारी, पिता हरेंद्र मंडल; अमित कुमार, पिता वाल्मिकी मंडल; आयुष कुमार, पिता विनोद मंडल, राहुल कुमार और पूजा कुमारी, पिता पूरन मंडल, विकास कुमार, पिता रतन कुमार के रूप में हुई है। मृत 5 बच्चे सुल्तानगंज नगर परिष्द के वार्ड संख्या



27, जबकि ज्योति कुमारी सबौर की रहने वाली थी। मृत सभी बच्चों की उम्र 10 से 15 साल के बीच बताई जा रही है। सभी एक ही गांव दुधैला विष्णु टोला के रहने वाले थे। इनमें एक भाई-बहन भी शामिल हैं। एक साथ छह बच्चों की मौत की खबर जैसे ही मोहल्ले में पहुंची, वहां चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही सुल्तानगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बच्चों की तलाश शुरू की। पुलिस ने सभी छह बच्चों के शव बरामद कर लिए हैं। शवों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के लिए भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, मृतकों में पांच बच्चे सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 27 के रहने वाले थे, जबकि एक बच्चा सबौर थाना क्षेत्र का रहने वाला था।

### बक्सर में छात्राओं के साथ घृणित कृत्य करने वाले दोनों शिक्षक बर्खास्त

**पटना (एनएसबी)।** शिक्षा मंत्री श्री मिथिलेश तिवारी के कड़े तेवर और सख्त निर्देश के बाद बक्सर के डुमरांव में छात्राओं के साथ घृणित कृत्य करने वाले दोनों शिक्षकों को सोमवार को बर्खास्त कर दिया गया। छात्राओं के साथ छेड़खानी, आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने और ऑडियो के माध्यम से धमकी देने जैसे गंभीर आरोप प्रमाणित होने पर दोनों शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। बर्खास्त किए गए शिक्षकों में डुमरांव प्रखंड के नथुनी अहिर के डेरा स्थित मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षक विरेन्द्र प्रसाद और विद्यालय अध्यापक अरविन्द कुमार शामिल हैं। भविष्य में दोनों किसी भी सरकारी नौकरी में नियुक्ति के लिए अयोग्य होंगे। घटना के तुरंत बाद शिक्षा मंत्री ने कड़ा रुख दिखाते हुए बक्सर के डीएम-एसपी को दोनों आरोपितों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करने और गिरफ्तारी के बाद फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिये स्पीडी ट्रायल कर पूरे मामले की सुनवाई का निर्देश दिया था।



# जमुई में नाबालिग छात्रा से बदसलूकी भीड़ ने घेरकर किया घिनौना काम

## सड़क पर घेरकर मनमानी करते रहे शोहदे, गिड़गिड़ाती रही छात्रा

**जमुई (एनएसबी)।** बिहार के जमुई जिले में बाइक सवार लड़के-लड़की को रास्ते में रोककर लड़की के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। घटना जमुई टाउन थाना क्षेत्र के मड़वा गांव की बताई जा रही है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने तीन लड़कों को गिरफ्त में लिया है, वहीं अन्य की तलाश शुरू कर दी है। दरअसल, वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि बाइक सवार लड़के और लड़की को कुछ लोग रास्ते में रोक लेते हैं और दोनों को घेर कर लड़की के साथ अभद्र व्यवहार करते दिखाई देते हैं। वे उसके शरीर को गंदे तरीके से टच करते हुए उससे पूछते हैं- कहां घर है, नाम क्या है? लड़की उनके सवालों का जवाब देती है।

इसी दौरान लड़की के साथ आए लड़के को कुछ युवक उससे अलग कर देते हैं, जबकि लड़की को घेरे रहते हैं। इसके बाद कुछ शोहदे लड़की के प्राइवेट पार्ट के साथ छेड़खानी करते हैं और उसे अश्लील तरीके से पकड़कर सड़क पर घसीटते हैं। लड़की वहां मौजूद लोगों से हाथ जोड़कर



उन्हें जाने देने की अपील करती नजर आ रही है। वह कहती सुनाई देती है हम बच्चे हैं, जाने दीजिए। अब कभी नहीं आएंगे। इस दौरान मौके पर कई अन्य लोग भी मौजूद दिखाई दे रहे हैं, जो तमाशबीन बने हैं। जमुई के पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने बताया कि पुलिस को घटना से संबंधित वीडियो मिले थे, जिसके आधार पर पीड़िता की पहचान की गई और उसका बयान दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता के बयान से पता चला कि घटना 19 सितंबर की शाम सात बजे की है। एसपी ने बताया कि वीडियो के फ्रेम में छह-सात लोग दिखाई दे रहे हैं। इनमें से कुछ लोगों की पहचान पुलिस ने कर ली है। पहचान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जमुई पुलिस ने तीन लड़कों को पकड़ा है।

### 'यह संस्कृति नहीं, यह पितृसत्ता है' : राहुल

**नई दिल्ली (एजेंसी)** । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को बिहार के जमुई में छात्रा के साथ अभद्रता मामले पर चिंता जताई और कहा कि यह बहुत बैचेन करने वाला है। उन्होंने कहा कि जब नियंत्रण को ही संस्कृति मान कर 'अंधभक्त' ऐसी सोच को सामान्य ठहराते हैं, तो भीड़ को लगने लगता है कि वही कानून है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सवाल किया कि इन लोगों को ऐसी बदतमीजी करने का हक किसने दिया? साथ ही, राहुल गांधी ने लिखा कि यह 'संस्कृति' नहीं है, यह पितृसत्ता है। ये सोच कि किसी भी पुरुष का किसी लड़की के शरीर, उसके आने-जाने और उसकी पसंद-नापसंद पर नियंत्रण है।



### शिक्षा विभाग के सहायक प्रशाखा अफसर निलंबित

**पटना (एनएसबी)।** शिक्षा विभाग ने रिश्वत मांगने के आरोप में सहायक प्रशाखा पदाधिकारी आशीष कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शिक्षा मंत्री श्री मिथिलेश तिवारी के सख्त निर्देश के बाद सोमवार को विभाग ने यह कार्रवाई की। श्री तिवारी ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि विभाग में भ्रष्ट आचरण और रिश्वतखोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विभाग में कामकाज पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ होना चाहिए। सेक्शन 7 के पदाधिकारी आशीष पर 115 याचिकाकताओं से ग्रेड पे का लाभ दिलाने के बदले प्रति व्यक्ति 2000 रुपए मांगने का आरोप है। कुल 2 लाख रुपए की मांग किए जाने की शिकायत सामने आई है। मामला बेगूसराय जिले के नवीन प्राथमिक विद्यालय, लखनपुर के विशिष्ट शिक्षक राजू कुमार की ओर से दर्ज कराए गए परिवाद से जुड़ा है। इस मामले में उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार विरमन तिथि से ग्रेड पे का लाभ देने से संबंधित काम होना था।

# अब 70 मीटर होगी फोर व सिक्स लेन हाई-स्पीड कॉरिडोर की चौड़ाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले कुछ समय से राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस-वे के निर्माण की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को लेकर आलोचना झेल रहे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सोमवार को कहा कि भविष्य में हाई स्पीड वाले नेशनल हाईवे की लेन कांफिग्रेशन को विस्तृत ट्रैफिक आकलन के आधार पर मानकीकृत (स्टैंडर्डाइज) किया जाएगा ताकि निर्बाध आवागमन को सुगम बनाया जा सके। इस संबंध में, प्राधिकरण ने हाई स्पीड वाले नेशनल हाईवे कारिडोर के डिजाइन और विकास के लिए नए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। फोर लेन वाले हाईवे और फोर लेन स्ट्रक्चर के साथ 15,000 वाहनों तक के ट्रैफिक प्रवाह वाले कारिडोर की चौड़ाई 60 मीटर होगी। इसी प्रकार, फोरलेन वाले हाईवे और सिक्स लेन स्ट्रक्चर के साथ 15,000 से 25,000 वाहनों के ट्रैफिक प्रवाह वाले कारिडोर की चौड़ाई 70 मीटर होगी।

**हाई-स्पीड हाईवे लेन कॉनफि गरेशन यातायात आकलन पर आधारित होगा**

### भ्रष्टाचार के आरोप में हेडमास्टर निलंबित

**पटना (एनएसबी)।** अवैध परीक्षा शुल्क वसूलने, चेतना सत्र में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के साथ अपमानजनक व्यवहार तथा भ्रष्टाचार के आरोपों में शिक्षा विभाग ने सोमवार को एक प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया। मामला संज्ञान में आने के बाद शिक्षा मंत्री श्री मिथिलेश तिवारी ने त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया था। निलंबित किए गए हेडमास्टर खुर्शीद हुसैन अंसारी सीवान के महाराजगंज स्थित प्रैक्टिकल उच्च विद्यालय, सिकटिया में कार्यरत थे। विभागीय जांच में प्रथम द्रष्टया आरोप सही पाए गए। निलंबन के बाद उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी शुरू की गई है। जांच के लिए पीएम पोषण योजना के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को संचालन पदाधिकारी तथा महाराजगंज के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी बनाया गया है। निलंबन अवधि में अंसारी का मुख्यालय प्रखंड संसाधन केंद्र, जीरादेई तय किया गया है। उनके खिलाफ आरोपपत्र अलग से गठित किया जाएगा।

# गिरफ्तारी की वजह नहीं बताई तो एक्शन गैरकानूनी कहलाएगा



**दोबारा पकड़ने से पहले मजिस्ट्रेट की मंजूरी जरूरी : सुप्रीम कोर्ट ने तय किए नियम**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करते समय उसे गिरफ्तारी की वजह लिखित में बताना जरूरी है। ऐसा नहीं करने पर गिरफ्तारी गैरकानूनी मानी जाएगी। कोर्ट ने कहा कि अगर ऐसी गिरफ्तारी के बाद व्यक्ति को रिहा कर दिया जाता है और जांच एजेंसी उसे दोबारा गिरफ्तार करना चाहती है, तो पुलिस सीधे उसे नहीं पकड़ सकती। इसके लिए पहले मजिस्ट्रेट से मंजूरी लेनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि पहली गिरफ्तारी में नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिस अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच होगी। दोबारा गिरफ्तारी की स्थिति में मामले की आगे की जांच किसी दूसरे अधिकारी को सौंपी जाएगी। कोर्ट ने ये टिप्पणियां शिरोमणि अकाली दल से जुड़े मुल्लांपुर दाखा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी जसरकरनजीत सिंह की अपील पर कीं। नाबालिग से यौन अपराध के आरोपों से जुड़े मामले में उनकी गिरफ्तारी की वजह लिखित में नहीं बताई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी को गैरकानूनी माना। सिंह ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, जिसमें स्थानीय अदालत के उनकी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताने और तत्काल रिहाई के आदेश पर रोक लगा दी गई थी।

# अभियान बसेरा : ऑनलाइन और पंचायत स्तर पर वासभूमि के लिए आवेदन

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** अभियान बसेरा के तहत वासभूमि के लिए आवेदन करने वाले भूमिहीन परिवारों को अब आवेदन जमा करने के लिए पटना आने की जरूरत नहीं होगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने लाभार्थियों की सुविधा के लिए बिहारभूमि पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था शुरू कर दी है। इसके साथ ही अब पंचायत स्तर पर भी आवेदन जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए पंचायत सरकार भवन में चार दिवसीय शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां इच्छुक लाभार्थी वासभूमि के लिए अपना आवेदन जमा कर सकेंगे।

मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि अभियान बसेरा के तहत वासभूमि के लिए आवेदन करने वाले भूमिहीन परिवारों की सुविधा विभाग की प्राथमिकता है। अब लाभार्थी अपने संबंधित अंचल कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं या ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पंचायत सरकार भवन में आयोजित चार दिवसीय शिविरों में भी आवेदन जमा करने की व्यवस्था की गई है। इससे लाभार्थियों को आवेदन के लिए अनावश्यक यात्रा नहीं करनी पड़ेगी।

**बिहारभूमि पोर्टल पर शुरू हुई ऑनलाइन सुविधा, आवेदन के लिए पटना आने की जरूरत नहीं**

**पंचायत सरकार भवन में चार दिवसीय शिविर, लाभार्थी पंचायत में भी जमा कर सकेंगे आवेदन**

**अंचल कार्यालय में आवेदन लेना और प्राप्ति रसीद देना अनिवार्य, लापरवाही पर अंचलाधिकारी की तय होगी जिम्मेदारी**

### पंचायत सरकार भवन में चार दिवसीय शिविर

अभियान बसेरा के तहत वासभूमिहीन लाभार्थियों की सुविधा के लिए पंचायत स्तर पर आवेदन जमा करने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए पंचायत सरकार भवन में चार दिवसीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक लाभार्थी अपने पंचायत में आयोजित शिविर में पहुंचकर वासभूमि के लिए आवेदन जमा कर सकते हैं। इससे उन्हें आवेदन जमा करने के लिए अंचल कार्यालय या पटना जाने की जरूरत नहीं होगी।


डा. दिलीप कुमार जायसवाल
राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री

### अंचल कार्यालय में आवेदन लेना और रसीद देना अनिवार्य

विभाग के सचिवी जय सिंह ने स्पष्ट किया है कि अभियान बसेरा के तहत वासभूमि के लिए आवेदन संबंधित अंचल कार्यालय में भी जमा किया जा सकता है। सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे आवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित करें और आवेदक को प्राप्ति रसीद अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। आवेदन जमा नहीं होने की स्थिति में संबंधित अंचलाधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। लाभार्थियों से अपील की गई है कि आवेदन जमा करते समय प्राप्ति रसीद अवश्य लें और उसे सुरक्षित रखें।

### पटना आने की जरूरत बताकर भ्रमित करने वालों पर होगी कार्रवाई

विभाग के संज्ञान में आया है कि कुछ संभावित वासभूमिहीन लाभार्थियों के बीच आवेदन जमा कराने के लिए पटना आने की जरूरत होने का भ्रम फैलाया जा रहा है। विभाग ने ऐसी जानकारी को भ्रामक बताते हुए लोगों से किसी के बहकावे में नहीं आने की अपील की है। मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने स्पष्ट किया कि लाभार्थियों को आवेदन के नाम पर पटना भेजकर भ्रमित करने वाले व्यक्ति या संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें और अभियान बसेरा के तहत वासभूमि के लिए आवेदन अपने पंचायत में आयोजित शिविर, संबंधित अंचल कार्यालय अथवा बिहारभूमि पोर्टल के माध्यम से जमा करें।

## जेल विजिटर की नियुक्ति में पारदर्शिता हो : बंदी अधिकार आंदोलन

**पटना / रोहतास (दैनिक नवसंदेश)।** बंदी अधिकार आंदोलन ने बिहार सरकार से मांग की है कि जेल विजिटर की नियुक्ति केवल औपचारिकता न बने, बल्कि ऐसे स्वतंत्र और संवेदनशील लोगों का चयन किया जाए जिन्हें मानवाधिकार, बंदी अधिकार, विधिक सहायता, सामाजिक कार्य तथा जेल सुधार का वास्तविक अनुभव हो। बंदी अधिकार आंदोलन के समन्वयक संतोष उपाध्याय ने कहा कि जेल में बंद व्यक्ति भी संविधान द्वारा प्रदत्त मानव गरिमा और मौलिक अधिकारों से वंचित नहीं होता। इसलिए जेल की निगरानी केवल जेल प्रशासन के भरोसे नहीं छोड़ी जा सकती। स्वतंत्र एवं प्रभावी व्यवस्था जेल सुधार की महत्वपूर्ण कड़ी है।

बंदी अधिकार आंदोलन ने मांग की है कि प्रत्येक जेल में नियुक्त गैर-सरकारी टपेपजवत का नाम, पद, मोबाइल नंबर और निरीक्षण का दिन प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित किया जाए, ताकि कोई बंदी अपनी समस्या स्वतंत्र रूप से पहुंचा सके।

## खबरें खास-खास

### बिहार में अराजक स्थिति उत्पन्न हो चुकी है : तेजस्वी


नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जमुई की कांड पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि बिहार में अराजक स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। बिहार में अब कहीं भी, कभी भी कोई छात्रा और महिला सुरक्षित नहीं है। गुंडे अपराधी अब दिन दहाड़े स्कूलों, कॉलेज और घरों में घुसकर अपराध कर रहे है। महिलाओं को 10 हजार रूपया नगद देकर और चुनाव बाद दो लाख रुपए और देने का देने का वादा करने वाले प्रधानमंत्री ऐसी घटनाओं पर मौनी बाबा बन चुके है। एनडीए सरकार में महिलाओं, छात्रों, गरीबों और दलितों पर अत्याचार में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। बिहार का खजाना लुटाकर तथा महिलाओं को 2 लाख रुपए देने का लालच देकर नीतीश कुमार तो चार महीने में ही अपना झोला-झंडा उठाकर चल दिए। विधानसभा चुनाव के अंतिम 35 दिनों में बिहार के खजाने से ही एक बीमार मुख्यमंत्री से 41 हजार करोड़ रुपए बंटवाकर तथा तंत्र व यंत्र से विजय हासिल कर घमंड में डूबे बीजेपी के दो शीर्ष नेता नौसिखिए हाथों में बिहार की बागडोर देकर, पता नहीं बिहार से किस जुर्म का बदला ले रहे है। बिहार के इस हालात के अकेले जिम्मेवार प्रधानमंत्री हैं।भाजपा और उनकी पिछलग्गु पार्टियों को ऐसी घटनाओं पर शर्म भी नहीं आती।

### राजद कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री जी की जयंती मनाई गई

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व. भोला पासवान शास्त्री की जयन्ती प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की अध्यक्षता में मनाई गई और नेताओं ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंगनी लाल मंडल ने कहा कि छात्र जीवन से ही शास्त्री जी ने असहयोग आन्दोलन में भाग लिया। ये दो बार जेल भी गये। शास्त्री जी घोर मानवतावादी थे और इनके इसी मानवीय गुण के कारण सभी वर्ग और लोगों के बीच इनकी लोकप्रियता रही। साथ ही सरल स्वभाव और बेसहारों के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने को ये तैयार रहते थे। इन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कभी सरकारी वाहन की सुविधा नहीं ली। इनके इसी जीवनशैली से लोकसेवकों को पेरणा देती है। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मो अली अशरफ फातमी, प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के नेता डा तनवीर हसन, एजाज अहमद, फराज फातमी ,फैयाज आलम कमाल, हरेंद्र कुमार कुशवाहा, मुकुंद सिंह, संजय यादव, आरजू खान, राजेश यादव, मोहिबुल हसन हीरा, अकलु राम, जावेद अहमद, गणेश कुमार यादव, ओम प्रकाश चौटाला, नीतू कुमारी, अशोक कुमार यादव, अक्की यादव, सुरेंद्र प्रसाद सिन्हा, दर्पण कुमार यादव, उपेंद्र कुमार राम, रंजीत कुमार राय, चंदेश्वर प्रसाद सिंह सहित सैंकड़ों की संख्या में नेताओं ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण करने श्रद्धांजलि अर्पित की।


बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व. भोला पासवान शास्त्री की जयन्ती प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की अध्यक्षता में मनाई गई

### जमुई जिला अंतर्गत सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मामले में की गयी कार्रवाई

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सोशल मीडिया के माध्यम से जमुई जिला अंतर्गत एक नाबालिग छात्रा एवं उसके मित्र के साथ छेड़खानी एवं अभद्र व्यवहार करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। बिहार पुलिस मुख्यालय के द्वारा मामले के संज्ञान में आते ही पुलिस उप महानिरीक्षक, मुंगेर क्षेत्र एवं पुलिस अधीक्षक जमुई को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही कमजोर वर्ग, अपराध अनुसंधान विभाग बिहार के द्वारा जांच एवं कार्रवाई हेतु एक टीम जमुई भेजा गया है। इस अत्यंत संवेदनशील मामले को संज्ञान में लेते हुए जमुई पुलिस द्वारा त्वरित कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई। इस संबंध में जमुई थाना कांड सं-428/26, दिनांक-21-09-2026, धारा-74/76/3(5) बीएनएस एवं 08/12 पक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। घटनाक्रम इस प्रकार है कि छात्रा पीड़िता जमुई स्कूल में पढ़ती है। ये दिनांक 19-09-2026 को संध्या करीब 06ः 25 बजे अपने एक मित्र के साथ घूमने के लिए स्कूटी से निकली थी। घूमने के क्रम में समय लगभग 06ः 45 बजे मड़वा-प्रतापपुर के पहाड़ी के पास फोटो खिंचवा रही थी । तभी अनुमानतः 7-8 लड़कों के द्वारा पीड़िता को अभ्रद बात बोलते हुए छेड़छाड़ की घटना कारित की गयी। पीड़िता द्वारा इस घटना की जानकारी घर में या अन्यत्र नहीं दिया गया। दिनांक-20-09-2026 की रात्रि में ये अपने परिजन को बतायी तथा दिनांक-21-09-2026 को पीड़िता के पिता के द्वारा थाने को लिखित आवेदन दिया गया। जमुई पुलिस के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जमुई दीप्ति मोनाली के नेतृत्व में एक विशेषैप्ज टीम गठित कर छापेमारी की जा रही है। त्वरित अनुसंधान से वायरल वीडियो में दिख रहे आरोपियों की पहचान कर ली गई है। 03 विधि-विरूद्ध बालक को निरूद्ध किया गया। अन्य आरोपियों के विरूद्ध गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है साथ ही वायरल वीडियो को टेक डाउन कराने की कार्रवाई की जा रही है। शीघ्र ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली जायेगी। सभी से अनुरोध है कि घटना से संबंधित वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर न करें। ऐसा करना दंडनीय अपराध है।

### मसौढ़ी मोड़ से जीरो माइल मार्ग पर रूट परिवर्तन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मसौढ़ी मोड़ से जीरो माइल तक सड़क निर्माण कार्य हेतु कल से आवागमन बाधित रहेगा। असुविधा से बचने के लिए पया निम्नलिखित वैकल्पिक मार्गो का उपयोग करें । वैकल्पिक मार्ग - पश्चिम की ओर जाने हेतु- मसौढ़ी मोड़ से लगभग 1 किलोमीटर आगे विजयनगर के पास यू टूर्न लेकर गांधी सेतु का प्रयोग कर सकते हैं। बायपास की ओर से आने वाले वाहन जीरो माइल फ्लाईओवर का उपयोग करें ताकि ट्रैफिक जाम और असुविधा से बचा जा सके।. निर्माण कार्य संवेदक के द्वारा 45 दिनों में पूर्ण किए जाने का आश्वासन दिया गया है । सुरक्षित यात्रा हेतु यातायात नियमों का पालन करें एवं पुलिसकर्मियों का सहयोग करें।

### प्रतियोगिता परीक्षा प्रशासनिक कारणों से स्थगित

पटना / एनएसबी। 04-10-2026 को आयोजित होने वाली परियोजना प्रबंधक (उद्योग विभाग, बिहार), विज्ञापन सख्या-109/2025 की प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा प्रशासनिक कारणों से स्थगित की जाती है। परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग के मुताबिक उक्त परीक्षा के आयोजन की नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

### कविवर गोपाल सिंह नेपाली को मरणोपरांत हाम्रो गौरव सम्मान



**नई दिल्ली, पटना (दैनिक नवसंदेश)।** 'नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में हाम्रो स्वाभिमान न्यास, हरिद्वार द्वारा आयोजित 'हरितालिका तीज महोत्सव - ' अत्यंत हर्ष और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर हिन्दी और नेपाली साहित्य के अमर स्वर, बहुमुखी प्रतिभा-संपन्न राष्ट्रकवि 'कविवर गोपाल सिंह नेपाली जी' को उनके साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय योगदान हेतु मरणोपरांत 'हाम्रो गौरव सम्मान-' से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान दिल्ली की मुख्यमंत्री 'श्रीमती रेखा गुप्ता', दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा, भारत में नेपाल के महामहिम राजदूत 'डा. शंकर प्रसाद शर्मा', योगऋषि 'स्वामी रामदेव' एवं आयुर्वेद शिरोमणि 'आचार्य बालकृष्ण' के कर-कमलों द्वारा कविवर नेपाली की सुपुत्री तथा शब्दयात्रा, भागलपुर की संरक्षिका 'श्रीमती कमला सिंह नेपाली उर्फ श्रीमती कमला कुंदर' को सादर प्रदान किया गया। सम्मान ग्रहण करते हुए श्रीमती कमला कुंदर जी ने कहा कि यह सम्मान केवल उनके पिता का नहीं, अपितु सम्पूर्ण भारतीय काव्य-परम्परा और भारत-नेपाल सांस्कृतिक मैत्री का सम्मान है। समारोह में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने कविवर नेपाली जी की कृतियों को राष्ट्रीय चेतना और मानवीय संवेदना का अमूल्य स्वर बताया।

## खबरें : एक नजर में

### वरिष्ठ पत्रकार देवब्रत मंडल के निधन पर विधानसभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने जताया शोक


बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार।

**गया / पटना (दैनिक नवसंदेश)।** वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े देवब्रत मंडल के निधन पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि देवब्रत मंडल के निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

डा. प्रेम कुमार ने कहा कि देवब्रत मंडल जी अपनी निष्पक्ष कलम, निर्भीक पत्रकारिता और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए सदैव याद किए जाएंगे। उन्होंने पत्रकारिता को केवल पेशे के रूप में नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और जनहित की आवाज के रूप में जिया है। उनकी लेखनी ने सदैव सच्चाई को सामने लाने तथा समाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि देवब्रत मंडल जी की कलम भले ही अब थम गई है, लेकिन उनकी निर्भीक पत्रकारिता और विचारों की विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान को लंबे समय तक स्मरण किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार, पत्रकारिता जगत के साथियों और सभी शुभचिंतकों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### देवब्रत मंडल को युवा समाजसेवी आकाश प्रियदर्शी ने दी श्रद्धांजलि

**गया जी (दैनिक नवसंदेश)।** गया शहर में अपने निष्पक्ष कलम और निर्भीक आवाज के लिए पहचाने जाने वाले देवब्रत मंडल ने पत्रकारिता को हमेशा जिम्मेदारी, ईमानदारी और जनसरोकार के साथ जिया है। उनकी लेखनी ने सच को सामने लाने का काम किया और उनकी आवाज ने समाज के मुद्दों को मजबूती से उठाया है । आकाश प्रियदर्शिनी ने कहा कि स्व देवब्रत मंडल आपकी कलम भले ही थम गई हो, लेकिन आपकी निर्भीक पत्रकारिता की विरासत हमेशा जीवित रहेगी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार एवं सभी शुभचिंतकों को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें । मैं आपको बेहद करीब से जानता था । आपका इस तरह दुनिया से चले जाना पूरे पत्रकारिता जगत को सूना कर गया है।


आकाश प्रियदर्शिनी।

### वरिष्ठ पत्रकार देववत मंडल जी के निधन पर जिला पदाधिकारी ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

**गया (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर ने गया जिले के वरिष्ठ पत्रकार देववत मंडल जी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। जिला पदाधिकारी ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक सक्रिय पत्रकार एवं समाजसेवी थे। उनके निधन से पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

### पितृपक्ष मेला क्षेत्र का नगर विकास मंत्री ने किया निरीक्षण, जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत

**गया जी (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार के नगर विकास मंत्री नितेश मिश्रा पितृपक्ष मेला क्षेत्र का निरीक्षण करने गया जी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। मंत्री के आगमन पर



जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद सह सशक्त स्थायी समिति सदस्य वार्ड संख्या-37, वार्ड पार्षद सारिका वर्मा,(वार्ड-52) समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। इस निरीक्षण के दौरान पितृपक्ष मेले को लेकर साफ-सफाई, नागरिक सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया गया है।

## नहीं रहे हिन्दी के चर्चित कवि-शायर आरपी घायल

### साहित्य-सम्मेलन में आयोजित हुई शोक-सभा, गुलबीघाट पर हुआ अग्नि-संस्कार

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** हिन्दी और उर्दू के काव्य-मंचों के अत्यंत लोकप्रिय शायर आरपी घायल नहीं रहे। शनिवार की संध्या नगर के एक अस्पताल में, उन्होंने वर्ष की आयु में अपना पार्थिव देह छोड़ दिया। वे अस्थमा से पीड़ित थे। उनके निधन से साहित्य जगत में गहरा शोक व्याप्त है।

उनके निधन की सूचना मिलते ही, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ सुख्यात कवि सदानन्द प्रसाद के साथ कवि के भूतनाथ रोड स्थित आवास पर पहुँचकर पुष्पांजलि अर्पित की तथा परिजनों को सांत्वना दी। रविवार की संध्या साढ़े बजे सम्मेलन-भवन में एक शोक-सभा भी आहूत हुई, जिसमें दो पल का मौन रख कर साहित्यकारों ने दिवंगत आत्मा की शांति और सद्गति की प्रार्थना की।


पुष्पांजलि अर्पित करते बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ।

अपने शोकोदगार में सम्मेलन अध्यक्ष ने कहा कि घायल जी एक जिन्दा और संवेदन-शील शायर थे। पूरे देश में उनकी ख्याति थी। मंचों से उन्हें सुनना एक सुखद अनुभूति हुआ करती थी। वे रिजर्व बैंक में सहायक महाप्रबंधक और राजभाषा अधिकारी तथा साहित्य सम्मेलन की कार्यसमिति के अत्यंत सक्रिए सदस्य थे। उनके निधन से साहित्य सम्मेलन और साहित्य-जगत की बड़ी क्षति पहुँची है।

शोक-सभा में सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा कल्याणी कुसुम सिंह, डा शंकर प्रसाद, भगवती प्रसाद द्विवेदी, डा रत्नेश्वर सिंह, बच्चा ठाकुर, सदानन्द प्रसाद, डा पुष्पा जमुआर, डा सुमेधा पाठक, शमा कौसर श्शमाश्, डा पूनम आनन्द, चित्तरंजन भारती, चंदा मिश्र, डा मनोज गोवर्धनपुरी, ईं अशोक कुमार, ब्रह्मानन्द पाण्डेय, सरिता कुमारी, रंजना सिंह, राजकांता राज, प्रवीर कुमार पंकज, डा शालिनी पाण्डेय, डा कुंदन लोहानी, इन्दु भूषण सहाय, सूर्य प्रकाश उपाध्याय आदि साहित्य-सेवियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

रविवार को ही दूसरे प्रहर गुल्बी घाट पर स्वर्गीय घायल के पार्थिव देह का अग्नि-संस्कार संपन्न हुआ। बड़े पुत्र संतोष प्रसाद ने मुखाग्नि दी। दिवंगत शायर अपने पीछे, कनिष्ठ पुत्र संजीव कुमार और पुत्रियों सविता, बबीता और कविता सहित नाती-पोतों का एक समृद्ध कुटुम्ब अपने पीछे छोड़ गए हैं।

## सत्तू और मखाने के उपयोग से बनाई ब्रिक्स लोगो की मधुबनी पेंटिंग, कला संस्कृति मंत्री को दी भेंट

### मधुबनी पेंटिंग की कलाकार विनीता झा और निशा झा ने बनाई अनोखी कृति

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार के पारंपरिक सत्तू और प्रसिद्ध मखाना का उपयोग कर मधुबनी पेंटिंग की कलाकार विनीत झा और निशा झा ने ब्रिक्स लोगो की अनोखी कृति बनाई है। इस अनोखी कृति को इन्होंने सोमवार को बिहार सरकार के कला संस्कृति मंत्री डा. प्रमोद कुमार को भेंट की।

भारत सरकार ने इस बार ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की वेलकम किट बिहार के पारंपरिक सत्तू और मखाना को शामिल किया था। यह क्षण सभी बिहार वासियों के लिए गौरव पूर्ण हो गया था।

बिहार की समृद्ध खाद्य परंपरा, स्थानीय उत्पादों और उद्यमिता के लिए बने इस गौरव के क्षण को मधुबनी पेंटिंग की विख्यात कलाकार विनीता झा और निशा झा ने एक कलाकृति के रूप में सहजने का प्रयास किया है। इन्होंने सत्तू और मखाना का उपयोग कर ब्रिक्स का आकर्षक लोगों तैयार किया।

उन्होंने कहा कि मधुबनी पेंटिंग भी बिहार की पहचान बन गई है, जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के सत्तू और मखाना को वैश्विक पहचान दिलाई है, हम इससे गौरवान्वित है और इस गौरव को मधुबनी पेंटिंग के रूप में संग्रहित करने का प्रयास किया है।

उन्होंने बताया कि इससे पूर्व उन्होंने राखी की मधुबनी पेंटिंग बनाई थी, जिसमे मखाना और रेशम के धागे का उपयोग किया गया था।

इस राखी को उन्होंने अयोध्या में श्री राम लला, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह , मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर जी को भेजा था।



सत्तू और मखाने के उपयोग से बनाई ब्रिक्स लोगों की मधुबनी पेंटिंग, कला संस्कृति मंत्री को दी भेंट।

## खुसरूपुर के प्रसिद्ध गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में भाजपा का स्वच्छता अभियान, विधायक डा. सियाराम सिंह ने लगाई झाड़ू

**खुसरूपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह उर्फ झुनझुन के नेतृत्व में सेवा के 25 वर्ष सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर स्वच्छता ही सेवा प्रायोजित कार्यक्रम के तहत राज्य के प्रसिद्ध गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाई गई। मौके पर भाजपा के बाढ़ विधान सभा के विधायक डाक्टर सियाराम सिंह ने शामिल होकर इस महती कार्यक्रम में अपना योगदान दिया। उन्होने ने मंदिर पहुंचकर सबसे पहले मंदिर के गर्भ गृह में जाकर दर्शन किया। क्षेत्र राज्य की सुख समृद्धि का कामना किया। विधायक एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर एवं बाहरी परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का महती संदेश दिया। भाजपा की ओर से यह कार्यक्रम 17 सितंबर विश्वकर्मा पूजा एवं प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर से इस स्वच्छता सेवा को एक पखवारे के रूप में संचालित किया गया जो लगातार चलाई जा रही है। खुसरूपुर में भी इसके माध्यम से स्वच्छता सेवा का स्वच्छ संदेश दिया गया। मौके पर ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष रणवीर सिंह, पुटू जी, पूर्व ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष नीलेश रंजन, अजय सिंह, मनोज यादव, दीपक कुमार लाल, नेपाली सिंह, सुनील कुमार,आशीष रंजन फिजियो एवं वरिष्ठ भाजपा नेता केशवकांत उर्फ लिट्टू जी शामिल थे।




## सिडनी में पार्रमट्टा सिटी के पूर्व मेयर समीर पांडेय से मिले डा. प्रेम कुमार, स्थानीय प्रशासन एवं जनसुविधाओं पर हुआ विचार-विमर्श

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सिडनी में अपने अध्ययन दौरे के क्रम में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने पार्रमट्टा सिटी के पूर्व मेयर एवं वर्तमान काउंसलर समीर पांडेय के कार्यालय पहुंचकर उनसे मुलाकात की।

इस अवसर पर डा. प्रेम कुमार ने पार्रमट्टा सिटी में स्थानीय शासन एवं प्रशासन की कार्यप्रणाली, नागरिक सुविधाओं तथा शहर में उपलब्ध विभिन्न जनोपयोगी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

श्री समीर पांडेय ने स्थानीय निकाय के स्तर पर संचालित व्यवस्थाओं तथा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में उन्हें विस्तार से जानकारी दी।

मुलाकात के दौरान स्थानीय प्रशासन में जनप्रतिनिधियों की भूमिका, नागरिक सहभागिता, शहरी सुविधाओं के प्रबंधन तथा विकास कार्यो से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ।


सिडनी में पार्रमट्टा सिटी के पूर्व मेयर समीर पांडेय से मिले डा. प्रेम कुमार, स्थानीय प्रशासन एवं जनसुविधाओं पर हुआ विचार-विमर्श।

इस अवसर पर अस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीय समुदाय, विशेषकर बिहार के लोगों से जुड़े सामाजिक एवं सामुदायिक विषयों पर भी चर्चा हुई।

## खुसरूपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाईः पोक्सो एक्ट आरोपी समेत 12 गिरफ्तार, प्राथमिकी अभियुक्त व वारंटी धरे गए

**खुसरूपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)।** खुसरूपुर थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 12 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार लोगों में प्राथमिकी अभियुक्तों के साथ कई वारंटी भी शामिल हैं। इनमें बिधाता पासवान, धर्मेंद्र पासवान, राजीव पासवान, सोनेलाल पासवान, करण पासवान और राजेश पासवान शामिल हैं। इसके अलावा वारंटी अभियुक्त बिंजू सिंह, समीर उर्फ बिट्टू कुमार, मसूदन सिंह, राकेश सिंह, गुड्डु कुमार और राजेश कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में एक पोक्सो एक्ट के मामले का आरोपी भी है। खुसरूपुर थाना अध्यक्ष रोशन कुमार ने बताया कि सभी आरोपितों की गिरफ्तारी अलग-अलग स्थानों से की गई। गिरफ्तार आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ईज ऑफ लिविंग के तहत जिला जनता दरबार में 42 से अधिक आवेदकों की सुनी गई

**समस्याएँ, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी, भोजपुर, मनेश कुमार मीणा द्वारा आज ईज ऑफ लिविंग के तहत आयोजित जिला जनता दरबार में 42 से अधिक आवेदकों की समस्याएँ सुनी गईं। जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व एवं भूमि सुधार, आपदा प्रबंधन, स्थापना (सेवांत लाभ), एवं अन्य संबंधित मामले शामिल थे। जिला पदाधिकारी महोदय ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को मामलों की जाँच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा। जिला पदाधिकारी महोदय ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को लोगों की समस्याओं पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा में मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### अल्जाइमर दिवस पर मनोविज्ञान विभाग में विशेष व्याख्यान का आयोजन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** वीर कुँवर सिंह विवि के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग द्वारा सोमवार को विश्व अल्जाइमर दिवस के अवसर पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सत्य गोपाल ने 'अल्जाइमरः वृद्धावस्था की समस्या एवं समाधान' विषय पर विचार रखे, उन्होंने अल्जाइमर रोग के लक्षणों, वृद्धजनों के समक्ष आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान के उपायों पर प्रकाश डाला। व्याख्यान के बाद संवाद सत्र हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछे और उन्हें मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम विभागाध्यक्ष प्रो. यशवंत कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। संचालन डॉ. वाचस्पति दुबे ने किया। अवसर पर विभाग की प्रो. संगीता सिन्हा, डॉ. प्रियंका पाठक, डॉ. कुमारी प्रीतिका, समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. अवध बिहारी सिंह, महाराजा कॉलेज से प्रो. ओम प्रकाश केशरी, डॉ. रामेंद्र कुमार सिंह और डॉ. रामेंद्र सिंह, जगजीवन कॉलेज से चंदन कुमार, अर्थशास्त्र विभाग से डॉ. शशि भूषण रॉय, इंग्लिश विभाग से आनंद भूषण पाण्डेय उपस्थित थे। इस मौके पर अभिषेक, संतोष के साथ कई शोधार्थी और बड़ी संख्या में स्नातकोत्तर के विद्यार्थी उपस्थित रहें।



### आवास प्लस सूची के लाभुकों का ग्रामसभा से हुआ अनुमोदन

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास प्लस सर्वे-2024 में शामिल किए गए लाभुकों के नामों के अनुमोदन के लिए प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में आवास प्लस की सूची में शामिल लाभुकों के नामों का पंचायत स्तर पर सत्यापन के बाद अनुमोदन किया गया। प्रखंड की हरिहरपुर, करजा, बरिसवन, सेमरिया, गौरा, दामोदरपुर, देवमलपुर-बहुदरी एवं भरौली पंचायतों में ग्रामसभा के माध्यम से सूचीबद्ध लाभुकों के नामों का अनुमोदन किया गया। इसकी जानकारी बीडीओ शत्रुंजय कुमार सिंह ने दी। ग्रामसभा के दौरान पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य (बीडीसी), पंचायत सचिव एवं राजस्व कर्मचारी सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे। अनुमोदन के बाद पात्र लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास का लाभ मिलने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

### चांदी में शराब के नशे में छह गिरफ्तार-जेल

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के चांदी थाने की पुलिस ने शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों से छह लोगों को शराब के नशे में गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुनीत कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में फरहंगपुर निवासी रमेश कुमार, पिता स्वर्गीय लक्ष्मण राम, जितेंद्र कुमार, पिता स्वर्गीय राम भजन राम, अमावस कुमार, पिता कृष्णा राम, श्याम बाबू राम, पिता स्वर्गीय बबन राम और कल्लू कुमार, पिता भुवर शामिल हैं। वहीं, चांदी गांव निवासी कमलेश राय, पिता बटन राय को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार सभी छह लोगों को अलग-अलग स्थानों से पकड़ा गया। गिरफ्तारी के बाद ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई, जिसमें सभी के शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम 2022 के तहत मामला दर्ज किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद सभी छह गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने कहा कि शराब के सेवन और अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।



### विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान तोड़ा दम**

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** चांदी थाना क्षेत्र के नरही गांव में रविवार की रात विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतक चांदी थाना क्षेत्र के नरही गांव निवासी मनीष कुमार सिंह का 25 वर्षीय पुत्र अनुराग कुमार है। वह बी.ए. का छात्र था एवं कंपटीशन की तैयारी करता था। इधर, दूरभाष पर मृतक के परिजन ने बताया कि रविवार की रात वह बाजार से घर वापस लौट रहा था। इसी बीच वह रास्ते में टूट कर गिरे विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। आनन-फानन इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। तब पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में मां बच्ची देवी एवं एक छोटा भाई अनुपम कुमार है।



### हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** धनगाई थाना पुलिस द्वारा हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के मिठहां गांव से रविवार को हुई। वह धनगाई थाना क्षेत्र के मिठहां गांव निवासी स्व. रबड़ राम का पुत्र लालबाबू राम है। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। बता दें कि बीते 18 सितंबर की रात ओझा-गुणी करने का आरोप लगाकर थाना क्षेत्र के मिठहां गांव निवासी स्व. रबड़ राम के पुत्र हीरालाल राम को उनके ही छोटे भाई के द्वारा लाठी-डंडों से पीट-पीटकर जख्मी कर दिया गया था। शुक्रवार की सुबह उनकी मौत हो गई थी। इस संबंध में मृतक के पुत्र अजय राम के द्वारा उनके छोटे भाई लालबाबू राम के खिलाफ ओझा-गुणी करने का झूठा आरोप लगा कर अपने पिता की हत्या करने आरोप लगा नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### फायरिंग मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** अजीमाबाद थाना पुलिस द्वारा फायरिंग मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के डीहरा गांव से की गयी। वह अजीमाबाद थाना क्षेत्र के डीहरा गांव निवासी कमलेश सिंह का पुत्र दीपक कुमार है। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। बता दें कि बीते 23 अगस्त की रात अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव का निवासी दूधेश्वर सिंह के पुत्र राजू सिंह जब अपने घर पर थे। उसी दौरान दीपक कुमार अपने अन्य लोगों के साथ उनके घर में घुस कर गाली-गलौज करते हुए फायरिंग कर दी थी। हालांकि उस दौरान किसी प्रकार की कोई हताहत नहीं हुआ। इस संबंध में राजू सिंह के द्वारा दीपक कुमार सहित अन्य लोगों के खिलाफ घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# सरेशाम युवक की गोली मारकर हत्या, सनसनी

**इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में तोड़ा दम ● हत्या का कारण स्पष्ट नहीं, मामले की जांच में जुटी पुलिस ● उदवंतनगर थाना क्षेत्र के नीमा गांव में सोमवार की शाम घटी घटना**

**आरा/उदवंतनगर (दैनिक नवसंदेश)।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के नीमा गांव में सोमवार की शाम हथियारबंद बदमाश ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक को काफी करीब से सीने के बीचो-बीच गोली मारी गई है। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर गांव एवं आसपास की इलाके में सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के नीमा गांव निवासी धनंजय सिंह उर्फ संतोष सिंह का 22 वर्षीय पुत्र शत्रुघन कुमार है। वह बी.ए. का छात्र है। इधर, मृतक के दादा कृष्ण सिंह ने बताया कि उनके घर के बाहर दरवाजे के पास ही नहर है। सोमवार की शाम जब उनका पोता शत्रुघ्न कुमार नहर स्थित पुल के पास खड़ा था। तभी दो युवक वहां आ धमके। इसके बाद उनके बीच कुछ बात हुई।



उसके बाद एक युवक द्वारा उनके पोते को गोली मार दी गई। गोली की आवाज सुनकर जब परिजन घर से बाहर निकले तो वह दोनों वहां से भाग निकले। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए शहर के धनुपरा स्थित निजी अस्पताल से सदर अस्पताल ले आये। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया वहीं दूसरी ओर मृतक के दादा कृष्ण सिंह ने बताया कि उनके पोते से उक्त युवक का क्या विवाद था? यह उन्हें नहीं मालूम। उन्होंने जयनगर निवासी विशाल नामक युवक पर अपने पोते शत्रुघ्न कुमार की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि मृतक अपने मां-बाप का इकलौती संतान था। उसके परिवार में मां सुमित्रा देवी, पत्नी रुंगटा कुमारी व एक पुत्री रूही एवं 20 दिन का दुधमुंहा पुत्र है। उसकी मां सुमित्रा देवी, पत्नी रुंगटा कुमारी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## अपने के खोने का दर्द शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता : सुरेन्द्र

**मोहन सिंह की पुण्यतिथि पर लोगो ने अर्पित किया श्रद्धासुमन**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के करमन टोला रोड स्थित एस.एन. मेमोरियल स्कूल रोड स्थित आवास में रविवार को स्वर्गीय राधेश्याम सिंह उर्फ मोहन सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान परिजनों, शुभचिंतकों एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने स्व. मोहन सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी स्मृतियों को नमन किया। सभा में कुंवर सेना के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भी शामिल हुए, उन्होंने कहा कि स्व. मोहन सिंह सरल, सहज, मिलनसार और सामाजिक सरोकारों से जुड़े व्यक्तित्व थे। उनके साथ जुड़े लोगों के बीच उनकी स्मृतियां हमेशा जीवित रहेंगी। श्री सिंह ने कहा कि किसी अपने को खोने का दर्द शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। पुण्यतिथि केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि दिवंगत व्यक्ति के व्यक्तित्व और उनके जीवन-मूल्यों को याद करने का भी दिन है। पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार से अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया था। रविवार को श्रद्धा सुमन एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर जन्मेजय सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, रिंकू सिंह सहित समस्त सिंह परिवार के सदस्यों ने आगंतुकों का स्वागत किया।



## 'स्वच्छता ही सेवा 2026' के तहत श्रमदान एवं स्वच्छता संवाद कार्यक्रम आयोजित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** ह्यस्वच्छता ही सेवा 2026ह्व अभियान के अंतर्गत जिला गंगा समिति, भोजपुर के तत्वावधान में महाराजा महाविद्यालय, आरा में स्वच्छता श्रमदान एवं स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता श्रमदान किया। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई तथा स्वच्छता के महत्व को समझते हुए परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान युवाओं से स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में जिला परियोजना पदाधिकारी, नमामि गंगे, जिला समन्वयक, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, भोजपुर, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, एनएसएस स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व एवं संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अंकित ओझा द्वारा किया गया। मौके पर बिट्टू कुमार, सुमन कुमार, अमन कुमार, सुधांशु कुमार, दीपक कुमार, बादल कुमार, नीतीश कुमार, श्रेया सोनी, मुस्कान कुमारी, साक्षी कुमारी एवं प्रिया कुमारी आदि थे।

## न्यू कैंपस में भोजपुर जिला स्तरीय इंटर स्कूल प्रतियोगिता का समापन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के जीयर माइल स्थित न्यू कैंपस में रविवार को भोजपुर जिला स्तरीय इंटर स्कूल प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन समारोह में वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता, मंटू सिंह समेत विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधि एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे। समारोह में पूर्व जिला पार्षद डॉ. जितेंद्र शुक्ला, पूर्व सैनिक सदरपुरा उदय कुमार तिवारी, सुबोध कुमार हलचल, डब्लू सिंह, अवध बिहारी शुक्ला, लाल बहादुर लाल, रूपेश पांडेय, सत्येंद्र कुमार, उदय सिंह, मुकेश कुमार, मेघा कुमारी, पंकज, कृष्णा सिंह, गोवर्धन शुक्ला, बड़की पापड़ी मंटू सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान प्रतियोगिता के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वॉलीबाल संघ के सचिव अंगद शुक्ला के नेतृत्व में कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रतियोगिता में अंडर-17 बालक वर्ग में केंद्रीय विद्यालय ने विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि पारस स्कूल उपविजेता रहा। वहीं बालिका वर्ग में केंद्रीय विद्यालय विजेता रहा। अंडर-14 बालक वर्ग में केंद्रीय विद्यालय विजेता तथा केंद्रीय विद्यालय डीएवी स्कूल उपविजेता रहा। बालिका वर्ग में ज्ञान भारती स्कूल विजेता रहा, जबकि केंद्रीय विद्यालय उपविजेता रहा। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। आयोजन का उद्देश्य स्कूली स्तर पर विद्यार्थियों में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देना और उन्हें प्रतियोगितात्मक मंच उपलब्ध कराना रहा।



### झाड़-फूंक के चक्कर में चली गई महिला की जान

**विषैले सांप के डंसने से महिला की मौत, घर में मचा कोहराम**

**आरा/बिहियॉं (दैनिक नवसंदेश)।** बिहिया थाना क्षेत्र महुआंव गांव में रविवार को विषैले सांप के डंसने से एक महिला की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। झाड़-फूंक के चक्कर में महिला की जान चली गई। मृतका बिहिया थाना क्षेत्र के महुआंव गांव निवासी रामबाबू यादव की 34 वर्षीया पत्नी सुनीता देवी है। इधर, मृतका के बेटे रोहित कुमार ने बताया कि वह रविवार को शौच करने के लिए नहर के किनारे गई थी। उसी बीच विषैले सांप ने उसे डंस लिया। परिजन उसे खोजने के लिए नहर की ओर गए। जहां उन्होंने देखा कि वह बेहोशी हालत में वहां गिरी पड़ी है। परिजन पहले उसे झाड़-फूंक कराने के लिए उसे बक्सर जिले के कंज्या बाबा के पास ले गए। वहां भी रविवार के शाम तक झाड़-फूंक कराने के बाद जब उसकी हालत में कोई सुधार नही हुआ, तब परिजन रविवार की देर शाम उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आए।

## मुआवजे की मांग को लेकर भाकपा माले का कोईलवर में धरना

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ से प्रभावित लोगों और किसानों को क्षतिपूर्ति एवं मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को भाकपा माले कार्यकताओं ने कोईलवर प्रखंड मुख्यालय पर धरना दिया। इस दौरान कार्यकताओं ने प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ से हुई क्षति का तत्काल सर्वे कराकर पीड़ित परिवारों और किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की। धरने को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि बाढ़ से बड़ी संख्या में गरीब परिवारों, किसानों और बटाईदारों को नुकसान हुआ है। सरकार बाढ़ पीड़ित सभी गरीब परिवारों को एक क्विंटल अनाज और दस हजार रुपये नकद सहायता दे। वहीं, राहत सूची से वंचित लोगों के नाम शामिल करने तथा बटाईदार किसानों को प्रति एकड़ 25 हजार रुपये फसल क्षति मुआवजा देने की मांग की गई। नेताओं ने बाढ़ में मृत लोगों के आश्रितों को दस लाख रुपये मुआवजा देने, क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत कराने तथा ज्ञानपुर में बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क व पुल की तत्काल मरम्मत कराने की मांग रखी। इसके अलावा नगर पंचायत कोईलवर के वार्ड नंबर 14 में रेलवे की जमीन पर वर्षों से बसे भूमिहीन गरीब परिवारों को जमीन उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। धरने में प्रखंड सचिव विष्णु ठाकुर, बड़हरा विधानसभा प्रभारी नंदजी, आरवाईए जिलाध्यक्ष विशाल कुमार, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## गिरफ्तार तस्करों ने खोला हेरोइन-गांजा सप्लायरों का राज

**हेरोइन-गांजा सप्लाई करने वाले चार लोगों की तलाश में छापेमारी**

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** स्थानीय पुलिस द्वारा हेरोइन व गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार छह आरोपियों से पूछताछ में मादक पदार्थों की आपूर्ति के स्रोत का पता चला है। पुलिस की ओर से दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के बयान के आधार पर चार अन्य लोगों को भी मामले में आरोपित किया गया है। इस प्रकार इस मामले में कुल दस लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपित किए गए चारों लोग गिरफ्तार आरोपियों को हेरोइन और गांजा की आपूर्ति करते थे। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि बक्सर जिले के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी मोसमती देवी और रवि कुमार से हेरोइन खरीदकर लाते थे। वहीं, संदेश थाना क्षेत्र के गुलजार गांव निवासी विकास कुमार से भी हेरोइन की खरीदारी किए जाने की बात सामने आई है। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया कि गांजा की खरीदारी शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी एक व्यक्ति से की जाती थी। जिसे प्राथमिकी में ह्यगुप्ता जीह्व के नाम से बताया गया है। पुलिस ने चारों कथित सप्लायरों को मामले में आरोपित करते हुए उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ और जांच के आधार पर मादक पदार्थों की आपूर्ति से जुड़े नेटवर्क के अन्य लोगों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। विदित हो कि रविवार के दिन एसडीपीओ राहुल कुमार के नेतृत्व में थानाध्यक्ष संतोष सिंह द्वारा शाहपुर में कई स्थानों पर छापेमारी कर भारी संख्या में हेरोइन व गांजा की बरामदगी की गई थी। साथ ही छह तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया था।

### चारा लाने गए अधेड़ की पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कौशिक दुलारपुर गांव में सोमवार की दोपहर चारा लाने गए अधेड़ की पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कौशिक दुलारपुर गांव निवासी स्व. राम प्रसाद राय के 45 वर्षीय पुत्र सुशील कुमार यादव है। वह पेशे से किसान थे। इधर, मृतक के बेटे कुलदीप कुमार ने बताया कि सोमवार की दोपहर उसके पिता मवेशी के लिए चारा लेकर खेत से वापस घर लौट रहे थे। उसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह उसी बाढ़ के पानी भरे गड्ढे में गिरकर डूब गए। करीब आधे घंटे बाद वहां से गुजर रहे व्यक्ति द्वारा सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे। स्थानीय ग्रामीण के सहयोग से उन्हें पानी से बाहर निकाला गया और सदर अस्पताल ले आए। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जाता है कि मृतक अपने छह भाई व दो बहन में तीसरे स्थान पर थे, उनके परिवार में पत्नी ज्ञानती देवी, दो पुत्री नीतू कुमारी, नमिता कुमारी व दो पुत्र कुलदीप कुमार एवं संदीप कुमार है।

## जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह के मनोनयन पर बधाई

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) भोजपुर के जिलाध्यक्ष के रूप में श्री अजय कुमार सिंह उर्फ भीम सिंह पटेल के मनोनयन पर जदयू नेताओं एवं कार्यकताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश कुशवाहा द्वारा उन्हें भोजपुर जिलाध्यक्ष की नई जिम्मेदारी दिए जाने के बाद कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर जदयू नेताओं एवं कार्यकताओं ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर श्री भीम सिंह पटेल का अभिनंदन किया तथा उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। वहीं श्री भीम सिंह पटेल ने सभी नेताओं एवं कार्यकताओं के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा सभी कार्यकताओं को साथ लेकर चलने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने इस नई जिम्मेदारी के लिए जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद श्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा जी, माननीय मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा, विधान परिषद सदस्य संजय गांधी, संदेश विधायक राधाचरण सेठ जी, पूर्व विधायक श्री प्रभुनाथ राम जी, रमाकांत ठाकुर जी एवं पूर्व विधान पार्षद डॉ. अजय सिंह जी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। पटेल ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के मार्गदर्शन में भोजपुर में संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं जनोन्मुख बनाने के लिए सभी कार्यकताओं के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा। इस अवसर जदयू नेता शंभू सोनी, ददन राम, उमेश कुशवाहा, अवधेश राम, मनोज कुमार झमन प्रियांशु कुशवाहा, संजय चैधरी, रिंकू चैधरी, शंभूनाथ सिंह, कृष्ण तिवारी, अंकुर कुशवाहा, कुंदन शर्मा, अरमान खाना, अमित कुशवाहा सहित अन्य नेता उपस्थित रहे।



### सवारियों से भरी ऑटो अनियंत्रित होकर पलटी, तीन जख्मी

**सिकरहटा थाना क्षेत्र के देवचंदा गांव के समीप सोमवार के सुबह की घटना**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के सिकरहटा थाना क्षेत्र के देवचंदा गांव के समीप सोमवार की सुबह सवारियों से भरी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ऑटो पर सवार एक अधेड़ गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जबकि दो लोग आंशिक रूप से जख्मी हो गए। जख्मी अधेड़ को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से उन्हें पटना रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में तरारी थाना क्षेत्र के बड़का गांव निवासी हलकोरी साव के 50 वर्षीय पुत्र मुन्ना साव है। इधर, जख्मी के स्वजन ने बताया कि वह सोमवार की सुबह गांव से ऑटो द्वारा पीरो जा रहे थे। उसी बीच दौरान देवचंदा गांव के समीप उनकी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई।

# गणपति बप्पा को छप्पन भोग कल अंतिम चरण में उमड़ रही भीड़

■ आस्था के रंग में रंगाया वनदेवीनगर



पुजा अर्चना करते श्रद्धालु।

**दरभंगा/बिरौल(एनएसबी)।** सुपौल बाजार कॉलेज रोड स्थित वनदेवी नगर आयोजित दस दिवसीय गणेश पूजा का सातवें दिन सोमवार को लोगों का भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा पंडाल मे पहुंचे अभिषेक आनंद ने बताया कि यहां का वातावरण आस्था और अध्यात्म के रंग में सराबोर है। लोगों ने बताया कि यहां अध्यात्म और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। प्रत्येक वर्ष काफी आस्था और धूमधाम से गणपति पूजा होती है।सप्तमी के अवसर पर मुख्य पंडित व ज्योतिषाचार्य श्री राज नारायण झा जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजा-अर्चना किया।

उन्होंने बताया कि श्रद्धापूर्वक भगवान गणेश का स्मरण और पूजन करने से भक्तों को मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। राज नारायण जी ने बताया कि कि 23 को गणपति बप्पा को छप्पन भोग लगाया जाएगा और 24 को प्रतिमा विसर्जन के साथ इस भक्तिमय आयोजन समापन होगा। पूजा कमीटी अध्यक्ष विनोद बंपर ने बताया कि काफी शांतिपूर्ण माहौल मे पूजा मेला अपने अंतिम चरण मे है। अष्टमी, नौवीं और दसवीं के दिन भीड़ जुटने की संभावना को देखते हुए यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वनदेवी नगर में हर साल गणेश पूजा का आयोजन अत्यंत भव्य और सुंदर तरीके से पूरे विधि-विधान के साथ किया जाता है, जो यहां के लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होता है।

# स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने के लिए हुआ मंथन

## निर्यात सुविधाओं के विस्तार एवं निर्यात अवसंरचना विकसित करने पर हुई विस्तृत चर्चा



बैठक में भाग लेते पदाधिकारी व अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** उप विकास आयुक्त, दरभंगा श्री स्वप्निल की अध्यक्षता में एनआईसी जिला निर्यात संवर्धन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के स्थानीय एवं विशिष्ट उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने, निर्यात की संभावनाओं को बढ़ावा देने तथा निर्यातकों, किसानों, कारीगरों एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में डीजीएफटी, कोलकाता के डायरेक्टर एवं डिप्टी डायरेक्टर, एपीडा पटना के प्रभारी अधिकारी, ईपीसीएच से राहुल रंजन, एमएसएमई डीएफओ मुजफ्फरपुर के प्रतिनिधि, डाक अधीक्षक दरभंगा, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र,दरभंगा तथा चैंबर ऑफ कॉमर्स, दरभंगा के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में जिले में निर्यात सुविधा केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। प्रस्तावित सुविधा केंद्र के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के परीक्षण, प्रमाणीकरण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार से संपर्क स्थापित करने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किए जाने पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध होने से स्थानीय उत्पादकों, कारीगरों, किसानों एवं एमएसएमई इकाइयों को निर्यात प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न आवश्यकताओं को एक ही स्थान पर समझने एवं पूरा करने में सुविधा मिल सकेगी। बैठक में जिला निर्यात कार्य योजना के अंतर्गत जिले के प्रमुख स्थानीय एवं विशिष्ट उत्पादों को शामिल करने के संबंध में भी चर्चा की गई। विशेष रूप से मखाना, मिथिला पेंटिंग, सिक्की आर्ट एवं अन्य स्थानीय जीआई उत्पादों की निर्यात संभावनाओं पर विचार किया गया।इन उत्पादों को कार्य योजना में प्राथमिकता देने के लिए आवश्यक सत्यापन एवं पुष्टि की प्रक्रिया पर भी चर्चा की गई, ताकि जिले के विशिष्ट उत्पादों की पहचान कर उन्हें व्यवस्थित रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया जा सके।स्थानीय कारीगरों, किसानों एवं एमएसएमई इकाइयों को अंतरराष्ट्रीय बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के लिए गुणवत्ता एवं क्षमता विकास से संबंधित संभावित हस्तक्षेपों पर भी चर्चा की गई। बैठक में निर्यात संवर्धन मिशन के अंतर्गत स्थानीय उत्पादकों को अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों, आवश्यक प्रमाणन, आधुनिक एवं आकर्षक पैकेजिंग, ब्रांडिंग तथा विदेशी खरीदारों तक पहुंच उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर विचार किया गया। बैठक में जिले से निर्यात को सुगम बनाने के लिए निर्यात अवसंरचना के विकास पर भी विस्तार से चर्चा की गई। स्थानीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों तथा किसानों के उत्पादों की देश एवं विदेश के बाजारों तक सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दरभंगा हवाई अड्डा पर प्रस्तावित निर्यात संवर्धन पार्क एवं एयर कार्गो के माध्यम से निर्यात की संभावनाओं का मूल्यांकन किया गया। अधिकारियों द्वारा एयर कार्गो आधारित निर्यात के लिए आवश्यक सुविधाओं, लॉजिस्टिक व्यवस्था तथा उत्पादों के त्वरित परिवहन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक कार्य बिंदुओं के निर्धारण पर विचार किया गया। जिले के पारंपरिक, कृषि आधारित एवं विशिष्ट उत्पादों को उचित गुणवत्ता, पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं विपणन सहयोग प्रदान कर अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ा जा सकता है। इसके लिए संबंधित विभागों एवं संस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित करते हुए निर्यात क्षमता को विकसित करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई किए जाने पर बल दिया गया। उप विकास आयुक्त श्री स्वप्निल ने संबंधित अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों से आपसी समन्वय के साथ प्रस्तावित कार्यों को आगे बढ़ाने तथा जिले के स्थानीय उत्पादों की निर्यात क्षमता का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक पहल करने को कहा।

## दिव्यांग बच्चों का शिविर आयोजित

**बेनीपुर(एनएसबी)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय बहेरा परिसर में सोमवार, 21 सितंबर 2026 को दिव्यांग बच्चों के प्रमाणीकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बेनिपुर और अलीनगर प्रखंड क्षेत्र के 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की जांच एवं प्रमाणीकण किया गया।शिविर में सिविल सर्जन कार्यालय, दरभंगा से आए डॉ. कृति रंजन (फिजिशियन), डॉ. राजेश कुमार तथा डॉ. प्रिंस कुमार (ईएनटी) ने बच्चों की जांच की। कुल 106 दिव्यांग बच्चे शिविर में उपस्थित हुए, जिनमें 42 बच्चों का दिव्यांगता प्रमाणपत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए पंजीकरण किया गया।जांच के दौरान व्हीलचेयर के लिए 8, ट्राईसाइकिल के लिए 3, मानसिक दिव्यांगता किट के लिए 7, ब्रेल किट के लिए 2 तथा श्रवण यंत्र के लिए 18 बच्चों को चिह्नित किया गया। इस कार्य में प्रधानाध्यापक राममूर्ति पासवान, सुमन कुमार चौधरी, शशि कुमार मिश्रा, फिजियोथेरेपिस्ट कुमारी प्रियंका रानी, ऑडियोलॉजिस्ट अवधेश कुमार शर्मा और मयंक सुधा ने सहयोग किया।आयोजकों ने बताया कि दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### किसान काउंसिल का 38वां संयुक्त सम्मेलन संपन्न



सम्मेलन मे भाग लेते लोग।

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बेनीपुर अनुमंडल के कपूर्री भवन प्रांगण में बिहार राज्य किसान सभा से संबद्ध बेनीपुर एवं अलीनगर किसान काउंसिल का 38वां संयुक्त सम्मेलन संयुक्त अध्यक्ष मंडली में संपन्न हुआ। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामानुज यादव ने झंडोत्तोलन किया। शहीद किसानों को श्रद्धांजलि के बाद सम्मेलन की कार्यवाही शुरू हुई।उद्घाटन करते हुए राज्य संयुक्त सचिव कॉ. श्याम भारती ने कहा कि मोदी सरकार पीछे के दरवाजे से काले कृषि कानूनों को लागू कर कॉरपोरेट राज स्थापित करना चाहती है। बिहार में एक्सप्रेस-वे व सैटेलाइट सिटी के नाम पर किसानों की जमीन का जबरन अधिग्रहण हो रहा है। उन्होंने घोषणा की कि जमीन के मुद्दे पर 30 सितंबर को दरभंगा पोलो मैदान में राज्यव्यापी भूमि अधिकार सम्मेलन होगा, जिसका उद्घाटन कॉ. अशोक ढवले करेंगे। वक्ताओं ने दरभंगा को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने और भूमिहीनों को जमीन का पर्चा देने की मांग की।

### कुर्सो में फिर जीवंत हुई रामलीला की परंपरा



रामलीला में भाग लेता कलाकार।

**तारडीह (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के कुर्सो नदियामी गांव में प्राचीन काल से चली आ रही रामलीला की परंपरा एक बार फिर जीवंत हो उठी है। मिथिला क्षेत्र में धीरे-धीरे विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी रामलीला का आयोजन 17 सितंबर से कुर्सो नदियामी गांव के मिडिल प्वाइंट पर भाजपा नेता लालकांत झा के घर के समीप किया जा रहा है।रामलीला का मंचन प्रतिदिन शाम 7:30 बजे शुरू होता है और रात करीब 11:30 बजे तक चलता है। भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्श, मयार्दा और धर्म से जुड़े प्रसंगों का मंचन देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे हैं। खासकर सनातन संस्कृति और परंपराओं में आस्था रखने वाले लोग रामलीला देखने को लेकर उत्साहित हैं।ग्रामीणों का कहना है कि आधुनिक मनोरंजन के दौर में पारंपरिक रामलीला जैसे सांस्कृतिक आयोजन कम होते जा रहे हैं। ऐसे में कुर्सो नदियामी में रामलीला का आयोजन नई पीढ़ी को अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का माध्यम बन रहा है। आयोजन स्थल पर देर रात तक दर्शकों की मौजूदगी बनी रहती है।ग्रामीणों ने कहा कि मिथिला की लोक एवं धार्मिक परंपराओं में रामलीला का विशेष महत्व रहा है। इस तरह के आयोजन को नियमित रूप से जारी रखने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने की जरूरत है, ताकि सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत विलुप्त होने से बच सके।

### युग परिवर्तन के दौर में साधना और सत्संग से ही मानवता की रक्षा संभव



कार्यक्रम में भाग लेते श्रद्धालु।

**दरभंगा (एनएसबी)।** जय गुरुदेव, धर्म विकास संस्था, उज्जैन की दरभंगा शाखा की ओर से आयोजित 13 दिवसीय साधना शिविर का सोमवार को समापन हो गया। इस अवसर पर परम संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी बाबा उमाकांत जी महाराज ने हरियाणा के गुरुग्राम से राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित समापन समारोह को संबोधित किया। जय गुरुदेव धर्म विकास संस्था के बैनर तले स्थानीय लीला विवाह भवन में आयोजित इस शिविर में उत्तरी जोन के नौ जिलों से लगभग ढाई सौ सत्संगी, अनुयायी गुलाबी रंग के परिधानों में उपस्थित रहे, जिससे साधना शिविर का वातावरण और भी महत्वपूर्ण एवं आकर्षक बन गया। बाबा उमाकांत जी महाराज ने कहा कि आने वाले समय में प्राकृतिक आपदाओं, बीमारियों तथा जन-धन की संभावित हानि को कम करने के उद्देश्य से देश के विभिन्न हिस्सों में साधना शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य लोगों को आध्यात्मिक साधना, सदाचार, शाकाहार और सत्संग के प्रति जागरूक करना तथा समय में होने वाले परिवर्तन के लिए मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से तैयार करना है। उन्होंने कहा कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब-जब युग परिवर्तन हुआ है, तब-तब व्यापक स्तर पर परिवर्तन और जन-धन की हानि हुई है। वर्तमान समय भी बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में मनुष्य को भयभीत होने के बजाय प्रभु का स्मरण, साधना और सत्संग को अपने जीवन का आधार बनाना चाहिए। कठिन परिस्थितियों में श्रद्धा और विश्वास के साथ बाबा नाम का स्मरण करने से मनुष्य को आध्यात्मिक संबल मिलता है। उन्होंने लोगों से हिंसा, नशा, मांसाहार और बुरे कर्मों से दूर रहने तथा सत्य, प्रेम, सेवा और सद्भाव को जीवन में अपनाने की अपील की। उन्होंने साधकों से नियमित रूप से साधना और सत्संग करने का आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले समय में परिस्थितियां कैसी भी हों, मनुष्य को अपना धैर्य, विश्वास और सदाचार नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु के बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को शुद्ध और संयमित बनाना ही वास्तविक साधना है।

# संस्कृत विद्यालयों की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए केंद्र सरकार व सीआरएस की पहल आवश्यक : मृत्युंजय कुमार



बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ।

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित आवास पर झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं जदयू के वरिष्ठ नेता रामप्रीत मंडल से आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर बिहार के संस्कृत विद्यालयों की आधारभूत संरचना के विकास, शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार तथा विद्यालयों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

भेंट के दौरान विशेष रूप से बिहार के संस्कृत विद्यालयों में आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों तथा संस्थानों के माध्यम से सहयोग प्राप्त करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। मृत्युंजय कुमार झा ने सांसद रामप्रीत मंडल के समक्ष संस्कृत विद्यालयों की वर्तमान आवश्यकताओं एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों को रखा। उन्होंने विद्यालयों में भवन, कक्षाओं, शैक्षणिक संसाधनों, विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाओं तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर संबंधित विषयों के प्रारूप एवं प्रस्तावित योजनाओं से जुड़े पत्र सांसद रामप्रीत मंडल को सौंपे गए, ताकि इन विषयों को उचित स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक पहल की जा सके। सांसद रामप्रीत मंडल ने सहयोग का आश्वासन दिया।भेंट के दौरान सांसद रामप्रीत मंडल ने बिहार के संस्कृत विद्यालयों की आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में आवश्यक प्रयास एवं सहयोग का आश्वासन दिया।

## आज 33 केवी ओल्ड डीएमसीएच सहित अन्य फीडरों की बिजली रहेगी बाधित

**दरभंगा (एनएसबी)।** दिनांक 22 सितंबर,2026 को "गावर एजेंसी" के द्वारा लाईन शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, जिस कारण से 33 केवी ओल्ड डी एम सी एच फीडर की लाइन प्रातः 5 बजे से 7 बजे पूर्वाहन तक बाधित रहेगी। जिसके कारण 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, अर्बन से निकलने वाली सभी 11केवी फीडर की लाइन बाधित रहेगी। ऑल्टरनेटिव सोर्स से 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, अर्बन से निकलने वाली सभी 11केवी फीडर एवं 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, डीएमसीएच से निकलने वाली फीडर न० 2 एवं फीडर न० 6 को 30-30 मिनट के रोटेशन पर विद्युत बहाल किया जाएगा। प्रभावित होने वाले क्षेत्र है - मोगलपुरा, नाका नं - 5, भटियारीसराय, दोनार, मिश्रटोला, मदारपुर, साहसूपन, फैजुल्लाह खान, पुरानी मुन्सफी, नीम चौक, बाजिदपुर, किलाघाट, मुफ्ती मोहल्ला, भगवानदास जे पी चौक, बैंकर्स कॉलोनी रहमगंज, यूसुफगंज, मिल्लत कॉलेज, करम गंज, बीबी पाकर, नाका न०- 6, गायत्री मंदिर, महराजगंज, इमामबाड़ा, पुरानी मच्छहट्टा आदि है।

## दो बाइक की टक्कर में पशु कारोबारी की मौत, दो जख्मी

■ 24 घंटे के बाद हुई मृत की पहचान

**दरभंगा(एनएसबी)।** बहेड़ा थाना क्षेत्र के नेहरा-धरौड़ा मुख्य पथ स्थित हरिपुर चौक पर रविवार देर रात दो बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई है। जबकि दो जख्मी हुए है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक बाइक पर सवार दो जख्मी बहेड़ी थाना क्षेत्र के सिमरा गांव निवासी वाल्मीकि यादव और राधेश्याम यादव को बेनीपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं मृत के पहचान सत्यापन में जुट गई। बताया जाता है कि स्थानीय लोगों के द्वारा पहचान नहीं करने पर विभिन्न थानों को तस्वीर भेजने के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया। रविवार सुबह पुलिस को मृत की जानकारी हासिल हुई तो सूचना पर पोस्टमार्टम परिसर स्वजन पहुंचे और शव को देखते ही दहाड़ मारकर रोने लगे। मृत मनीगाछी के वाजिदपुर थाना क्षेत्र के मैना रहिका गांव निवासी मो. फारूक शाह का पुत्र मो. जुनैद शाह (30) है। जो पशुओं की खरीद-फरोख्त कारोबार कर जीवनयापन करता था। मृत के साढू मो. इकराम ने बताया कि घर से व्यवसायिक कार्य को लेकर रविवार को दिन के 10 बजे जुनैद निकला था। जिसके बाद देर शाम नहीं लौटने पर स्वजन रातभर उसकी तलाश करते रहे। उसका मोबाइल नंबर भी स्वीच आफ आ रहा था। उन्होंने बताया कि सुबह पुलिस ने हादसे की जानकारी दी। जिसके बाद घर में मातम पसर गया। मृत जुनैद की पत्नी साजिया खातून चार नाबालिग पुत्री और एक पुत्र से लिपटकर लगातार बिलख रहे हैं। इधर, पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव स्वजन को सौंप दिया है और छानबीन में जुटी है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अंत्योदय की सेवा भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान : डॉ. गोपाल जी ठाकुर

■ वृद्धजनों तथा भिक्षुकों के बीच आवश्यक सामग्रियों का किया वितरण

## सेवा संकल्प महाअभियान के तहत सांसद पहुंचे सेवा कुटीर



सेवा संकल्प महाअभियान में सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर।

**दरभंगा (एनएसबी)।** सेवा संकल्प महाअभियान के क्रम में दरभंगा लोकसभा क्षेत्र में चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत सोमवार को स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने बहादुरपुर स्थित सेवा कुटिर तथा अनाथालय का दौरा किया एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा के 25 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में बहादुरपुर स्थित 'सेवा कुटीर' में बुजुर्गों को फल वितरित किए और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इसके साथ ही सांसद डा ठाकुर ने पंडासराय स्थित अनाथालय का निरीक्षण किया तथा वहां मौजुद बच्चों की हो रही परवरिश तथा उनके स्वास्थ्य संबंधी विषयों की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।सांसद डा ठाकुर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि आश्रम की बुनियादी सुविधाओं व भिक्षुक उन्मूलन के लिए जो भी आवश्यक प्रस्ताव या मांग होगी, सांसद मद व शासन स्तर से उसे प्राथमिकता पर पूरा कराया जाएगा। दरभंगा को भिक्षुक-मुक्त व संवेदनशील बनाना हमारा संकल्प है। विदेश दत्तक ग्रहण संस्थान में छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों के बीच वस्त्र तथा डायपर का भी वितरण किया। निस्साय बच्चों की किलकारियों और मुस्कान के बिना समाज और परिवार की खुशी संभव नहीं है। सांसद डा ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंत्योदय की सेवा आज भाजपा कार्यकताओं की पहचान बन रही है।मौके पर सेवा कुटिर के संचालक, सामाजिक सुरक्षा विभाग के सहायक निदेशक के साथ साथ भाजपा नेता तथा जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# दरभंगा के चर्चित अभिनेता संजय मिश्रा को आज मिलेगा राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

■ अभिनेता के गृह क्षेत्र मनिगाछी के नारायणपुर गांव में खुशी की लहर



प्रसिद्ध कलाकार संजय मिश्रा के साथ राजीव मिश्रा व अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** नारायणपुर गांव के लाल एवं हिंदी सिनेमा के चर्चित अभिनेता संजय मिश्रा को 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का सम्मान मिथिला की धरती और नारायणपुर गांव के लिए गौरव का ऐतिहासिक अवसर हुआ।

दरभंगा जिले के मनीगाछी प्रखंड अंतर्गत नारायणपुर गांव के मूल निवासी एवं हिंदी सिनेमा के सुप्रसिद्ध अभिनेता संजय मिश्रा को फिल्म भक्षक में उनके प्रभावशाली अभिनय के लिए 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के सम्मान से नवाजा जाएगा। यह सम्मान 22 सितंबर, 2026 को गुजरात के एकता नगर (केवड़िया) में आयोजित होने वाले समारोह में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया जाएगा। यह उपलब्धि न केवल संजय मिश्रा के शानदार अभिनय जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है, बल्कि संपूर्ण नारायणपुर गांव, मनीगाछी प्रखंड, दरभंगा जिला और मिथिला क्षेत्र के लिए गर्व एवं हर्ष का विषय है। विदित हो कि संजय मिश्रा का संबंध नारायणपुर गांव से है। उनके पिता स्वर्गीय शंभुनाथ मिश्रा पत्रकारिता जगत से जुड़े एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व रहे हैं। उनके दादा स्वर्गीय जगदीप नारायण मिश्रा संयुक्त बिहार-झारखंड के रांची कमिश्नरी के आयुक्त पद से सेवानिवृत्त हुए है। परिवार के अन्य सदस्यों में उनके चाचा डॉ. अरुण कुमार मिश्रा पटना जिले से सिविल सर्जन पद से सेवानिवृत्त हुए, तथा दूसरे चाचा राजीव रंजन मिश्रा, जो डब्लू सी एल के सीएमडी पद से सेवानिवृत्त हुए क संजय मिश्रा ने राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली से प्रशिक्षण प्राप्त किया और हिंदी सिनेमा तथा टेलीविजन में अपने बहुआयामी अभिनय के लिए पहचान बनाई।आफिस आफिस में शुक्ला जी के किरदार से लेकर आंखों देखी, मसान, वध और अन्य फिल्मों तक, उन्होंने हास्य, संवेदना और गंभीर भूमिकाओं में अपनी अभिनय क्षमता प्रदर्शित की है। उनकी अभिनय यात्रा में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का यह सम्मान एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की आधिकारिक सूची में फिल्म भक्षक के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के रूप में संजय मिश्रा का नाम शामिल है। फिल्म भक्षक में संजय मिश्रा ने भास्कर सिन्हा नाम के एक संवेदनशील और साहसी पत्रकार की भूमिका निभाई है। उनका किरदार सामाजिक सरोकार, पत्रकारिता की जिम्मेदारी और सच्चाई को सामने लाने के प्रयासों से जुड़ा हुआ है। इस भूमिका के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त सम्मान उनके अभिनय योगदान की महत्वपूर्ण पहचान है। संजय मिश्रा को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिलने की खबर से नारायणपुर गांव और आसपास के क्षेत्र के लोगों में खुशी एवं उत्साह का वातावरण है। ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर राष्ट्रीय सिनेमा के प्रतिष्ठित मंच तक पहुंचने वाली यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। यह सम्मान क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत, प्रतिभा और मेहनत को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का अवसर भी प्रस्तुत करता है। श्री संजय मिश्रा जी समय समय पर अपने पैतृक गाँव आते रहते हैं विशेष रूप से अपने कुलदेवी से उनका लगाव और अपने गांव के प्रति अविरल प्रेम उनके महानता को दशार्ता है। नारायणपुर के निवासी इस गौरवपूर्ण अवसर पर श्री संजय मिश्रा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं। नारायणपुर गांव, मनीगाछी प्रखंड, दरभंगा जिला एवं समस्त मिथिलावासियों की ओर से श्री संजय मिश्रा जी को 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के सम्मान के लिए हार्दिक बधाई। बधाई देने बाले नारायणपुर गाँव के एक कंपनी के जोनल प्रमुख के पद पर कार्यरत राजीव मिश्रा, विजय कुमार मिश्रा, राजेश उर्फ टनटन मिश्रा श्रबेश मिश्रा, प्रवेश मिश्रा, अमरेश मुकुंद मिश्रा अधिवक्ता रमनजी अवदेश छोटू मुकेश मिश्रा के साथ साथ राघोपुर पश्चिम के पूर्व मुखिया श्रवण नायक सरपंच प्रतिनिधि अनिल झा इत्यादि ने बधाई और शुभकामनायें दी है।

# वैज्ञानिक तकनीक अपनाकर तिलहन उत्पादन बढ़ाएं किसान : सुदामा

■ मधुबनी में दो दिवसीय तिलहन खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, किसानों को दी गई उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी




**मधुबनी।** जिला के अंदर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत ह्लतिलहन की खेतीह्ल विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त कृषि भवन सभागार, माहीनाथपुर, मधुबनी में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को तिलहन फसलों की आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती, उन्नत तकनीक, पोषक तत्व प्रबंधन तथा फसल सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, मधुबनी श्री सुदामा ठाकुर ने किसानों को तिलहन फसलों की समय पर बुआई करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सही समय पर फसल की बुआई करने से फसल की अच्छी वृद्धि एवं बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने मधुबनी जिले के किसानों को सरसों, तोरी, तीसी सहित अन्य तिलहन फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया। कृषि विज्ञान केन्द्र, बसैठा के वरीय वैज्ञानिक श्री मंगलानंद झा ने किसानों को सरसों, तोरी एवं तीसी फसलों की आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने फसल उत्पादन में पोषक तत्वों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए तिलहन फसलों में सल्फर के प्रयोग की सलाह किसानों को दी। उप परियोजना निदेशक, आत्मा, मधुबनी श्री नंदन ने आत्मा द्वारा संचालित विभिन्न क्रियाकलापों तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी किसानों को दी। उन्होंने किसानों से विभागीय योजनाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ उठाकर आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की अपील की। कृषि विज्ञान केन्द्र, सुखेत के वैज्ञानिक (पौधा संरक्षण) डॉ. राहुल सिंह राजपूत ने सरसों की फसल में लगने वाले प्रमुख रोगों एवं उनके रोकथाम तथा प्रबंधन के संबंध में किसानों को तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने किसानों को रोगों की समय पर पहचान कर उचित प्रबंधन उपाय अपनाने की सलाह दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक श्री सुदामा ठाकुर, वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान, उप परियोजना निदेशक, सहायक निदेशक (शस्य), सहायक निदेशक (बीज विपणन), बीटीएम श्री शिव कुमार सिंह सहित कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के पदाधिकारी/वैज्ञानिक तथा सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को तिलहन फसलों की वैज्ञानिक एवं आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया गया तथा जिले में तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार एवं उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया गया।

# जीवछ नदी के साथ मुक्ति धाम का भी किया जाएगा कायाकल्प : उमेश कुमार भारती

**मधुबनी।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत जीवछ नदी को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से 24 सितंबर से वृहत स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान जीवछ नदी से जलकुंभी, कूड़ा-कचरा एवं अन्य गंदगी को हटाकर नदी क्षेत्र की विशेष साफ-सफाई की जाएगी। साथ ही, नदी के समीप स्थित मुक्ति धाम का भी कायाकल्प किया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर नगर आयुक्त उमेश कुमार भारती ने जीवछ नदी एवं उसके नजदीक स्थित मुक्ति धाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों के साथ अभियान की तैयारियों, स्वच्छता कार्यों एवं मुक्ति धाम के कायाकल्प को लेकर आवश्यक विचार-विमर्श किया।



नगर आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 24 सितंबर से जीवछ नदी में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नदी से जलकुंभी, कूड़ा-कचरा एवं अन्य गंदगी को हटाकर नदी क्षेत्र को स्वच्छ बनाया जाएगा। इसी क्रम में मुक्ति धाम की साफ-सफाई एवं आवश्यक कार्य कराकर उसका भी कायाकल्प किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जीवछ नदी एवं इसके आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासनिक प्रयासों के साथ जनभागीदारी भी आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान जिला समन्वयक एलएसबीए संजीव कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी अमिताभ गुंजन, स्वच्छता साथी अविनाश चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

### जनभागीदारी से बनेगा स्वच्छता का महाअभियान

उपस्थित पदाधिकारियों ने जिलेवासियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, युवाओं, छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों से 24 सितंबर से शुरू होने वाले इस वृहत स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि जीवछ नदी केवल एक जलधारा नहीं, बल्कि क्षेत्र की प्राकृतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। नदी को स्वच्छ एवं संरक्षित रखना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का साझा दायित्व है। प्रत्येक नागरिक अभियान से जुड़कर नदी की साफ-सफाई में सहयोग करे, नदी एवं उसके आसपास कूड़ा-कचरा नहीं फैलाने का संकल्प ले तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करे। इस अवसर पर डीपीओ जिला गंगा समिति, नमामि गंगे आनंद अंकित ने जीवछ नदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवछ नदी मधुबनी एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान के समान है। इसकी निर्मलता, अविरलता एवं पवित्रता को बनाए रखना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि नदियों एवं जलस्त्रोतों के संरक्षण के लिए केवल अभियान चलाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लोगों को निरंतर इससे जोड़ना और उनमें स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी जरूरी है। हम सब मिलकर जीवछ नदी की निर्मलता और पवित्रता को बनाए रखने, उसे पुनर्जीवित करने तथा मुक्ति धाम के कायाकल्प में सहभागी बनें। सामूहिक प्रयास और जनभागीदारी से ही स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ मधुबनी के संकल्प को साकार किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा व सुशासन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम



फोटो संख्या 4 बैठक करते मंत्री

**मधुबनी।** सोमवार को मधुबनी जिला परिसदन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा एवं सुशासन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाले 6 से 8 अक्टूबर तक तीन दिवसीय " आंगन का मिलन "कार्यक्रम की तैयारी एवं व्यवस्थाओं को लेकर बिहार सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग के मंत्री रामचंद्र प्रसाद, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी पवन जायसवाल, सांसद डॉ अशोक कुमार यादव, पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष हरिभूषण ठाकुर, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता, जिला अध्यक्ष प्रभांशु झा , बच्चा बाबू कामत, देवेंद्र कुमार यादव सहित अन्य नेताओं के साथ मधुबनी डीपीओ, आई सी डी एस,डीपी एम जीविका, सभी सीडीपीओ एवं नोडल आशा कार्यकताओं के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी सेविका सहायिका एवं आशा कार्यकताओं का सम्मान, तीन लाभुक महिलाओं का सम्मान, गोद भराई, अन्नप्राशन तथा माता एवं बच्चों से संवाद सहित विभिन्न विषय पर विस्तार पूर्वक से बैठक में चर्चा की गई।

### कॉपी की जांच प्रारंभ 26 सितंबर को होगी शिक्षक, अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन



**बिस्फी।** प्रखंड क्षेत्र के संकुल संसाधन केंद्र परसौनी उत्तरी, हीरोपट्टी जगवन सहित सभी 28 संकुल संसाधनों पर सोमवार से अर्धवार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच प्रारंभ हो गया. बीडीओ सह बीईओ बसंत कुमार सिंह ने कॉपी जांच को लेकर कई दिशा निर्देश दिए. कॉपी जांच का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया. उन्होंने विभिन्न संकुल पर पहुंचकर उत्तर पुस्तिका की जांच कर रहे व्यवस्था की जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान केंद्रधीक्षक एवं परीक्षक को परीक्षा मापदंडों के अनुसार सही से जांच करने का भी निर्देश दिया. वही बीईओ बसंत कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं की जांच को लेकर सभी संकुल संचालकों के द्वारा शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है . केंद्रधीक्षक राजेश कुमार झा एवं अशोक साफी ने बताया कि 25 सितंबर तक सभी संकुल पर उत्तर पुस्तिकाओं की जांच की जाएगी. और 26 सितंबर को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी के दौरान परिणाम जारी किए जाएंगे.जिसको लेकर सभी तैयारियां कर ली गई है।

### परसौनी उत्तरी पंचायत समिति सदस्य किशुन ठाकुर का निधन

**बिस्फी।** प्रखंड अन्तर्गत परसौनी उत्तरी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य किशुन ठाकुर उम्र 55 वर्ष का हार्ट अटैक से रविवार के दिन निधन हो गया . घटना की जानकारी मिलते ही गांव में मातम पसर गया. मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण उनके घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाते नजर आए. स्वर्गीय किशुन ठाकुर अपने पीछे 2 पुत्र एवं 2 पुत्री सहित भला पूरा परिवार छोड़ गए. उनके निधन पर जनप्रतिनिधियों, स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीणों ने शोक प्रकट किया है। किशुन ठाकुर के निधन पर मधुबनी सांसद डॉ अशोक कुमार यादव, पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष हरि भूषण ठाकुर बचौल, बिस्फी विधायक आसिफ अहमद, बिस्फी प्रखंड प्रमुख रीता देवी, पूर्व प्रमुख शीला देवी,बिस्फी प्रखंड विकास पदाधिकारी बसंत कुमार सिंह, मुखिया अनीता देवी, उपमुखिया पुनीता देवी, भाकपा जिला मंत्री मनोज यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामसकल यादव, मदन यादव, भोज पंडौल पंचायत समिति सदस्य सदस्य रंजीत यादव, संजीत साह, पार्वती देवी,जफरा पंचायत समिती सदस्य ललित चौधरी ,सिमरी मंडल भाजपा अध्यक्ष सुभाष चंद्र झा, श्रवण यादव, लड्डू पंडित,सीताराम मंडल,बबलू झा समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में रिश्तेदार और ग्रामीण भी शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे और दिवंगत किशुन ठाकुर को श्रद्धांजलि दी।

### मध्याह्न भोजन पर संकट, 5 माह से नहीं मिली राशि



**बिस्फी।** प्रखंड क्षेत्र के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में संचालित मध्याह्न भोजन योजना एमडीएम के संचालक पर संकट गहराने लगा है. इसको लेकर सोमवार को प्रधानाध्यापक मनोज कुमार मंडल की अध्यक्षता में एक ज्ञापन बीडीओ सह बीईओ बसंत कुमार सिंह को दिया गया. प्रधानाध्यापक मनोज कुमार मंडल ने कहा कि करीब 5 माह से योजना की राशि नहीं मिलने के कारण विद्यालयों में भोजन संचालन प्रभावित होने की स्थिति बन गई है. प्रधानाध्यापकों का कहना है कि लगातार राशि नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति चरमरा गई है. वहीं किराना दुकानदारो ने भी लंबे समय से बकाया भुगतान नहीं होने के कारण उधार में सामग्री देने से हाथ खड़े कर दिए हैं. दुकानदारों का कहना है कि लंबे समय तक उधर सामान देने से उनकी दुकानदारी प्रभावित हो रही है. समय पर भुगतान नहीं होने से उन्हें अपने व्यापारियों का भुगतान करने से परेशानी होती है।

# स्वच्छ व सुंदर वातावरण के लिए आमजन की भागीदारी जरूरी : डीआरडीए निदेशक



**मधुबनी।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में विभिन्न क्षेत्रों में चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉट स्थलों पर विशेष रूप से व्यापक स्तर पर साफ-सफाई अभियान संचालित किया गया।

ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में जमा कचरा, गंदगी एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाकर संबंधित स्थलों की साफ-सफाई की गई। अभियान में स्वच्छता कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लोगों ने श्रमदान करते हुए स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर डीआरडीए निदेशक मो. सरफराजुद्दीन ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक विभाग या व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण के लिए आम लोगों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष स्वच्छता अभियान चलाने से इन स्थलों को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी। साथ ही, लोगों को नियमित रूप से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए। जिला समन्वयक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान संजीव कुमार ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाई जा रही है। ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में चलाया गया विशेष अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि केवल सफाई करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि साफ किए गए स्थलों पर दोबारा कचरा जमा न हो, इसके लिए आम लोगों का सहयोग और जागरूकता भी जरूरी है। अभियान के दौरान लोगों को सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नहीं फेंकने, कचरे का उचित निस्तारण करने तथा अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

# आज होगा विद्यार्थी सहयोग का आयोजन

■ 21 प्रखंडों के 54 शैक्षणिक संस्थानों में लगेगा शिविर,

■ 54 प्रशासनिक एवं 54 पुलिस पदाधिकारियों की रहेगी तैनाती

■ जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों से शिविर एवं पोर्टल का अधिकाधिक लाभ उठाने तथा शिक्षा व्यवस्था में सुधार में सहभागी बनने की अपील की

**मधुबनी।** विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान, शैक्षणिक संस्थानों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने तथा विद्यार्थियों एवं प्रशासन के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से जिले में विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगामी 29 सितंबर, 27 अक्टूबर, 24 नवंबर एवं 29 दिसंबर 2026 को विद्यार्थी सहयोग शिविर आयोजित होंगे। प्रत्येक माह के चतुर्थ मंगलवार को आयोजित होने वाले इन शिविरों में विद्यार्थियों की समस्याओं की सुनवाई के साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था में सुधार से संबंधित उनके सुझाव भी प्राप्त किए जाएंगे। मधुबनी जिले के 21 प्रखंडों के 54 शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थी सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर के सफल, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी संचालन के लिए संबंधित शैक्षणिक संस्थानों में प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। संबंधित अधिकारियों एवं संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि शिविर में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### विद्यार्थी सहयोग पोर्टल बनेगा विद्यार्थियों की आवाज का प्रभावी माध्यम

विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं एवं सुझावों को ऑनलाइन माध्यम से सीधे प्रशासन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विद्यार्थी सहयोग पोर्टल का लोकार्पण 17 अगस्त को किया जा चुका है। विद्यार्थी इस पोर्टल के माध्यम से अपनी शैक्षणिक एवं छात्रावास संबंधी समस्याओं की शिकायत दर्ज कराने के साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था में सुधार से संबंधित अपने सुझाव भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

### हेल्पलाइन नंबर : 1100

पोर्टल की व्यवस्था से विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से विभिन्न कार्यालयों का चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। विद्यार्थी अपनी समस्या का विवरण ऑनलाइन दर्ज कर उसे संबंधित प्रशासनिक विभाग के संज्ञान में ला सकेंगे। पोर्टल एवं शिविर के माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों को संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार कार्रवाई के लिए लिया जाएगा।

### इन समस्याओं को प्रशासन के संज्ञान में ला सकेंगे

विद्यार्थी सहयोग पोर्टल एवं शिविर के माध्यम से मुख्य रूप से शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ाई एवं विद्यार्थियों से संबंधित समस्याओं को दर्ज कराया जा सकेगा। इनमें समय पर कक्षाओं का संचालन नहीं होना, शिक्षक अथवा प्राध्यापक का समय पर कक्षा में उपस्थित नहीं होना अथवा अनधिकृत अनुपस्थिति, परीक्षा का समय पर आयोजन नहीं होना तथा परीक्षा परिणाम के प्रकाशन में विलंब जैसी समस्याएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त निर्धारित एवं अधिकृत शुल्क से संबंधित समस्या, कक्षाओं में बिजली एवं प्रकाश की व्यवस्था, विद्यार्थियों के बैठने की सुविधा, प्रयोगशाला की उपलब्धता एवं संचालन, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, कोचिंग से संबंधित समस्याओं तथा शैक्षणिक संस्थानों में विधि-व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों को भी पोर्टल अथवा शिविर के माध्यम से प्रशासन के संज्ञान में लाया जा सकेगा। विद्यार्थी केवल शिकायत ही नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार से संबंधित अपने उपयोगी, व्यावहारिक एवं रचनात्मक सुझाव भी प्रस्तुत कर सकेंगे। विद्यार्थियों के अनुभव एवं सुझावों को शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए महत्वपूर्ण इनपुट के रूप में लिया जाएगा।

### शिविर में उपलब्ध रहेगा कियोस्क

विद्यार्थी सहयोग शिविर के दिन संबंधित शैक्षणिक संस्थानों में कियोस्क की व्यवस्था रहेगी। कियोस्क पर कंप्यूटर, प्रिंटर एवं इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध रहेगी। ऑनलाइन शिकायत अथवा सुझाव दर्ज करने में कठिनाई होने पर विद्यार्थियों को कियोस्क पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अथवा प्रतिनिधि द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि तकनीकी जानकारी के अभाव अथवा ऑनलाइन प्रक्रिया में कठिनाई के कारण कोई विद्यार्थी अपनी समस्या अथवा सुझाव दर्ज कराने से वंचित न रहे। विद्यार्थी अपनी समस्या का विवरण स्पष्ट रूप से दर्ज कर सकेंगे तथा आवश्यकतानुसार संबंधित दस्तावेज अथवा प्रमाण भी उपलब्ध करा सकेंगे।

### शिकायतों एवं सुझावों पर होगी निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई

पोर्टल अथवा विद्यार्थी सहयोग शिविर के माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों को संबंधित प्रशासनिक विभाग द्वारा समेकित एवं वगीकृत किया जाएगा। जिन समस्याओं का समाधान शैक्षणिक संस्थान अथवा संबंधित विभाग के स्तर पर संभव होगा, उनके निराकरण के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सरकारी योजनाओं एवं विभागीय प्रावधानों के अंतर्गत लागू किए जा सकने वाले उपयोगी सुझावों पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, जिन समस्याओं अथवा सुझावों के समाधान के लिए उच्चस्तरीय निर्णय अथवा नीतिगत हस्तक्षेप आवश्यक होगा, उन्हें उच्चस्तरीय शिक्षा सुधार समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा।

# संस्कृत विद्यालयों की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए केंद्र सरकार व सीएसआर के माध्यम से विकास की पहल आवश्यक : मृत्युंजय

**मधुबनी।** झंझारपुर सांसद रामप्रीत मंडल से नई दिल्ली में भेंट, संस्कृत विद्यालयों के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा एवं प्रस्तावित योजनाओं का पत्र सौंपा। बिहार में संस्कृत शिक्षा को और अधिक सुदृढ़, व्यवस्थित एवं आधुनिक बनाने की दिशा में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष श्री मृत्युंजय कुमार झा ने आज नई दिल्ली स्थित आवास पर झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र के माननीय सांसद एवं जदयू के वरिष्ठ नेता श्री रामप्रीत मंडल जी से आत्मीय भेंट की।

इस अवसर पर बिहार के संस्कृत विद्यालयों की आधारभूत संरचना के विकास, शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार तथा विद्यालयों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। भेंट के दौरान विशेष रूप से बिहार के संस्कृत विद्यालयों में आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों तथा संस्थानों के माध्यम से सहयोग प्राप्त करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

### विद्यालयों के समग्र विकास को लेकर प्रस्ताव सौंपे गए



बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष श्री मृत्युंजय कुमार झा ने सांसद श्री रामप्रीत मंडल जी के समक्ष संस्कृत विद्यालयों की वर्तमान आवश्यकताओं एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों को रखा। उन्होंने विद्यालयों में भवन, कक्षाओं, शैक्षणिक संसाधनों, विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाओं तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर संबंधित विषयों के प्रारूप एवं प्रस्तावित योजनाओं से जुड़े पत्र सांसद श्री रामप्रीत मंडल जी को सौंपे गए, ताकि इन विषयों को उचित स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक पहल की जा सके। श्री मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि बिहार में संस्कृत शिक्षा की समृद्ध परंपरा रही है। संस्कृत विद्यालयों को बेहतर आधारभूत सुविधाओं से जोड़ना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। विद्यालयों की संरचना मजबूत होने से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी तथा संस्कृत शिक्षा के विकास को नई गति प्रदान की जा सकेगी।

### सांसद रामप्रीत मंडल ने सहयोग का आश्वासन दिया

भेंट के दौरान सांसद श्री रामप्रीत मंडल जी ने बिहार के संस्कृत विद्यालयों की आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में आवश्यक प्रयास एवं सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित विषयों पर उचित स्तर पर पहल करने तथा विकास से जुड़े प्रस्तावों को आगे बढ़ाने की दिशा में सहयोग की भावना व्यक्त की। बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष श्री मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि संस्कृत विद्यालयों के विकास से संबंधित सभी प्रयासों को एक निश्चित दिशा एवं मजबूती प्रदान करने के लिए विभिन्न स्तरों पर समन्वय के साथ कार्य किया जाएगा। केंद्र सरकार, विभिन्न संस्थानों एवं सीएसआर के माध्यम से उपलब्ध संभावनाओं का उपयोग करते हुए बिहार के संस्कृत विद्यालयों को आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि संस्कृत शिक्षा केवल एक विषय नहीं, बल्कि भारत की ज्ञान परंपरा, संस्कृति एवं संस्कारों की महत्वपूर्ण धरोहर है। इसलिए संस्कृत विद्यालयों का विकास शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन से भी जुड़ा हुआ है।

### मिथिला पाग व अंगवस्त्र से सम्मानित किए जाने पर आभार

इस आत्मीय भेंट के अवसर पर सांसद रामप्रीत मंडल जी द्वारा बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष श्री मृत्युंजय कुमार झा को मिथिला पाग एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। श्री मृत्युंजय कुमार झा ने सांसद जी के स्नेह, सम्मान एवं आत्मीयता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के सहयोग से संस्कृत शिक्षा के विकास के प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बिहार के संस्कृत विद्यालयों की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए प्रस्तावित योजनाओं को आगे बढ़ाने में सकारात्मक सहयोग प्राप्त होगा और आने वाले समय में इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जाएगी। बिहार में संस्कृत शिक्षा के विकास, विद्यालयों की आधारभूत संरचना को मजबूत करने तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड निरंतर कार्यरत है। साथ में भाजपा नेता सीए आदित्य झा जी !

महिलाओ को ढाल बनाकर उतर बिहार में सूखे नशे का बाजार खड़ा करने के प्रयास में जुटे है प्रतिबंधित मादक पदार्थो के तस्कर

# मुजफ्फरपुर में काजल व पूजा के बाद अब 140 पुड़िया स्मैक के साथ पकड़ी गयी प्रियंका

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद अब प्रतिबंधित मादक पदार्थो की तस्करी मे लगे गिरोह ने स्थानीय महिलाओ को ढाल बनाकर उतर बिहार के मुजफ्फरपुर सहित आसपास के जिलों में मादक पदार्थो (सूखे नशे) का बड़ा बाजार खड़ा करने की कोशिश में जुटा है। हाल के दिनों मे पुलिस द्वारा नशे के अवैध कारोबार को ध्वस्त करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान सूखे नशीले पदार्थ प्रतिबंधित स्मैक, अफीम, हेरोइन, गांजा आदि के साथ गिरफ्तार किए जा रहे कारोबारियों में पुरुषों की तुलना मे महिलाओ की अधिक संख्या ने पुलिस को चौका दिया है।

अब पुलिस इस आशंका को भाँपकर सूखे नशे के काले कारोबार पर चौतरफा शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने जिले में सूखे नशे के काले धंधे में महिलाओ की बढ़ती भागीदारी के मद्देनजर सभी अधिकारियों और थाना प्रभारियों को नशे के इस जाल को पूरी तरह ध्वस्त करने का सख्त निर्देश दिया है।

ज्ञात हो कि नशे के खिलाफ की गई हालिया पुलिस कार्रवाइयों में एक के बाद एक महिला तस्करों की गिरफ्तारी से यह आशंका प्रमाणित भी हुई है, जिससे पुलिस भी स्तब्ध है। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने भी माना है कि सूखे और प्रतिबंधित नशीले पदार्थों की तस्करी में अब स्थानीय महिलाएं फ्रंट पर आ रही हैं। एसएसपी के निर्देश पर नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत डीआईयू और काजी मोहम्मदपुर थाना पुलिस की टीम ने देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर मिल्की टोला क्षेत्र में संयुक्त छापेमारी कर प्रियंका कुमारी नामक एक महिला तस्कर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया।


पुलिस द्वारा गिरफ्तार की गई मोहल्ले में स्मैक बेचती महिला।

तलाशी के दौरान उसके पास से करीब 140 पुड़िया स्मैक बरामद की गई है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार महिला से उसके बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज को लेकर कड़ाई से पूछताछ कर रही है। ज्ञात हो कि बीते सप्ताह नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड टीम की पूर्व सूचना पर तुर्की थाना पुलिस ने मधौल बाईपास के पास से काजल नामक युवती को उसके चार साथियों के साथ गिरफ्तार कर उसके पास से लगभग 50 लाख रुपये मूल्य की प्रतिबंधित हेरोइन जब्त किया था, जिसे वह असम के सिलचर से किशनगंज के रास्ते लेकर मुजफ्फरपुर पहुंची थी और वैशाली में उसे बेचने की फिराक में थी। वहीं सिकंदरपुर ओपी पुलिस ने पूजा देवी नाम की महिला को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले की जांच में सामने आया था कि उसका पति बाहर से नशे की खेप लाकर उसे देता था और वह स्थानीय स्तर पर खुद सप्लाई नेटवर्क संभालती थी।

अब प्रियंका कुमारी काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के मिल्की टोला से 140 पुड़िया स्मैक के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ी, जो इलाके में छोटे स्तर पर रिटेल सप्लाई का काम कर रही थी। फिलहाल पुलिस का कहना है कि महिला हो या पुरुष, नशे के इस अवैध धंधे में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और पूरे नेटवर्क को जड़ से उखाड़ फेंका जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### केवटसा पहुंचे जदयू के राष्ट्रीय महासचिव

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा सोमवार को गायघाट के केवटसा पहुंचे। जहां पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। उनके पहुंचने पर कार्यकताओं में उत्साह का माहौल रहा। मनीष वर्मा ने जदयू के सलाहकार नर्मदेश्वर सिंह के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इस दौरान पार्टी के संगठन को मजबूत करने, विस्तार और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद नर्मदेश्वर सिंह के आवास पर सांगठनिक समीक्षा बैठक शुरू हुई, जिसमें स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, कार्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और पार्टी की गतिविधियों को तेज करने पर जोर दिया गया। आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक रणनीति को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। मनीष वर्मा ने कार्यकताओं से एकजुट होकर सक्रियता के साथ पार्टी के लिए काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन के माध्यम से पार्टी की नीतियों और सरकार के विकास कार्यों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है।

### मुजफ्फरपुर ने जीती तीसरी बिहार फ्लोरबॉल चैंपियनशिप, बालक-बालिका दोनों वर्गों में चैंपियन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** तीसरी बिहार फ्लोरबॉल चैंपियनशिप में मुजफ्फरपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक और बालिका दोनों वर्गों का खिताब अपने नाम किया। बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में मुजफ्फरपुर ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। शेखपुरा की टीम उपविजेता रही, जबकि दरभंगा को तीसरा स्थान मिला। बालिका वर्ग में पटना की टीम उपविजेता रही। चैंपियनशिप का उद्घाटन मीनापुर विधायक अजय कुशवाहा एवं जदयू प्रवक्ता पूजा शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान फ्लोरबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष डॉ. फिरोजुद्दीन फैज और महासचिव डॉ. बिरेंद्र कुमार यादव ने अतिथियों को बुके एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के समापन के बाद मुजफ्फरपुर के मो. एहसान को प्लेयर ऑफ दी टूनार्मेंट चुना गया। वहीं मुजफ्फरपुर के साहिल कुमार और साक्षी कुमारी को बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के संचालन में मुजफ्फरपुर के रेफरी मो करार अहमद और वेद प्रकाश आनंद ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सफल आयोजन में फ्लोरबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष डॉ. फिरोजुद्दीन फैज, उपाध्यक्ष ओंकेश्वर कुमार, महासचिव डॉ. बिरेंद्र कुमार यादव, नेशनल रेफरी मिथुन कुमार तथा मुजफ्फरपुर फ्लोरबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### बिहार में विकसित होंगे 20 नए औद्योगिक क्षेत्र, बेला औद्योगिक क्षेत्र व मोतीपुर क्लस्टर का होगा विस्तार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) मुजफ्फरपुर के बेला औद्योगिक क्षेत्र और मोतीपुर क्लस्टर का विस्तार करेगा। इसके साथ ही राज्य में 20 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। अलग-अलग चरणों में कुल 516.56 हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का निर्णय लिया गया है। नई पहल में उत्तर बिहार के जिलों पर विशेष जोर दिया गया है। बेतिया और मधुबनी में नए औद्योगिक हब विकसित किए जाएंगे, जबकि मुजफ्फरपुर में पहले से स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार कर बुनियादी सुविधाओं को और मजबूत किया जाएगा। बियाडा की ओर से बेला और मोतीपुर क्लस्टर को नए औद्योगिक नेटवर्क से जोड़ने के साथ आधारभूत संरचना को भी उन्नत किया जा रहा है। इससे परिधान, चमड़ा और खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी इकाइयों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। बियाडा के अनुसार, नई उद्योग नीति के तहत मुजफ्फरपुर में औद्योगिक निवेश बढ़ रहा है। इस वर्ष बेला और मोतीपुर में 11 नई अत्याधुनिक निर्माण इकाइयों को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया पूरी की गई है। इन कंपनियों को एकल खिड़की व्यवस्था के तहत जमीन और आवश्यक प्रशासनिक स्वीकृतियां उपलब्ध कराई गई हैं। इससे दोनों औद्योगिक क्षेत्रों में नए निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ने की संभावना है। मोतीपुर क्लस्टर को हरित ऊर्जा और खाद्य प्रसंस्करण के बड़े केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुजफ्फरपुर बायो फ्यूल्स की ओर से यहां बड़े पैमाने पर इथेनॉल उत्पादन की योजना है। वहीं मेसर्स अन्वीरा ग्रीन एनर्जी की ओर से कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) और सीएनजी संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। जाइरो एग्रो इंडस्ट्रीज की इकाई में आधुनिक तकनीक से प्री-बॉयल्ड राइस का प्रसंस्करण किया जाएगा।बेला औद्योगिक क्षेत्र में भी कई नई इकाइयां स्थापित की जा रही हैं। आरएमएस सर्जिकल की ओर से डिस्पोजेबल सीरिंज और अन्य सर्जिकल सामग्री का निर्माण किया जाएगा। मेसर्स जामुनी फूड पैकेजिंग की इकाई में कागज के कप बनाए जाएंगे। इसके अलावा प्रिंस पेंट्स एंड टेक्सचर, ढांढानिया इंडस्ट्रीज, शिव शक्ति उद्योग, सूरज बेक्स और एनवायरो कंपनी को भी जगह आवंटित की गई है। बियाडा के उप महाप्रबंधक के अनुसार, आवंटित जमीन पर नई इकाइयों के निर्माण का काम चल रहा है।

# अब हर हफ्ते सुरक्षा के दृष्टिकोण से नगर के बुजुर्गों की सुधि लेगी जिले की पुलिस

दो महीने पहले रिटायर्ड बैंककर्मी दंपति हत्याकांड के बाद मुजफ्फरपुर पुलिस की इस नई पहल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मिठनपुरा थाना क्षेत्र के रामबाग चौरी मोहल्ले में दो महीने पहले रिटायर्ड बैंककर्मी दंपति की अपराधियों द्वारा सरेशाम घर में घुसकर हत्या कर दिए जाने की घटना के बाद नगर में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। इस पहल की शुरूआत स्वयं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने की है। सोमवार की सुबह एसएसपी नगर में निकले और टहलने निकले वरिष्ठ नागरिकों से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों के साथ जनसंवाद किया और उनकी सुरक्षा को लेकर पुलिस की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस की इस नई पहल के तहत नगर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों का मोबाइल नंबर संबंधित थानों में दर्ज किया जाएगा। पुलिसकर्मी सप्ताह में कम से कम एक बार उनसे फोन पर संपर्क कर उनकी कुशल क्षेम पूछेंगे। साथ ही यह भी जानने की कोशिश की जाएगी कि उन्हें किसी तरह की परेशानी तो नहीं है या उनके आसपास किसी तरह की आपराधिक गतिविधि तो नहीं चल रही है। इसी अभियान के तहत सोमवार की सुबह जिले के पुलिस कप्तान क्लब रोड स्थित जुब्बा सहनी पार्क पहुंचे। जहाँ उन्होंने बड़ी संख्या में स्वास्थ्य लाभ के लिए पार्क में टहल रहे वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात की और उनसे बातचीत कर उनकी समस्याओं तथा सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को लेकर संवाद किया।


सुबह टहलने निकले वरिष्ठ नागरिकों व बुजुर्गो से मिलकर उनकी परेशानी पूछते एसएसपी।।

एसएसपी ने बुजुर्गों से पूछा कि उन्हें किसी तरह की परेशानी तो नहीं हो रही है और आसपास का माहौल कैसा है। संवाद के दौरान एसएसपी ने वरिष्ठ नागरिकों को भरोसा दिलाया कि मुजफ्फरपुर पुलिस उनकी सेवा और सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य सिर्फ घटना के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि अपराध की आशंका को पहले ही पहचानकर उसे रोकना भी है। वरिष्ठ नागरिकों से नियमित संपर्क इसी दिशा में उठाया गया कदम है। एसएसपी के अनुसार पुलिस की योजना के तहत नगर के सभी थाना क्षेत्रों में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों की जानकारी संबंधित थानों के पास उपलब्ध रहेगी। पुलिसकर्मी नियमित रूप से उनसे संपर्क करेंगे और उनकी सुरक्षा से संबंधित फीडबैक लेंगे। अगर किसी बुजुर्ग को अपने आसपास संदिग्ध गतिविधि, किसी व्यक्ति की आवाजाही या किसी अन्य तरह की परेशानी महसूस होती है तो पुलिस तक यह सूचना तत्काल पहुंचाई जा सकेगी। एसएसपी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह विशेष अभियान शुरू किया गया है।

सभी थाना क्षेत्रों में रहने वाले बुजुर्गों के मोबाइल नंबर संबंधित थानों में उपलब्ध रहेंगे और पुलिस सप्ताह में एक बार उनसे संपर्क कर उनकी खैरियत पूछेगी। साथ ही आसपास होने वाली आपराधिक गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी ली जाएगी। मिठनपुरा थाना क्षेत्र में रिटायर्ड बैंककर्मी अशोक कुमार और उनकी पत्नी की हुई हत्या के बाद पुलिस की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के साथ सीधा संवाद बढ़ाने और उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शुरू किया गया यह अभियान बुजुर्गों की सुरक्षा मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## फर्जी पेमेंट रसीद से ठगी करने वाले अंतरजिला साइबर फ़्रॉड गिरोह के मास्टरमाइंड समेत शातिर 3 गिरफ्तार


मामले की जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** व्यवसायियों को फर्जी पेमेंट रसीद दिखाकर सामान ठगने वाले अंतरजिला साइबर गिरोह का पुलिस ने पदार्फाश किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के मास्टरमाइंड समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, 15 और 16 सितंबर को आरोपियों ने फर्जी ट्रांजेक्शन रसीद दिखाकर कुल 1.20 लाख रुपए से अधिक का भुगतान किए जाने का झांसा दिया और रैपिडो डिलीवरी के जरिए 210 मोबाइल फोल्डर मंगवा लिए। बाद में व्यापारी ने बैंक स्टेटमेंट की जांच की तो भुगतान फर्जी होने का पता चला। मामले की शिकायत मिलने के बाद एसएसपी के निर्देश पर साइबर डीएसपी हिमांशु कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी जांच और साक्ष्यों के आधार पर मुख्य आरोपी मनीष कुमार को दो मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और जांच के दौरान यह बात सामने आई कि मनीष पहले मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता था। इसके बाद वह मोबाइल और तकनीकी जानकारी का इस्तेमाल कर व्यवसायियों को निशाना बनाने लगा। पुलिस ने मनीष की निशानदेही पर डिलीवरी लेने वाले मोतीपुर निवासी रिमझिम कुमार को बाइक और मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। इसके बाद ठगी का सामान खरीदने वाले मोबाइल दुकान संचालक राजेपुर निवासी मो परवेज आलम को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी डिजिटल टूल्स और कथित तौर पर जाली ऐप्स की मदद से असली जैसी दिखने वाली फर्जी पेमेंट रसीद और स्क्रीनशॉट तैयार करता था और सामान मिलने के बाद उसे कम कीमत पर बेचकर आर्थिक लाभ कमाता था। पुलिस ने फर्जी पेमेंट वाउचर पर डिलेवर किए गए 210 मोबाइल फोल्डर भी बरामद कर जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अभी जांच की जा रही है। साथ हीं गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के संबंध मे जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

खेत में बकरी चले जाने को लेकर शुरू हुए विवाद में हिंसा

## चाकू से गोदकर राजमिस्त्री सह ठेकेदार की हत्या, गांव में तनाव



घटनास्थल पर जांच को पहुंची पुलिस टीम व मृतक संतोष साह का फाइल फोटो।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** कांटी थाना क्षेत्र के छपरा धर्मपुर यदु गांव में रविवार की देर शाम धान के खेत में बकरी चले जाने को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी झड़प में बदल गया। आरोप है कि पड़ोसी पक्ष के दो भाइयों ने चाकू से हमला कर 40 वर्षीय संतोष कुमार साह की हत्या कर दी। वहीं बीच बचाव करने पहुंचे संतोष के छोटे भाई राजू साह और उनकी नाबालिग बेटी भी घायल हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। घटना के संबंध मे बताया गया है कि रविवार की शाम संतोष कुमार साह की बकरी अचानक पड़ोसी के धान के खेत में चली गई थी।

बकरी के खेत में जाने को लेकर पड़ोसी पक्ष के लोग नाराज हो गए। देखते ही देखते कहासुनी शुरू हो गई और विवाद बढ़कर मारपीट तक पहुंच गया। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान पहले एक महिला के साथ अभद्रता और मारपीट की गई। इसके बाद दोनों पक्षों की महिलाओं के बीच भी कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में हिंसक झड़प शुरू हो गई। मृतक संतोष के परिजनों का आरोप है कि इसी दौरान आरोपी पक्ष के दोनों भाई घर से चाकू लेकर मौके पर पहुंचे। दोनों ने संतोष कुमार साह पर हमला कर दिया। चाकू लगने के बाद संतोष मौके पर ही गिर गए। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे उनके छोटे भाई राजू साह और उनकी नाबालिग बेटी भी घायल हो गईं। हमले के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग मौके पर जुट गए।

### घटना को अंजाम देकर पड़ोस के दो भाई फरार, गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी

गंभीर रूप से घायल संतोष को आनन-फानन में इलाज के लिए एसकेएमसीएच ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार संतोष के सीने में दिल के पास करीब चार इंच गहरा घाव था। अत्यधिक खून निकलने की वजह से उनकी मौत हुई। वहीं संतोष साह की मौत की खबर गांव में पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। उधर, घटना को लेकर गांव में तनाव का माहौल बन गया।मृतक संतोष कुमार साह राजमिस्त्री का काम करने के साथ सेन्ट्रिंग के ठेकेदार भी थे। बताया जा रहा है कि घटना को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना मिलने पर कांटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को सुरक्षित कर जांच शुरू की। पुलिस ने घटना के संबंध मे आसपास के लोगों से भ पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। एसडीपीओ पश्चिम वन सुचित्रा कुमारी ने बताया कि कांटी थाना क्षेत्र में संतोष कुमार नामक व्यक्ति की चाकू गोदकर हत्या की गई है। मामले में दो आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। दोनों आरोपी फिलहाल फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम छापेमारी कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल को प्रिजर्व कर जांच की जा रही है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# 128 साल पुराने एलएस कॉलेज की जमीन की हुई पैमाइश

कॉलेज की जमीन में बीआरए बिहार विवि का गेट बनाए जाने को लेकर चल रहे विवाद पर कार्रवाई

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के 128 साल पुराने एलएस कॉलेज की जमीन की सोमवार को पैमाइश कराई गई। कॉलेज की जमीन में बीआरए बिहार विवि का गेट बनाए जाने को लेकर चल रहे विवाद के बीच मुशहरी अंचल के अमीन रविरंजन ने कॉलेज परिसर पहुंचकर गेट और बाउंड्री के आसपास जमीन की नापी की। पैमाइश पूर्व तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी और एलएस कॉलेज के पूर्व छात्र अनिल कुमार सिंह के प्रतिवेदन के बाद कराई गई।

अब जमीन के रिकॉर्ड और खेसरा का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद सीमांकन को लेकर रिपोर्ट तैयार होगी। अनिल कुमार सिंह के अनुसार, एलएस कॉलेज और विश्वविद्यालय के बीच सीमांकन के लिए पहले से गेट लगाया गया था। विश्वविद्यालय की ओर से कॉलेज की जमीन के अंदर नया गेट बनाए जाने की बात सामने आने के बाद विवाद शुरू हुआ। उन्होंने इस संबंध में बिहार


बीआरए बिहार विवि के नव निर्मित महाराजा गेट, जिसको लेकर चल रहा विवाद।

### अब जमीन के रिकॉर्ड और खेसरा का सत्यापन किया जाएगा

सरकार के अपर सचिव, जिलाधिकारी और एसडीओ को पत्र लिखकर जमीन का आधिकारिक सीमांकन कराने की मांग की थी। उनके आवेदन के बाद एसडीओ के निर्देश पर मुशहरी अंचल को नापी कराने का आदेश दिया गया। अनिल कुमार सिंह ने कहा कि एलएस कॉलेज की स्थापना 1899 में हुई थी। उनके अनुसार, विश्वविद्यालय की स्थापना के समय कॉलेज के पास करीब 80 एकड़ जमीन थी, जिसमें से लगभग 21 एकड़ जमीन विश्वविद्यालय के लिए दी गई थी।

उन्होंने कहा कि समय के साथ कॉलेज की जमीन के कुछ हिस्सों में विश्वविद्यालय के विभागों का निर्माण हुआ। ऐसे में जमीन की वास्तविक सीमा स्पष्ट करने के लिए सरकारी स्तर पर सीमांकन जरूरी है। एलएस कॉलेज पूर्ववर्ती छात्र संघ के अध्यक्ष अरविंद वरुण ने कहा कि विश्वविद्यालय अपना गेट बनाए, लेकिन कॉलेज की जमीन पर नहीं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की सिंडिकेट में पहले जियोलॉजी विभाग के सामने नया गेट बनाने का प्रस्ताव पारित होने की बात सामने आई थी। वहीं मुशहरी अंचल के अमीन रविरंजन ने बताया कि फिलहाल गेट के आसपास जमीन की पैमाइश की गई है। शुरूआती जांच में गेट और कॉलेज की बाउंड्री सही जगह पर मिली है।

संबंधित खेसरा भी सही बताया जा रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि अंतिम स्थिति रिकॉर्ड के सत्यापन के बाद ही स्पष्ट होगी। रिकॉर्ड और जमीन की वास्तविक स्थिति में कोई अंतर मिलने पर उसकी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। फिलहाल पैमाइश और रिकॉर्ड सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। अंतिम रिपोर्ट आने के बाद ही एलएस कॉलेज और बीआरए बिहार विवि के बीच जमीन की सीमा तथा गेट की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मड़पा में 26 सितंबर को आयोजित होगा 43 वां लंगर गौस ए आजम और आठवाँ मुफ़्ती ए आजम बिहार सम्मेलन

**सोनबरसा/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 सितंबर को मड़पा में लंगर ए गौस ए आजम और आठवां मुफ्ती ए आजम बिहार कांफ्रेंस आयोजित होगा। यह भव्य इल्मी और रूहानी महफि ल महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि श्रद्धा, प्रेम और निरंतरता के एक उज्ज्वल इतिहास का प्रतीक है। उक्त बातें समाजसेवी मो. मोहिबुल्लाह खान ने कही।

उन्होंने कहा कि पिछले 43 वर्षों से बिना किसी रुकावट के लगातार इस कार्यक्रम का आयोजन होना, अहले सुन्नत व जमाअत के जागरूक होने तथा हुजूर गौस-ए-आजम रज़ियल्लाहु अन्हु से उनकी गहरी श्रद्धा और अटूट लगाव का प्रत्यक्ष प्रमाण है। कांफ्रेंस की अध्यक्षता मुफ़्ती ए आजम बिहार हजरत मौलाना मुफ़्ती मुहम्मद सनाउल्लाह खाँ मरपावी करेंगे। कार्यक्रम को ताजुश्शरीआ तौसीफ ए मिल्लत हुजूर तौसीफ रजा खाँ, बरेली शरीफ की रूहानी सरपरस्ती हासिल है। मो. मोहिबुल्ला के मुताबिक कार्यक्रम में आम जनता के साथ बड़ी संख्या में उलेमा, शोअरा और खुतबा भी उपस्थित होते हैं।

कार्यक्रम के माध्यम से नई पीढ़ी को औलिया ए किराम की शिक्षाओं से जोड़ने का कार्य लगातार सफलतापूर्वक जारी है। उर्स ए गौस ए पाक के इस मंच से हमेशा उम्मत की एकता, समाज सुधार और अच्छे आचरण का संदेश दिया जाता है। कहा कि 43 वर्षों का यह निरंतर सफर संस्थापकों, आयोजकों और उपस्थित लोगों की निष्ठा एवं नेक नीयत का परिणाम है।

### पटना ओपन जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2026 में मुजफ्फरपुर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** पटना में आयोजित प्रथम पटना ओपन जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2026 में मुजफ्फरपुर के ओम स्केटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 9 पदक (3 स्वर्ण एवं 6 रजत) प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत,



प्रतियोगिता में नौ पदक जीतने वाले मुजफ्फरपुर के स्केटर्स।

**3 स्वर्ण एवं 6 रजत पदक जीतकर ओम स्केटिंग के खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का गौरव**

लगन, अनुशासन एवं उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता हासिल की। इस उपलब्धि से अकादमी के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों में खुशी का माहौल है। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी में असली गुप्ता, संवि पटेल, एवं नित्यांता सिंह शामिल रही। जबकि रजत पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों मे आरिब भारद्वाज, अर्नब गुप्ता, गुड्डू कुमार,जानवी शर्मा, अनुष्का, उत्कर्ष आनंद शामिल रहे।ओम स्केटिंग अकादमी के संस्थापक अरविंद कुमार एवं अंकित कुमार ने सभी विजेता खिलाड़ियों को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास और स्केटिंग के प्रति समर्पण ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे इसी तरह आगामी प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नई ऊँचाइयों को प्राप्त करें। ओम स्केटिंग अकादमी के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मुजफ्फरपुर को गर्व है।

### अफजल इमाम पर अनर्गल बयानबाजी करना एमएलसी चुनाव मे प्रशांत किशोर को पड़ेगा भारी : अब्दुल मजीद

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** पटना के तीन बार मेयर रह चुके अफजल इमाम के संदर्भ मे विधान परिषद चुनाव को लेकर जन सुराज के सूत्रधार एवं विधायक प्रशांत किशोर द्वारा अनर्गल बयानबाजी किए जाने को लेकर जन सुराज पार्टी के समर्पित कार्यकर्त्ता एवं जिला प्रवक्ता रहे अब्दुल मजीद ने जन सुराज से इस्तीफा दे दिया है। साथ हीं अब्दुल मजीद ने प्रशांत किशोर पर हमलावर होते हुए कहा है कि जन सुराज पार्टी से इस्तीफा देकर अपने गलती का एहसास करता हूँ। उन्होंने जन सुराज को मुस्लिम विरोधी पार्टी करार देते हुए कहा कि ये कम्पलिट मुस्लिम विरोधी पार्टी है। दो साल तक प्रशांत किशोर के झांसे में रहा। लेकिन सच्चाई का पता चलते हीं अपने आप को पार्टी से अलग कर लिया हूँ। अब्दुल मजीद ने कहा कि मुझे अब समझ में आ गया कि प्रशांत किशोर भाजपा के द्वारा लाया गया ऐसा मोहरा है, जो मुसलमानों को गुमराह कर भाजपा के एजेंडे पर चल कर भाजपा को लाभ पहूँचाने का काम करता है। ऐसे लोगों से बिहार के मुस्लिमों को बच कर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि पटना के तीन बार के मेयर अफजल इमाम के शान में गुस्ताखी करना पीके को महंगा पड़ेगा। बिहार के मुसलमान अब प्रशांत किशोर के झांसे में आने वाले नहीं है। मुसलमानों का वोट लेकर विधायक बने प्रशांत किशोर विधायक बनते ही मुसलमान को औकात दिखा रहे हैं। अब्दुल मजीद ने कहा कि बिहार में 8 सिटों पर होने वाले एमएलसी के चुनावों में मुसलमान प्रशांत किशोर को औकात बताने का काम करेगा।


जन सुराज पार्टी के प्रवक्ता रहे अब्दुल मजीद ने पार्टी छोडी।

### सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए शिविर आयोजित

**दनियावां।** स्थानीय प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल) की ओर से सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बिजली कंपनी के कनीय अभियंता सहित अन्य कर्मियों ने उपस्थित लोगों को घरों की छत पर सोलर प्लेट लगाने के लाभों की जानकारी दी। कर्मियों ने बताया कि सोलर प्लेट लगाने से उपभोक्ताओं को बिजली की बचत के साथ-साथ बिजली बिल में भी काफी कमी आ सकती है। उन्होंने सोलर प्लेट लगवाने वाले कई उपभोक्ताओं का उदाहरण देते हुए बताया कि सौर ऊर्जा के उपयोग के बाद उनका बिजली बिल शून्य तक हो गया है। इस दौरान लोगों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा इससे संबंधित जानकारी भी दी गई।

# महिलाओं के प्रति अमर्यादित टिप्पणी पर बंशीधर ब्रजवासी सार्वजनिक रूप से मांगें माफी : जदयू

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जनता दल यूनाइटेड के मुजफ्फरपुर जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बिहार विधान परिषद की सदस्य एवं जदयू प्रदेश प्रवक्ता डॉ. भारती मेहता तथा जदयू प्रदेश प्रवक्ता एवं बिहार राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अंजुम आरा ने तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के वर्तमान विधान पार्षद बंशीधर ब्रजवासी द्वारा महिलाओं के संबंध में की गई कथित अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई।

दोनों नेत्रियों ने कहा कि राजनीतिक मतभेद, चुनावी प्रतिस्पर्धा और वैचारिक विरोध लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन महिलाओं की गरिमा और अस्मिता के विरुद्ध किसी भी प्रकार की अमर्यादित भाषा स्वीकार्य नहीं हो सकती। विधान परिषद जैसे उच्च सदन के सदस्य से सार्वजनिक जीवन में और अधिक मर्यादित एवं जिम्मेदार आचरण की अपेक्षा होती है। उन्होंने कहा कि श्री ब्रजवासी को अपने कथित आपत्तिजनक वक्तव्य पर अब तक सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त कर बिहार की आधी आबादी—माताओं, बहनों और बेटियों-से माफी मांगनी चाहिए। महिलाओं के सम्मान के प्रश्न को किसी राजनीतिक विवाद या चुनावी बहस का विषय नहीं बनाया जा सकता।

डॉ. भारती मेहता एवं अंजुम आरा ने कहा कि हाल में जदयू के प्रदेश प्रवक्ता एवं तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित प्रत्याशी इंजीनियर अभिषेक कुमार झा ने श्री बंशीधर ब्रजवासी से उनकी अनुशंसा से जुड़े विद्यालयों में लगाए गए आरओ /वॉटर प्यूरीफायर की लागत और प्रक्रिया से संबंधित सवाल उठाए हैं।


प्रेस वार्ता को करतीं जदयु नेत्री डॉ. भारती मेहता एवं अंजुम आरा व उपस्थित अन्य।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मुजफ्फरपुर के 66 सरकारी विद्यालयों में आरओ/वॉटर प्यूरीफायर लगाने के लिए लगभग 50 लाख तक की राशि की अनुशंसा किए जाने की बात सामने आई है। इस संबंध में टेंडर, बीओक्वी, सप्लाई ऑर्डर, बिल, भुगतान वाउचर तथा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र आदि दस्तावेज सार्वजनिक करने और मामले की जांच की मांग की गई है।

दोनों नेत्रियों ने स्पष्ट किया कि इन आरोपों की जांच संबंधित सक्षम एजेंसी द्वारा की जानी चाहिए और दस्तावेजों के आधार पर ही अंतिम निष्कर्ष निकलना चाहिए। लेकिन यदि किसी जनप्रतिनिधि के कार्यों और सार्वजनिक धन के उपयोग को लेकर गंभीर सवाल उठते हैं, तो उनका सीधा और तथ्यात्मक जवाब देना लोकतांत्रिक जवाबदेही का हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि सवालों का जवाब देने के बजाय यदि बहस को महिलाओं की गरिमा, जाति या अन्य भावनात्मक मुद्दों की ओर मोड़ने का प्रयास किया जाता है, तो इससे मूल सवालों का समाधान नहीं होता। जिस तरह जनप्रतिनिधि दूसरों से पारदर्शिता और हिसाब मांगते हैं, उसी तरह उनके अपने कार्यों और अनुशंसाओं से जुड़े सवालों पर भी पारदर्शिता और दस्तावेज सार्वजनिक होना चाहिए।

अंजुम आरा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की सामाजिक पृष्ठभूमि का सम्मान होना चाहिए, लेकिन जाति को ऐसे सवालों से बचने के साधन के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए, जिनका जवाब दस्तावेज और तथ्य देकर दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और पिछड़े-अति पिछड़े वर्गों का सशक्तीकरण किसी व्यक्ति की निजी राजनीतिक ढाल नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की व्यापक जिम्मेदारी है। बिहार में सामाजिक न्याय, महिला सशक्तीकरण और राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में लंबे समय से नीतिगत प्रयास हुए हैं।

डॉ. भारती मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में श्री नीतीश कुमार के महिला सशक्तीकरण से जुड़े कार्यों को सार्वजनिक रूप से व्यापक रूप से देखा गया है। पंचायती राज एवं नगर निकायों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, जीविका के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने तथा सरकारी सेवाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने जैसी नीतियों ने बिहार के सामाजिक परिदृश्य को प्रभावित किया है।

उन्होंने कहा कि ऐसे में किसी महिला के प्रति अमर्यादित टिप्पणी करते हुए श्री नीतीश कुमार की तस्वीर या उनके नाम का राजनीतिक बचाव के लिए इस्तेमाल करना उचित नहीं है। दोनों नेत्रियों ने कहा कि तिरहुत की पहचान शिक्षा, ज्ञान और बौद्धिक परंपरा से रही है। यहां के स्नातक मतदाता शिक्षित और जागरूक हैं तथा वे सार्वजनिक जीवन में मयार्दा, जवाबदेही और पारदर्शिता की अपेक्षा रखते हैं। उन्होंने कहा कि तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के सामने अब यह विषय है कि उनका प्रतिनिधि सार्वजनिक सवालों का जवाब तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर दे तथा महिलाओं के सम्मान और लोकतांत्रिक मयार्दा के प्रति संवेदनशील रहे। डॉ. भारती मेहता एवं अंजुम आरा ने कहा कि श्री बंशीधर ब्रजवासी को महिलाओं के प्रति की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी पर सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त कर माफी मांगनी चाहिए तथा अपने कार्यों और अनुशंसाओं से जुड़े सवालों का तथ्यात्मक जवाब देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में आलोचना का जवाब आलोचना से नहीं, बल्कि तथ्य, दस्तावेज, पारदर्शिता और मर्यादित संवाद से दिया जाना चाहिए। इस प्रेस वार्ता में सोनी तिवारी, सुधा चौधरी, जानकी श्रीवास्तव, रंजना पटेल, मीना सर्राफ, अर्चना देवी, संगीता देवी, नूतन चौधरी, प्रो. संगीता सिंह, सावित्री देवी राम, अनुपमा सिंह, बीनते जहरा, रेखा सोनी शामिल रहीं।

# लालबकैया नदी में डूबने से दो सगी बहनों की मौत

**ऐतवार पबनी पर व्रती महिलाओं के साथ स्नान करने गयी थीं दोनों**

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** लालबकैया नदी के जमुआ घाट पर ऐतवार पबनी पर ब्रती महिलाओं के साथ स्नान करने गयी दो सगी बहने डूब गयी है। घटना के दूसरे दिन की शव की बरामदगी नहीं होने से परिजन में कोहराम मचा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की जमुआ पंचायत के वार्ड- 14 निवासी राजकरण राय की दो पुत्री रविवार को करीब 11 बजे अपने घर के आसपास के पड़ोसी महिलाओं के साथ जमुआ घाट पर स्नान करने गई और गहरे पानी में डूब गई। घटना की सूचना पर स्थानीय गोताखोरों के साथ

**जमुआ घाट पर हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम**

एसडीआरएफ की पहुँची टीम रविवार और सोमवार को लगातार शव की तलाश की परन्तु नहीं मिलने से घर के लोगों में कोहराम मचा हुआ है। दूसरे दिन भी दोनों सगी बहनों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। डूबने वालों में जमुआ पंचायत के वार्ड- 14 निवासी मजदूर राजकरण राय की 10 वर्षीय पुत्री राधा कुमारी और 8 वर्षीय पुत्री सोनाक्षी कुमारी शामिल है।

बताया जाता है कि राजकरण राय मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, पिछले वर्ष उनकी पत्नी का निधन भी एक हादसा के तहत हो चुका है। ऐसे में दोनों मासूम बेटियों के नदी में डूबने की घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना को लेकर गांव में भी मातम पसरा हुआ है। सीओ आशीष आनन्द बताते है कि एडीएम आपदा से बात की जा रही है ताकि पुनः मंगलवार को शव की तलाश की जा सके।उन्होंने यह भी कहा कि हो सकता है कि शव बहकर शिवहर के बेलवा घाट की ओर चली गयी है इस मामले को लेकर प्रशासन पूरी तरह गंभीर है, हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

## जीवन की आस, सीतामढ़ी समूह के सौजन्य एवं रेडक्रॉस का रक्तदान शिविर का सफल आयोजन


रक्तदाताओं को सम्मानित करते सचिव राजेश कुमार सुन्दरका, घनश्याम व्यास व दीपक कुमार व अन्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जीवन की आस, सीतामढ़ी समूह के सौजन्य एवं इण्डियन रेड क्रॉस सोसाइटी, सीतामढ़ी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन हुआ। शिविर के प्रभारी दीपक कुमार की देख रेख में रक्तदान शिविर की खास बात रही कि कई रक्तदाता पहली बार रक्तदान कर रहे थे तो सभी रक्तदाता युवा ही थे, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ रक्तदान किया।

रेड क्रॉस के सचिव राजेश कुमार सुन्दरका ने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं होता, इसे केवल इंसान ही इंसान को दे सकता है। रेड क्रॉस का प्रयास रहता है कि हर जरूरतमंद को ब्लड उपलब्ध हो। रेड क्रॉस के कार्यसमिति सदस्य घनश्याम व्यास ने कहा कि रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है और यहीं सच्ची मानव सेवा है। कैट के सचिव आलोक कुमार ने कहा कि रेड क्रॉस की सेवा में लगातार विस्तार हो रहा है, जिसका लाभ सीतामढ़ी को मिल रहा है।

मौके पर जीवन की आस के संस्थापक दीपक कुमार की सक्रियता से रंधीर कुमार, राहुल कुमार, संजय कुमार, सुधीर कुमार, किशन कुमार, देव कुमार, राजीव कुमार, नन्दन कुमार, नवीन कुमार, मुन्ना कुमार, सौरभ कुमार समेत 11 लोगों ने रक्तदान किया। जिसे रेड क्रॉस की ओर से सचिव राजेश कुमार सुन्दरका द्वारा प्रशस्ति-पत्र, मोमेंटो और तिरंगा दुपट्टा ओढ़ाकर कर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन हेतु एलटी प्रगति कुमार, एलटी जीवेश मिश्रा, सुनील कुमार, सुभाष कुमार ने अपना योगदान दिया।

## पिस्टल के बल पर होमगार्ड जवान व भाभी से दिनदहाड़े लूट

### जेवर व बैग लेकर फरार हुए अपराधी, मामले की जांच शुरू

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** सरैया थाना क्षेत्र के बिसरपट्टी गांव के समीप एसएच-86 पर सोमवार दोपहर बाइक सवार अपराधियों ने पुलिस गश्ती को धता बताते हुए होमगार्ड जवान और उनकी भाभी को पिस्टल के बल पर लूट लिया। बदमाश महिला के गले से सोने की चेन, कान की बाली और नाक की नथिया समेत पर्स व बैग लूटकर हथियार लहराते हुए रघुनाथपुर की ओर फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई लूट की घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र के शम्भूपुर कुआंरी गांव निवासी चंदन कुमार होमगार्ड जवान हैं। उनकी भाभी की मां की तबीयत पिछले कुछ दिनों से खराब चल रही है। सोमवार दोपहर चंदन अपनी भाभी को बाइक से उनके मायके जैतपुर थाना क्षेत्र के कोलवारा गांव ले जा रहे थे। इसी दौरान एसएच-86 पर बिसरपट्टी गांव के समीप पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर उनकी बाइक रोक दी। बाइक रुकते ही बदमाशों ने दोनों पर पिस्टल तान दी और जान से मारने की धमकी देते हुए महिला से उसके पहने हुए आभूषण उतरवा लिए। इसके बाद बदमाशों ने महिला का पर्स और सामान से भरा बैग भी छीन लिया। लूटपाट के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए रघुनाथपुर की ओर भाग निकले। घटना के बाद पीड़ित होमगार्ड जवान ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। दिनदहाड़े लूट की जानकारी मिलते ही जैतपुर थानाध्यक्ष रजनीकांत पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने पीड़ितों से घटना की पूरी जानकारी लेने के साथ बदमाशों के हुलिए के बारे में भी पूछताछ की। थानाध्यक्ष रजनीकांत पटेल ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। अपराधियों की पहचान के लिए आसपास के रास्तों और संभावित स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**फतुहा।** सोमवार को नदी थाने की पुलिस ने एक युवक को 27 डिबिया स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे जेठुली गंगा घाट से गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान जेठुली निवासी गुलशन कुमार के रूप में की गई है। अपर थानाध्यक्ष देवकर्ण बंटी ने बताया कि युवक जेठुली घाट पर स्मैक बेच रहा था। इस बात की जानकारी गश्ती कर रही पुलिस टीम को हो गयी। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# विधान पार्षद प्रो संजय कुमार सिंह ने किया वादा; शिक्षकों की समस्याओं को लेकर सड़क से सदन तक जारी रहेगा संघर्ष

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** रामदयालु सिंह महाविद्यालय में सोमवार को शिक्षक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद प्रो. संजय कुमार सिंह ने शिक्षकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, अधिकारों एवं दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों ने विभिन्न शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं सेवा संबंधी समस्याओं को लेकर अनेक सवाल रखे, जिनका प्रो. संजय कुमार सिंह ने विस्तारपूर्वक एवं तथ्यात्मक ढंग से उत्तर दिया। शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रो. संजय कुमार सिंह ने कहा कि विगत वर्षों में तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न संवर्गों के शिक्षकों की समस्याओं को लेकर उन्होंने सदन में मजबूती से आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार ने भी संवेदनशीलता दिखाने का कार्य किया है। उन्होंने शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी शिक्षक हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर उनका संघर्ष सड़क से सदन तक निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल शिक्षा देने का कार्य नहीं करते, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए शिक्षकों की सेवा सुरक्षा,सम्मान, अधिकार एवं अन्य समस्याओं का समाधान उच्च प्राथमिकता के साथ होना चाहिए। शिक्षक संवाद जैसे कार्यक्रमों से शिक्षकों की वास्तविक समस्याओं को सीधे समझने और उन्हें उचित मंच तक पहुंचाने में मदद मिलती है। कार्यक्रम में बूटा के महासचिव डॉ सुनील कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधि शिक्षक ही होना चाहिए।


शिक्षक संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते एमएलसी प्रो संजय कुमार सिंह।

उन्होंने कहा कि प्रो. संजय कुमार सिंह ने शिक्षकों की आवाज बनकर सदन में पूरी संजीदगी के साथ उनके मुद्दों को उठाया है तथा सरकार के साथ लगातार मजबूत संवाद स्थापित किया है। उन्होंने तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के सभी शिक्षक संवर्गों से प्रो. संजय कुमार सिंह के पक्ष में समर्थन व्यक्त करने की अपील की। बूस्टा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. जयकांत जय ने भी इसका समर्थन किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने वेतन, सेवा-संबंधी विषयों, शैक्षणिक व्यवस्था, शिक्षक अधिकारों तथा सरकार से अपेक्षाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर सवाल रखे। संवाद के माध्यम से शिक्षकों और जनप्रतिनिधि के बीच प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष व विश्वविद्यालय सदस्य डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता, बूटा महासचिव डॉ सुनील कुमार सिंह, बूस्टा कार्यकारी अध्यक्ष डॉ जयकांत जय, इंटर- डिग्री संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष डॉ राम विनोद शर्मा, डॉ राजीव कुमार, डॉ सौरभ राज, डॉ आरती कुमारी, डॉ सी के झा, डॉ रजनीकांत पांडे, डॉ मनोज कुमार सिंह, डॉ अजमत अली, डॉ अमर ज्योति रंजन, डॉ आयशा जमाल, डॉ अनुपम कुमार, डॉ आनंद प्रकाश दुबे, डॉ ललित किशोर, डॉ मनीष कुमार शर्मा, डॉ गणेश कुमार शर्मा, डॉ अमोद कुमार, डॉ अमित त्रिवेदी सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

### आयुर्वेद दिवस : परंपरा से आधुनिक स्वास्थ्य-चेतना तक

भारत की पहचान केवल उसकी प्राचीन सभ्यता, संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं से नहीं है, बल्कि उसकी समृद्ध चिकित्सा विरासत भी दुनिया के सामने उसकी विशिष्ट पहचान स्थापित करती है। आयुर्वेद इसी विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह केवल रोग होने के बाद उपचार करने की पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की एक व्यापक दृष्टि है। शरीर, मन, आहार, दिनचर्या, प्रकृति और जीवनशैली के बीच संतुलन को महत्व देने वाली यह परंपरा सदियों से भारतीय जीवन का हिस्सा रही है। आयुर्वेद दिवस इसी ज्ञान-परंपरा को समझने, उसके वैज्ञानिक पक्षों पर विचार करने और स्वस्थ जीवन के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने का अवसर है।

आज जब पूरी दुनिया आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियों के साथ-साथ जीवनशैली से जुड़ी समस्याओं से जूझ रही है, तब स्वास्थ्य को केवल बीमारी के इलाज तक सीमित न रखकर उसके व्यापक अर्थ को समझने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। अनियमित खान-पान, शारीरिक श्रम की कमी, तनाव, प्रदूषण, पर्याप्त नींद का अभाव और लगातार बदलती जीवनशैली ने अनेक स्वास्थ्य चुनौतियों को जन्म दिया है। ऐसे समय में आयुर्वेद की जीवनशैली संबंधी अवधारणाएं चर्चा का विषय बन रही हैं।
आयुर्वेद का मूल विचार है कि स्वास्थ्य केवल रोग का अभाव नहीं, बल्कि शरीर और मन के संतुलन की स्थिति है। स्वस्थ व्यक्ति के लिए नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार, पर्याप्त विश्राम, स्वच्छता, मानसिक शांति और प्रकृति के साथ सामंजस्य को महत्वपूर्ण माना गया है। यही कारण है कि आयुर्वेद को केवल औषधियों की पद्धति के रूप में देखना उसके व्यापक स्वरूप को सीमित करना होगा।

आधुनिक जीवन ने सुविधाएं तो बढ़ाई हैं, लेकिन उसके साथ अनेक नई चुनौतियां भी आई हैं। घंटों बैठकर काम करना, मोबाइल और कंप्यूटर पर निर्भरता, फास्ट फूड की बढ़ती आदत, देर रात तक जागना और व्यायाम के लिए समय का अभाव आम जीवन का हिस्सा बनता जा रहा है। इसका प्रभाव केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर भी पड़ रहा है।

ऐसे वातावरण में आयुर्वेद द्वारा बताई गई नियमित जीवनचर्या, ऋतु के अनुसार खान-पान, व्यक्तिगत स्वच्छता और शारीरिक सक्रियता जैसी बातें महत्वपूर्ण हो सकती हैं। हालांकि किसी भी चिकित्सा पद्धति को अपनाते समय आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के प्रमाण, चिकित्सकीय सलाह और व्यक्ति की विशिष्ट स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखना भी उतना ही जरूरी है।

चरक, सुश्रुत और वाग्भट जैसे आचार्यों के ग्रंथ भारतीय चिकित्सा इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। चरक संहिता में चिकित्सा और औषधि संबंधी अनेक विचार मिलते हैं, जबकि सुश्रुत संहिता को शल्य चिकित्सा के इतिहास में महत्वपूर्ण ग्रंथ माना जाता है। इन ग्रंथों ने भारतीय चिकित्सा परंपरा को व्यवस्थित स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आयुर्वेद की विशेषता यह भी रही कि उसने व्यक्ति को केवल उसके रोग के आधार पर नहीं, बल्कि उसकी प्रकृति, आहार-विहार और जीवनशैली के व्यापक संदर्भ में देखने का प्रयास किया। आज चिकित्सा विज्ञान भी रोग की रोकथाम, स्वस्थ जीवनशैली और व्यक्तिगत स्वास्थ्य प्रबंधन को बढ़ती प्राथमिकता दे रहा है। ऐसे में प्राचीन ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान के बीच संवाद की संभावनाएं बढ़ती हैं।

आयुर्वेद के प्रति सम्मान का अर्थ यह नहीं होना चाहिए कि उससे जुड़ी हर धारणा या हर उपचार को बिना प्रमाण के स्वीकार कर लिया जाए। इसी प्रकार आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियों को नजरअंदाज करना भी उचित नहीं होगा। समाज को दोनों के बीच संघर्ष की मानसिकता के बजाय वैज्ञानिक परीक्षण, प्रमाण और रोगी के हित को प्राथमिकता देनी चाहिए।

आयुर्वेदिक औषधियों की गुणवत्ता, उनकी मात्रा, उपयोग की अवधि, संभावित दुष्प्रभाव और दूसरी दवाओं के साथ उनकी अंतःक्रिया जैसे विषयों पर विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह आवश्यक है। प्राकृतिक या हर्बल होने मात्र से किसी पदार्थ को हर व्यक्ति के लिए स्वतः सुरक्षित नहीं माना जा सकता। इसलिए आयुर्वेद दिवस का संदेश केवल आयुर्वेद के प्रचार तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसका एक महत्वपूर्ण संदेश यह भी हो कि नागरिक अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हों और किसी भी चिकित्सा पद्धति को विवेकपूर्ण तथा जिम्मेदार तरीके से अपनाएं।

# आठवां वेतन आयोग और ओपीएस के मायने


डा. सुधांशु कुमार ।

केन्द्र ने आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा कर दी है । मीटिंग पर मीटिंग और गहरा मंथन चल रहा है । इससे केन्द्र एवं राज्य कर्मचारियों के चेहरे पर खुशी की लहर छा गयी , किन्तु यहां प्रश्न यह उठता है कि आठवां वेतन आयोग पूर्व की ही भांति परंपरागत तरीके से फिटमेंट फैक्टर के फार्मूले को अपनाएगा या यूपीएस की तरह यहां भी कोई कलाकारी होगी । यहां यह भी प्रश्न वाजिब है कि आखिर समय-समय पर वेतन आयोग के गठन की जरूरत क्यों पड़ती है, इसका सामाजिक - आर्थिक जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है।

यह निर्विवाद है कि हर दस साल में सामाजिक-आर्थिक स्थिति में व्यापक परिवर्तन होता है जिसे संतुलित करने के साथ क्रय शक्ति प्रभावित न हो, इसलिए समय-समय पर वेतन आयोग की अनुशंसा पर कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोत्तरी की जाती है। इस वेतन बढ़ोत्तरी का सीधा असर क्रयशक्ति पर पड़ता है। इससे उत्पादन को प्रोत्साहन मिलता है, रोजगार सृजन होता है।

यहां एक प्रश्न यह उठता है कि जब हमारा वेतन बढ़ता है तो क्या वह वाकई बढ़ता है या वह वहीं के वहीं रहता है इसे मौद्रिक एवं वास्तविक वेतन के द्वारा समझा जा सकता है।

मौद्रिक वेतन से तात्पर्य किसी कर्मचारी को उसके काम के लिए भुगतान की जाने वाली राशि है । दूसरे शब्दों में जो मुद्रास्फीति के लिए समायोजित नहीं किया जाता हो और जिसे मौद्रिक मुआवजे के रूप में भी देखा जा सकता है उसे मौद्रिक वेतन कहते हैं । वहीं दूसरी तरफ वास्तविक वेतन के अंतर्गत उसकी क्रयशक्ति मुद्रास्फीति एवं जीवन यापन की क्षमता है । इससे यह पता चलता है कि इसकी खरीदारी क्षमता कितनी है। अतः व्यक्ति की क्रयशक्ति तय करनेवाली धन की मात्रा वास्तविक वेतन कहलाती है । वास्तविक वेतन को समझने का सीधा सा फार्मूला है कि सोने में उसे रूपांतरण कर लिया जाए ।

रुपए को यदि सोने में रुपांतरित कर दिया जाए तो पाते हैं कि सन 1946 में प्रथम वेतन आयोग का गठन किया गया, तब न्यूनतम वेतन 55 रुपए था । इसी तरह 1956 में 80 रु , 1973 में 185 रु ,1986 में 750 रु , 1996 में 2750 रु, 2006 में 7000 रु, एवं 2016 में 18000 रुपए न्यूनतम वेतन था ।

इसके समतुल्य यदि देखा जाए तो हम पाते हैं कि क्रमशः 1946 में प्रति दस ग्राम सोने की कीमत 88 रु , 1956 में 90 रु , 1973 में 278 रु , 1986 में 2140 रु , 1996 में 5100 रु , एवं 2016 में 20600 रु थी और वर्तमान में इसकी कीमत 80600 रुपए प्रति दस ग्राम है। फलत : इस देश का कर्मचारी अपने न्यूनतम वेतन से 1946 में 6.25 ग्राम , 1956 में 8.8 ग्राम , 1973 में 6.6 ग्राम , 1986 में 3.5 ग्राम , 1996 में 5 ग्राम , 2006 में 8 ग्राम एवं 2016 में 6 ग्राम सोना खरीद सकता था और वर्तमान में भी मूल वेतन से 6 ग्राम ही सोना खरीदा जा सकता हैं ।

**वर्तमान समय में सेंट्रल में 50 लाख कर्मचारी , 65 लाख पेंशनर एवं राज्यों में 1. 5 करोड़ कर्मचारी एवं लगभग उतने ही पेंशनर हैं । सभी को जोड़ने पर लगभग सवा चार करोड़ लोगों पर इसका असर पड़ेगा। 2 से तीन लाख करोड़ रुपए देश की अर्थव्यवस्था में आएंगे और जब इतने रुपए आएंगे तो स्वाभाविक रूप से क्रयशक्ति भी बढ़ेगी जिससे रोजगार सृजन के साथ लोगों का जीवन भी खुशहाल होगा । दूसरी तरफ इसका सकारात्मक असर प्राइवेट सेक्टर पर भी पड़ेगा। कुछ देर से ही सही किंतु उन्हें भी सैलरी बढ़ानी पड़ती है क्योंकि उससे उनकी उत्पादन क्षमता प्रभावित होने का जोखिम हो होता है ।**

इसके विश्लेषण के फलस्वरूप हम पाते हैं कि आज भी हमारी वास्तविक मजदूरी थोड़ा सा ऊपर- नीचे के साथ वहीं है जहां 1946 में थी ! हमारी वास्तविक मजदूरी नहीं बढ़ रही है , मौद्रिक मजदूरी बढ़ रही है। चूंकि हम हर काम सोने से नहीं करते, इसलिए मौद्रिक मजदूरी बढने से निश्चित रूप से क्रय शक्ति बढ़ेगी । जेब में पैसे आएंगे तो उसमें से लगभग 20 प्रतिशत टैक्स के रूप में सरकार के पास चले जाएंगे क्योंकि टैक्स स्लैब में भी व्यापक परिवर्तन होंगा ।

फिटमेंट फैक्टर - हर वेतन आयोग फिटमेंट फैक्टर के आधार पर वेतन बढ़ोत्तरी की अनुशंसा करता है । यह सरकारी कर्मचारियों एवं पेंशन भोगियों के वेतन एवं पेंशन में सुधार के लिए इस्तेमाल किया जानेवाला एक फार्मूला है जो उनके मूल वेतन को एक निश्चित मात्रा में बढ़ाकर एक नए वेतनमान में समायोजित करता है । इसे समझने के लिए मान लीजिए कि महंगाई 80-85 प्रतिशत बढ़ गई , तब नए वेतनमान में उसे जीरो कर दिया जाता है । इसके अंतर्गत सामाजिक - आर्थिक स्थिति को देखते हुए सभी कर्मचारियों के वेतन में एक समान बढ़ोत्तरी की जाती है। सातवें वेतन आयोग में 2.57 फिटमेंट फैक्टर था अतः 31 दिसंबर 2015 को जितनी सैलरी थी, उसे 2. 57 प्रतिशत गुणा किया गया । उसके बाद जितना बना उसे स्लैब में फिट करके बेसिक सैलरी निर्धारित की गयी ।

वर्तमान समय में सेंट्रल में 50 लाख कर्मचारी , 65 लाख पेंशनर एवं राज्यों में 1.5 करोड़ कर्मचारी एवं लगभग उतने ही पेंशनर हैं । सभी को जोड़ने पर लगभग सवा चार करोड़ लोगों पर इसका असर पड़ेगा। 2 से तीन लाख करोड़ रुपए देश की अर्थव्यवस्था में आएंगे और जब इतने रुपए आएंगे तो स्वाभाविक रूप से क्रयशक्ति भी बढ़ेगी जिससे रोजगार सृजन के साथ लोगों का जीवन भी खुशहाल होगा । दूसरी तरफ इसका सकारात्मक असर प्राइवेट सेक्टर पर भी पड़ेगा। कुछ देर से ही सही किंतु उन्हें भी सैलरी बढ़ानी पड़ती है क्योंकि उससे उनकी उत्पादन क्षमता प्रभावित होने का जोखिम हो होता है ।

वेतन आयोग की शैली के विश्लेषणोपरांत यहां यह भी विचारणीय है कि निर्विवाद रूप से ओल्ड पेंशन स्कीम लागू कर देना चाहिए। इससे क्रयशक्ति बढ़ने से अर्थव्यवस्था तो मजबूत होगी ही भ्रष्टाचार भी नियंत्रित होगा। कर्मचारी अपनी संपूर्ण जवानी देश और समाज की सेवा में समर्पित कर देता है अतः सरकार का यह दायित्व बनता है कि उसका बुढ़ापा भी सुरक्षित हो जो ओल्ड पेंशन स्कीम से ही संभव है। अन्यथा की स्थिति में ओल्ड पेंशन विहीन असुरक्षित बुढ़ापा उसे भ्रष्टाचार की ओर प्रेरित करता है । वह अनैतिक धन संग्रह में प्रवृत्त हो सकता है जिसका दुष्परिणाम समाज एवं देश को भुगतना पड़ सकता है।

*(लेखक स्तंभकार , व्यंग्यकार एवं शिक्षाविद हैं)*
*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

## समकालीन गजल के लोकप्रिय शायर थे आरपी घायल : सिद्धेश्वर

**पटना / दैनिक नवसंदेश ।** समकालीन गजलकारों के बीच अपनी अलग पहचान बनाने वाले तथा हिंदी और उर्दू के काव्य-मंचों के लोकप्रिय शायर आरपी घायल का शनिवार की संध्या नगर के एक अस्पताल में 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्थमा से पीड़ित थे। उनके निधन से साहित्य जगत में शोक की लहर है।
भारतीय युवा साहित्यकार परिषद की गोष्ठियों में आरपी घायल अक्सर पूरी जिम्मेदारी और आत्मीयता के साथ शामिल होते थे। दुष्यंत कुमार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, घनश्याम के बाद वे हमारे शहर




के ऐसे विशिष्ट शायर थे, जिनकी गजलों में हिंदी की सहजता और उर्दू की मिठास का सुंदर संगम दिखाई देता था। उनकी गजलें सुनते हुए श्रोता को हिंदी-उर्दू शब्दकोश देखने की आवश्यकता नहीं पड़ती थी।
उनकी रूमानी गजलों में गुलाब की खुशबू जैसी कोमलता और आत्मीयता महसूस होती थी। वे अपनी शायरी से श्रोताओं के दिलों में सहज ही जगह बना लेते थे।
भारतीय युवा साहित्यकार परिषद के अध्यक्ष एवं कवि सिद्धेश्वर ने उपरोक्त उद्गार व्यक्त करते हुए आरपी घायल के निधन को साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया।
अवसर साहित्य यात्रा के माध्यम से देशभर के रचनाकारों ने भी आरपी घायल को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक-संवेदना व्यक्त करने वाले रचनाकारों में सर्वश्री किशोर सिन्हा, डा. गोरख प्रसाद मस्ताना, आराधना प्रसाद, शमा कौसर, जयंत, डा. अनुज प्रभात, अनीता रश्मि, अपूर्व कुमार, मधुरेश नारायण, सुरेंद्र अरोड़ा, वीरेंद्र कुमार भारद्वाज, मुरारी मधुकर, राज प्रिया रानी आदि शामिल हैं। *( प्रस्तुति : बीना गुप्ता)*

# भारत का हर व्यक्ति एक गुलदस्ता है

दैनिक नवसंदेश/मंथन

भारत में अगर कोई व्यक्ति कहता है कि वह इसाई है। तो वह 100 प्रतिशत सच नहीं है या कहे वह 100 प्रतिशत इसाई नहीं है उसमें 30 प्रतिशत हिंदुत्व भी होगा। मंदिरों के प्रति भी उसके अंदर आदर होगा। अगर कोई व्यक्ति कहता है कि वह हिंदू है तो यकीन मानिए वह 100 प्रतिशत हिंदू तो हो ही नहीं सकता 20 प्रतिशत ईसाई और मुसलमान भी होगा। दुख पड़ेगा तो मजार में जाकर दुआ मांगेगा। हो सकता है 20 प्रतिशत उसके भीतर नास्तिक भी हो। तभी तो वह सभी धर्मो को बराबर समझता है। यही बात मुसलमानों पर भी लागू होती है भारत का कोई भी मुसलमान 100 प्रतिशत मुस्लिम नहीं है 30 प्रतिशत हिंदुत्व भी है उसके अंदर। मुस्लिम तो वह 70प्रतिशत है। यहां के रीति रिवाज परंपराएं, है उसके अंदर, जिसे वह नए नामों से निभाता है।

यही बात सभी विचारधाराओं पर भी समान रूप से लागू होती है। चाहे वह हिंदूवादी विचारधारा हो, कम्युनिस्ट विचारधारा हो, गांधीवादी हो, राष्ट्रवादी विचारधारा हो, अंबेडकरवादी विचारधारा हो या फिर नास्तिक विचारधारा हो।

यदि कोई कहता है कि वह नास्तिक विचारधारा का है तो उसके भीतर 10 प्रतिशत कम्युनिस्ट और 10 प्रतिशत अंबेडकरवादी विचारधारा जरूर होगी। यदि कोई कहता है कि वह अंबेडकरवादी विचारधारा का है तो उसमें थोड़ी नास्तिकता और थोड़ा हिंदुत्व भी होगा। इसी प्रकार अगर वह बौद्ध है तो 30 प्रतिशत हिंदुत्व भी होगा। क्योंकि गौतम और गणेश दोनों के आराध्य हैं। अगर कोई ब्राह्मण कम्युनिस्ट है तो 20 प्रतिशत ब्राह्मण भी है, सिर्फ 80 परसेंट कम्युनिस्ट है, यह नहीं भूलना चाहिए। जाति की पहचान पीछा नहीं छोड़ती है। और यह भी सच है की कई व्यक्ति जाति पहचान से पीछा नहीं छुड़ाना चाहते। अपनी जाति के व्यक्ति को देखकर प्रेम उमड़ ही जाता है चाहे वह कितना ही बड़ा नास्तिक होगा। तभी तो जाति नहीं छूट रही है भारत में।

डा आंबेडकर कहते हैं कि डायनामाइट से धर्म ग्रंथो को उड़ाने पर भी जाति नहीं टूट सकती। क्योंकि जाति समस्या नहीं है। समस्या है जातियों के बीच ऊंच नीच, भेदभाव, असमानता और आपस में बैर। जब आपस में भेदभाव बैर खत्म हो जाएगा। सब एक दूसरे को सामान मानेंगे। तो जाति रहे न रहे कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

यहां कोई पूरा-पूरा जातिवादी भी नहीं है। डा. आंबेडकर जातिवादी होते तो ब्राह्मण स्त्री से विवाह क्यों करते ब्राह्मण


डा. संजीव खुदशाह।

यदि पूरे के पूरे जातिवादी होते तो अपनी बेटियों का विवाह मुस्लिम से दलितों से क्यों होने देते। यानी एक व्यक्ति किसी एक मामले में हंड्रेड परसेंट नहीं होता। उसके अंदर कई छोटे-छोटे परसेंट मिलकर 100प्रतिशत होते हैं। इसीलिए कभी किसी नास्तिक व्यक्ति में आपको हिंदुत्व दिख जाए तो घबराईयेगा नहीं। किसी कट्टर हिंदू में यदि आपको कोई वामपंथ दिख जाए तो उसे शंका की निगाह से मत देखिएगा। इसीलिए तो आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत कहते हैं की भारत में मुसलमान को बाहर निकालना हिंदुत्व की विचारधारा नहीं है ।

इस प्रकार आपको सिख, जैन, बौद्ध, शैव, वैष्णव, हिंदू, कबीर पंथ को मानने वाले तमाम छोटे-छोटे फिरके के लोग एक जैसे दिखेंगे। उनके बीच अंतर इतना बारीक हो जाएगा कि आप उसे पहचान भी नहीं सकेंगे। उनकी श्रद्धा को लेकर के भी घालमेल दिखेगा। सिंधी के लिए गुरु नानक देव उतने ही पूज्य हैं जितना की एक सिख के लिए। दीपावली में ये सब श्रद्धा में खड़े हुए दिखेंगे चाहे वह जैन हो, बौद्ध हो, सिख हो या भारतीय मुस्लिम।

इसीलिए आपको व्यक्तियों में विरोधाभास मिलेगा। कई बार वह कहता कुछ है और दिखता कुछ, यहां पर भी प्रतिशत का खेल है। एक व्यक्ति जिसे आप नास्तिक मानते हो वह किसी और एंगल से आस्तिक भी हो सकता है। किसी के लिए गुस्सैल तो किसी के लिए खुशमिजाज भी हो सकता है। यानी एक व्यक्ति कई छोटे-छोटे प्रतिशत मिलकर 100 होता है। आपने उसके किस हिस्से को पहचाना है वह आप पर डिपेंड करता है । ऐसा नहीं हो सकता कि वह दलित है, जाति से पीड़ित है, तो जातिवादी नहीं होगा। यदि दलित जातिवाद से ग्रसित नहीं होता तो दलितों में आरक्षण वर्गीकरण का विरोध क्यों करता। क्यों अपने से छोटी दलित जाति को लज्जित करता है जिस डा. अंबेडकर ने जाति तोड़ने पर किताब लिखी वह जातियों के संगठन में क्यों जाते थे क्योंकि वह यह मानते थे जाति जब संगठित होकर तरक्की करेगी और बाकी जातियों के समान हो जाएगी तो जाति का अस्तित्व वैसे ही कम हो जाएगा। यानी समस्या जाति में नहीं बल्कि भेदभाव, ऊंच-नीच और असमानता में है।

भारत की संस्कृति ऐसी है जिसमें हजारों संस्कृतियां आकर समा गई और अपने अस्तित्व को खो दिया। कोई इसे गंगा जमुना तहजीब कहता है। तो कोई इसे सहिष्णुता कहता है। इसीलिए भारत को अनेक प्रकार के फूलों का गुलिस्ता कहा जाता है। और भारत का एक-एक व्यक्ति हर रंग से रंगा हुआ गुलदस्ता प्रतीत होता है। इस गुलदस्ते को सहेजने की जिम्मेदारी हमारी है। इसी को विभिन्नता में एकता भी कहते हैं। आप इसकी पहचान किसी एक रंग से कर ही नहीं सकते। एक रंग से पहचान करने वाले कितने आए और कितने चले गए, उनकी खुद की पहचान मिट गई। लेकिन इंद्रधनुष रंग बिरंगा ही बना रहा।

# टावर बुला रहा है, लेकिन पहले पटना!

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राइज एंड फॉल सीजन 2 के टावर में कदम रखने से पहले, तेज प्रताप यादव ने पटना की सड़कों पर अपना पावर प्ले दिखाया। उन्होंने समर्थकों से मुलाकात की और अपने आगामी रियलिटी शो सफर को लेकर उत्साह बढ़ाया। शो में उनकी एंट्री पहले ही सामने आ चुकी है। दिन की शुरुआत एक इंटरैक्टिव मीट-एंड-ग्रीट से हुई, जहां तेज प्रताप ने रैली के लिए निकलने से पहले अपने समर्थकों से संवाद किया। इसके बाद उन्होंने भीड़ से बातचीत की और मीडिया से भी चर्चा की।

इस आयोजन में तेज प्रताप के राइज एंड फॉल सीजन 2 की दुनिया में प्रवेश से पहले उनके समर्थक बड़ी संख्या में जुटे। उन्हें तेज प्रताप से मिलने और खेल में उतरने से पहले उनकी बातें सुनने का मौका मिला।

मीट-एंड-ग्रीट से लेकर रैली तक, पूरे दिन उत्साह बना रहा। तेज प्रताप ने शो में अपने आगामी सफर और ऐसे खेल का हिस्सा बनने को लेकर बात की, जो शक्ति, रणनीति और बदलती परिस्थितियों के इर्द-गिर्द बुना गया है। इस आयोजन ने उनके बहुप्रतीक्षित प्रवेश से पहले माहौल को और रोमांचक बना दिया और उनके रिवील से जुड़ी चर्चा को टावर से पटना की सड़कों तक पहुंचा दिया।

और जहां समर्थक उनके लिए अपना उत्साह दिखाने के लिए एकजुट हुए, वहीं 'प्राइस फॉर ऑल' उन्हें खेल शुरू होने से पहले ही इसका हिस्सा बनने का मौका देता है। दर्शक वोट करके हर कंटेस्टेंट की शुरुआती वैल्यू तय कर सकते हैं। 4 लाख, 3.5 लाख या 75,000। चुनी गई वैल्यू एपिसोड 1 में कंटेस्टेंट की इन-गेम स्थिति को सीधे प्रभावित करेगी। वोटिंग विंडो 20 से 23 सितंबर तक विशेष रूप से एमएक्स प्लेयर ऐप पर लाइव है, जिससे तेज प्रताप के समर्थकों को यह तय करने का मौका मिल रहा है कि वह खेल की शुरुआत किस वैल्यू से करें।

राइज एंड फॉल सीजन 2 का स्ट्रीमिंग प्रीमियर 26 सितंबर से हर दिन दोपहर 12 बजे प्राइम वीडियो और एमएक्स प्लेयर एंड्रायड ऐप पर मुफ्त में होगा, जो अब एक नई पहचान एमएक्स प्लेयर वॉय प्राइम वीडियो के साथ उपलब्ध है।

प्राइम वीडियो भारत की सबसे बड़ी स्ट्रीमिंग सेवा है, जो एक्सक्लूसिव ओरिजिनल्स के लिए जानी जाती है। यह भारत में एक वन-स्टप एंटरटेनमेंट डेस्टिनेशन है, जहां प्राइम के साथ शामिल ब्लॉकबस्टर ओरिजिनल्स और एक्सक्लूसिव टाइटल्स के साथ-साथ फिल्मों के रेंटल का सबसे व्यापक चयन और 30 प्लस ऐड-ऑन सब्सक्रिप्शन उपलब्ध हैं।


राइज एंड फल सीजन 2 में शामिल होने से पहले तेज प्रताप यादव ने पटना में समर्थकों के साथ किया शक्ति प्रदर्शन।

फ्री वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा 'आमेजन एमएक्स प्लेयर' के प्राइम वीडियो में एकीकरण के साथ, यह एकीकृत सेवा अब भारत में और भी व्यापक दर्शक वर्ग के लिए अधिक गहरी और समृद्ध कंटेंट लाइब्रेरी उपलब्ध कराती है। इसमें हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और अन्य भाषाओं में भारतीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्मों एवं शोज की विविध रेंज शामिल है।

# सोनी सब के शो यादें की कहानी अब गाँव की जिंदगी की ओर बढ़ रही है
## जिया और मल्हार के किरदार निभाएँगे सहज राजपूत और सचिन कवेथम

**मुंबई, (दैनिक नवसंदेश)।** सोनी सब का शो यादें अपने अनोखे मिश्रण हास्य, भावनाएँ, रोजमर्रा के रिश्ते और दिलचस्प मेडिकल केस से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। डा देव मेहता (इकबाल खान) को छह महीने की सामुदायिक सेवा के लिए किलारी गाँव भेजा जाता है, जहाँ उन्हें जीवन के एक बिल्कुल अलग तरीके के साथ तालमेल बैठाना पड़ता है। इस दौरान, उनके बच्चे भी उनके साथ रहने का निर्णय लेते हैं।

गाँव में अपने परिवार के साथ नया अध्याय शुरू करते हुए कहानी नए चेहरों और ताजा समीकरणों का स्वागत करने के लिए तैयार है। कास्ट में शामिल हो रही हैं सहज राजपूत, जो जिया का किरदार निभाएँगी और इस किरदार में नया दृष्टिकोण और ऊर्जा लेकर आएँगी। उनकी एंट्री के साथ जिया की यात्रा दिलचस्प मोड़ लेती है, जब वह डा देव और उनके परिवार की नई दुनिया का हिस्सा बन जाती है। उनके साथ ही सचिन कवेथम शो में मल्हार पाटिल के रूप में प्रवेश कर रहे हैं।

मल्हार किलारी का एक आकर्षक, बेफिक्र और करिश्माई युवक है। जैसे ही मल्हार की नजर जिया पर पड़ती है, वह तुरंत उसकी ओर खिंच जाता है और दोनों के बीच एक नया समीकरण बनता है। किलारी में उनकी राहें



मिलते ही यह देखना बाकी है कि मल्हार और जिया का रिश्ता किस तरह आगे बढ़ता है।

जिया की भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए, सहज राजपूत ने साझा किया, जिया एक ऐसा किरदार है, जिसे निभाने के लिए मैं बेहद उत्साहित हूँ और मैं इसमें नया दृष्टिकोण और ऊर्जा लाने की प्रतीक्षा कर रही हूँ। जैसे-जैसे मैं उसे निभा रही हूँ, उसके बारे में बहुत कुछ नया जान रही हूँ और मुझे खुशी है कि दर्शक जिया का यह नया रूप देख पाएँगे। वह एक प्यारी और देखभाल करने वाली इंसान है और मैं उससे बहुत जुड़ाव महसूस करती हूँ। इतने गर्मजोशी और प्रतिभाशाली टीम का हिस्सा बनने पर मैं खुश हूँ।

यादें में मल्हार के तौर पर एंट्री करने के बारे में बात करते हुए, सचिन कवेथम ने कहा, मैं यादें का हिस्सा बनने और मल्हार के रूप में इस नई यात्रा की शुरुआत करने के लिए बेहद उत्साहित हूँ। वह एक आकर्षक, बेफिक्र और मासूम किरदार है और इन गुणों को अपने अभिनय के जरिए तलाशना मेरे लिए रोमांचक होगा। मैं इकघ्बाल सर और गुलकी मैम के साथ काम करने के लिए भी उत्सुक हूँ।

सोनी सब पर यादें देखना न भूलें, सोमवार से शनिवार रात 8 बजे।

# वरीय रचनाकार अरविन्द अकेला को मिला महात्मा गाँधी गौरव सम्मान

**औरंगाबाद (दैनिक नवसंदेश)।** हिन्दी साहित्य के जाने-माने रचनाकार, समाज सेवक एवं पत्रकार अरविन्द अकेला को हिन्दी साहित्य में उत्कृष्ट लेखन, हिन्दी को जन जन में पहुँचाने में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने,समाज सेवा एवं पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए महात्मा गाँधी गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया है । ज्ञात हो कि श्री अकेला को महात्मा गाँधी गौरव सम्मान 2026 नई दिल्ली की जीवरान फाउंडेशन द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर दिया गया है । श्री अकेला अति आवश्यक कार्य से नई दिल्ली नहीं जा पाए थे, इसलिए उन्हें उपरोक्तसम्मान ऑफलाइन दिया गया था ।



ज्ञात हो कि श्री अकेला अपने स्कूली जीवन काल से ही कविता लेखन कर रहे हैं तथा 1989 से सामाजिक जीवन जीकर हिन्दी साहित्य का प्रचार प्रसार कर रहे हैं । साथ ही साथ समाज सेवा भी कर रहे हैं। श्री अकेला जी 1989 से औरंगाबाद से हिन्दी पत्रकारिता की शुरुआत कर रहे हैं, तब से लेकर अबतक वह दर्जनों अखवार जैसे तूफान, हिंदुस्तान, पाटलिपुत्र टाइम्स, राष्ट्रीय सहारा, अक्षर भारत, राष्ट्रीय नवीन मेल एवं जेवीजी संध्या प्रहरी के औरंगाबाद जिला संवाददाता रह चुके हैं,इसके अलावे पटना से प्रकाशित हिंदी साप्ताहिक उत्तर बिहार, डाल्टनगंज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल एवं औरंगाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक सोनवर्षा वाणी के उप सम्पादक रह चुके हैं, सम्प्रति वे औरंगाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक सीतयोग खबर में वे वरीय उप सम्पादक हैं। श्री अकेला को 40 साल के साहित्यिक एवं सामाजिक जीवन में लगभग दो सौ से अधिक सम्मान एवं पुरस्कार मिल चुके हैं।

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### विशेष छापेमारी अभियान में चार आरोपी गिरफ्तार, पर्व को लेकर रघुनाथपुर पुलिस अलर्ट

**मोतिहारी(एनएसबी)।** रघुनाथपुर थाना पुलिस इन दिनों अपराधियों और फरार वारंटियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर अलग-अलग मामलों में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से फरार चल रहे आरोपितों में हड़कंप मचा हुआ है। 'रघुनाथपुर थानाध्यक्ष धनंजय कुमार' के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में पताही थाना क्षेत्र के परसौनी गांव निवासी नितेश कुमार को शराब के नशे में हंगामा करने के आरोप में पकड़ा गया। वहीं बालगंगा निवासी दिरा मांझी और चंदर मांझी के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था। दोनों काफी समय से फरार चल रहे थे, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा रघुनाथपुर निवासी नैन सहनी को इस्तहार वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी चारों आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि फरार आरोपितों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

### अनंत चतुर्दशी को लेकर विशेष चौकसी

अनंत चतुर्दशी पर्व को लेकर भी रघुनाथपुर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। थाना क्षेत्र के मेन रोड सहित सभी संवेदनशील स्थानों पर लगातार पुलिस गश्त की जा रही है। पर्व के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल को विशेष रूप से सक्रिय रखा गया है। रघुनाथपुर पुलिस की लगातार छापेमारी, फरार वारंटियों की गिरफ्तारी और पर्व के दौरान चौकसी से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता साफ दिखाई दे रही है।

### थानाध्यक्ष मनीष कुमार के नेतृत्व में पहाड़पुर पुलिस की कार्रवाई, तीनों भेजे गए न्यायालय

**पहाड़पुर(एनएसबी)** पहाड़पुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने शराब मामले में दो आरोपियों समेत एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में भाजा छापर निवासी नंदलाल महतो एवं भोला महतो शामिल हैं। दोनों के विरुद्ध थाना कांड संख्या 536ध्25 के तहत मामला दर्ज है।वहीं टीआर-568ध्24 के मामले में बवरिया निवासी रहमतुल्लाह मियां को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया गया।

### बंद कमरे में पंखे से लटका मिला महिला का शव

**मोतिहारी(एनएसबी)।** छतौनी थाना क्षेत्र के छोटा बरियारपुर स्थित शिवनगर मुहल्ला से एक बंद कमरे में पंखे से लटका एक महिला का शव पुलिस बरामद किया है। मृतका कोटवा थाना क्षेत्र के अमवा गांव निवासी अरुण कुमार जायसवाल की पत्नी पिंकी कुमारी बताया गयी है। घटना की सूचना मिलते ही छतौनी थाना पुलिस एवं एस एस एल की टीम घटनास्थल पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज मामले की पड़ताल में जुट गयी है।प्रथम ष्टया मामला पति-पत्नी के बीच बात विवाद होने जैसा प्रतीत हो रहा है। हालांकि मृतका के पुत्र ओम कुमार जायसवाल ने बताया कि मेरी मां एक सप्ताह पूर्व नेपाल, जहां मेरे पिता कबाड़ की दूकान चलाते हैं गयी थी। वहां जाने के बाद पता चला कि शनिवार सुबह उसके माता-पिता के बीच नेपाल में ही बातचीत एवं विवाद हुई है। इसपर उसके पिता दूकान छोड़कर कहीं चला गया। इसके बाद उसकी मां नेपाल से अपने छोटा बरियारपुर शिव नगर स्थित नीजी आवास पर पहुंची। जहां बिना खाये पिए हो गयी। सुबह उसका पुत्र जगाने गया तो कमरा अन्दर से बंद था। काफी चिल्लाने के बाद कमरा नही खुली तो बच्चे ने खिड़की का शीशा तोड़कर देखा तो वह पंखे से लटकी हुई है।तब पुत्र ओम कुमार ने इसकी सूचना अपने गांव में परिजनों एवं छतौनी थाना को दी। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गेट कटवा कर शव को बरामद किया और पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज मामले की पड़ताल में जुट गयी। जानकारी देते हुए छतौनी इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही मामले की गुत्थी सुलझा लिया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

# हिंदी के प्रयोग से होगा सर्वागीण विकास

## टिप्पणी, प्रारूपण व अधिसूचना में हिंदी के प्रयोग की अपील

**मोतिहारी(एनएसबी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के राजभाषा प्रकोष्ठ एवं हिंदी विभाग की ओर से हिंदी माह के अंतर्गत 'कार्यालयी राजभाषा और प्रश्नोत्तरी' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव ने राजभाषा हिंदी के संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कार्यालयी कार्यो में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय के कार्यालयी कार्यो में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।स्वागत वक्तव्य में संस्त विभाग के सहायक आचार्य ड़ बबलू पाल ने कहा कि राजभाषा हिंदी के विकास में संस्त की तत्सम शब्दावली का महत्वपूर्ण योगदान है। हालांकि, उन्होंने कहा कि तत्सम शब्दों का




हिंदी माह के तहत राजभाषा कार्यक्रम, प्रश्नोत्तरी आयोजित।

प्रयोग करते समय इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि भाषा सहज और सरल रहे। मुख्य अतिथि उप कुलसचिव सुहर्ष कुमार ने प्रतिभागियों को कार्यालयी कार्यो में टिप्पणी, प्रारूपण, अधिसूचना एवं परिपत्र आदि में हिंदी के प्रयोग के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि विशेष कार्याधिकारी (वित्त) प्रो पंकज कुमार सिंह ने कहा कि कार्यालय के छोटे-बड़े सभी कार्यो में हिंदी के प्रयोग से राजभाषा के रूप में हिंदी का सर्वागीण विकास संभव है।इस अवसर पर हिंदी अधिकारी (अतिरिक्त प्रभार) ड. गोविन्द प्रसाद वर्मा ने राजभाषा हिंदी के प्रयोग से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के उत्तरार्द्ध में बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित राजभाषा प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई।कार्यक्रम में हिंदी विभाग के सहायक आचार्य ड़ श्यामनंदन सहित विश्वविद्यालय के मनीष जायसवाल, मंजेश कुमार, आदित्य चतुर्वेदी, उत्पल कुमार, आदित्य (तकनीकी सहायक), विवेक सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए पौधरोपण जरूरी : प्रमोद

### पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार समेत कई अधिकारियों ने लगाए पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** स्थानीय सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल में सोमवार को 77वें वन महोत्सव के तहत पौधरोपण किया गयास'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आयोजित



पौधरोपण करते विधायक प्रमोद कुमार व अन्य।

कार्यक्रम में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह विधायक प्रमोद कुमार, उपमेयर ड लालबाबू प्रसाद, मुखिया हेमंत कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी रौशन कुमार और बीईओ अफरोज आलम ने पौधे लगाएसइस मौके पर विधायक प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा संकल्प अभियान के तहत यह पौधरोपण किया गया हैसउन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने पर जोर दियासप्रमोद कुमार ने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा व बेहतर वातावरण उपलब्ध कराते हैं कार्यक्रम के दौरान लोगों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने और पौधरोपण को जनअभियान बनाने की अपील की गईसइस अवसर पर उपेंद्र चौधरी, गुंजन प्रकाश, राजू सिंह पटेल, शिक्षक मनोज सिंह, विभाष कुमार, फैयाज अख्तर, मोहम्मद जहांगीर, संजय गिरी और वार्ड सदस्य पवन गुप्ता सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## अनंत चतुर्दशी के अवसर पर श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर व्यवस्था

### श्रद्धालुओं को सुविधा के लिए सोमेश्वर हाई स्कूल के फील्ड में लगाया गया जर्मन हैंगर एवं टेंट

### जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सोमेश्वर हाई स्कूल सहित मंदिर प्रांगण में तैयारियों का लिया जायजा

**मोतिहारी(एनएसबी)** अनंत चतुर्दशी के अवसर पर अरेराज स्थित बाबा सोमेश्वरनाथ मंदिर में बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने सोमवार को सोमेश्वर हाई स्कूल परिसर और मंदिर प्रांगण का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।श्रद्धालुओं के ठहराव के लिए सोमेश्वर हाई स्कूल के मैदान में पहली बार विशाल जर्मन हैंगर लगाया गया है। डीएम ने यहां एक हजार से अधिक गद्दों की व्यवस्था कराने के साथ अतिरिक्तटेंट लगाने का निर्देश दिया। हैंगर व टेंट में पंखे-कूलर, पर्याप्त पेयजल तथा अस्थायी शौचालय की व्यवस्था करने को कहा गया। नगर पंचायत अरेराज के कार्यपालक पदाधिकारी



सुरक्षाकमी्र।

को शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने मंदिर परिसर और वहां पहुंचने वाले सभी मार्गो का निरीक्षण करते हुए बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण और निकास व्यवस्था की जानकारी ली। मंदिर से श्रद्धालुओं के बाहर निकलने के लिए दो निकास द्वार बनाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने पर्याप्त रोशनी के लिए लाइट एवं जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।डीएम ने स्पष्ट किया कि जलाभिषेक में वीआईपी संस्ति नहीं होगी और सभी श्रद्धालुओं को समान अवसर मिलेगा। वहीं एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा कि पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारी तैनात रहेंगे। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी।अरेराज एसडीओ, एसडीपीओ, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ एवं अन्य अनुमंडल व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।

## कृषि विज्ञान केंद्र की छात्राओं ने गांवों में भ्रमण कर किया किसान सर्वेक्षण

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** कृषि विज्ञान केंद्र, पिपराकोठी के षि छात्रों के चार दलों ने सोमवार को प्रक्षेत्र भ्रमण एवं ग्रामीण जागरूकता कार्यक्रम के तहत बरकुरवा, मझौलिया और वाटगंज-झखरा गांवों का दौरा कियासभ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को किसानों की वास्तविक खेती-बाड़ी की गतिविधियों से रूबरू कराना और ग्रामीण पृष्ठभूमि को समझना थासइस दौरान छात्रों ने गांव के किसानों के खेतों पर जाकर



गांवों का सर्वेक्षण करती छात्राएं।

उनकी खेती की पद्धतियों का बारीकी से अवलोकन किया। छात्रों ने किसानों से फसल प्रणाली, बीज चयन, खाद-उर्वरक प्रबंधन, सिंचाई के साधन तथा कीट एवं रोग प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कीस इसके साथ ही छात्रों ने संरचित प्रश्नावली के माध्यम से किसान सर्वेक्षण भी किया। सर्वेक्षण में किसानों की पारिवारिक पृष्ठभूमि, शैक्षणिक स्तर, जोत का आकार, आमदनी के स्रोत तथा खेती में आने वाली प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की गईसकिसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए और छात्रों के सवालों का जवाब दिया। छात्रों ने बताया कि भ्रमण से उन्हें किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक जानकारी भी मिली। एक छात्रा ने कहा कि खेत में आकर ही पता चलता है कि किसान किन चुनौतियों का सामना करते हैं। किसानों से बातचीत कर उन्हें खेती की वास्तविक परिस्थितियों को समझने का अवसर मिलासकार्यक्रम के अंत में छात्रों ने किसानों को वैज्ञानिक खेती और जैविक खाद के महत्व की जानकारी दी। गांव के किसानों ने षि विज्ञान केंद्र की इस पहल की सराहना की।

## पिपरा थाना में चाईल्ड हेल्प डेस्क का शुभारंभ

**पीपरा(एनएसबी)** बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए बिहार पुलिस की ओर से एक विशेष पहल की गई है। पूर्वी चंपारण जिले के पीपरा थाना परिसर में रविवार को श्चाइल्ड हेल्प डेस्कश का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस नई व्यवस्था



उपस्थित बच्चे।

का मुख्य उद्देश्य बच्चों को थानों में एक सुरक्षित, भयमुक्त और मित्रवत माहौल देना है।कार्यक्रम के दौरान थानाध्यक्ष सतीश कुमार ने उपस्थित बच्चों को आत्मीयता से संबोधित किया। उन्होंने बच्चों के मन से पुलिस का डर दूर करते हुए कहा, ष्आप अपनी समस्याओं को बेधड़क होकर मुझे बताएं। इसके लिए आप सीधे थाना आ सकते हैं या मुझे कल भी कर सकते हैं।ष थानाध्यक्ष ने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि क्षेत्र में अब बच्चों को किसी भी हाल में प्रताड़ित नहीं किया जा सकता है। यदि बाल उत्पीड़न या शोषण की कोई भी सूचना मिली, तो दोषियों के खिलाफ तुरंत और कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।इस खास मौके पर पीपरा पुलिस के तमाम पदाधिकारियों व जवानों के साथ-साथ स्थानीय मीडिया कर्मी और क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने पुलिस की इस संवेदनशील पहल की सराहना की।

# एनआईसी में शपथ के साथ स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ

**मोतिहारी (डीएनएस)।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को एनआईसी (राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र), पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के कार्यालय परिसर में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनआईसी के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर एनआईसी, पूर्वी चंपारण के जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी (डीआईओ) अभिषेक कुमार मिश्रा ने कार्यालय के सभी कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। शपथ के दौरान कर्मियों ने स्वयं स्वच्छ रहने के साथ-साथ कार्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में स्वच्छता को केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी तक सीमित नहीं रखने तथा इसके प्रति समाज में जागरूकता फैलाने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों एवं कर्मियों ने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन और बेहतर कार्यस्थल के लिए




स्वच्छता शपथ लेते डीआईओ व अन्य।

आवश्यक है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर से स्वच्छता के प्रति सजग रहना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।स्वच्छता शपथ कार्यक्रम के साथ ही कार्यालय में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, स्वच्छता के प्रति जागरूकता और स्वच्छ कार्यस्थल बनाए रखने से संबंधित गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई।एनआईसी के अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यालय को स्वच्छ एवं स्वस्थ कार्यस्थल के रूप में विकसित करने के साथ-साथ कर्मियों और समाज में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है। स्वच्छता के प्रति सामूहिक प्रयास से ही स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।कार्यक्रम में एनआईसी के जिला संसाधन प्रबंधक बिपिन कुमार, नीरज कुमार सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 25 सितंबर को मोतिहारी के आसमान में दिखेगा सूर्य-किरण का रोमांच

#### नौ हक विमानों से होगा एरोबेटिक प्रदर्शन तिरंगे के रंगों से सजेगा आसमान

**मोतिहारी(एनएसबी)** भारतीय वायु सेना की प्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम (ज्ञ।ज) 25 सितंबर को मोतिहारी के आसमान में रोमांचक हवाई प्रदर्शन करेगी। नौ हक एमके-132 विमानों के साथ टीम अपने हैरतअंगेज एरोबेटिक करतबों से दर्शकों को भारतीय वायु सेना की सटीकता, अनुशासन और टीमवर्क का प्रदर्शन करेगी। 2026 के प्रशिक्षण सत्र के सफल समापन के बाद सूर्यकिरण टीम देश के विभिन्न हिस्सों में हवाई प्रदर्शनों की श्रृंखला के तहत मोतिहारी पहुंच रही है। इस वर्ष टीम में पांच नए सदस्य शामिल हुए हैं, जो अनुभवी सदस्यों के साथ मिलकर टीम की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।प्रदर्शन के दौरान हक एमके-132 विमान लूप, बैरल रोल, उल्टी उड़ान और प्रसिद्ध 'डीएनए' मैन्युवर समेत कई जटिल करतब दिखाएंगे। कुछ मैन्युवर्स के दौरान विमानों के बीच की दूरी पांच मीटर से भी कम रह जाती है। ऐसे में पायलटों के प्रशिक्षण, अनुशासन, सटीक समन्वय और आपसी विश्वास की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।प्रदर्शन को और आकर्षक बनाने के लिए विमानों में स्वदेशी रंगीन स्मोक पड लगाए गए हैं। इनके जरिए आसमान में केसरिया, सफेद और हरे रंग की धुआं-धाराएं दिखाई देंगी। यह प्रणाली भारतीय वायु सेना के बेस रिपेयर डिपो, नासिक द्वारा विकसित की गई है। वर्ष 1996 में स्थापित सूर्यकिरण टीम ने भारत में 800 से अधिक हवाई प्रदर्शन किए हैं और कई अंतरराष्ट्रीय एयर शो में भी भारतीय वायु सेना का प्रतिनिधित्व किया है। टीम का नेतृत्व ग्रुप कैप्टन अजय दसरथी कर रहे हैं। टीम के मेडिकल अफिसर फ्लाइट लेफ्टिनेंट आदर्श चौधरी बिहार के निवासी हैंस यह प्रदर्शन युवाओं को भारतीय वायु सेना की कार्यप्रणाली और सशस्त्र बलों में करियर के अवसरों से परिचित कराने का भी अवसर देगा। नौ विमान एक साथ सटीक फर्मेशन में उड़ान भरते हुए आसमान में तिरंगे के रंग बिखेरेंगे।

### शिक्षा हर बच्चे का अधिकार आरटीई के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

**मोतिहारी(एनएसबी)** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्वी चंपारण की शिक्षा इकाई की बैठक सोमवार को प्राधिकरण के सचिव नितिन त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बच्चों के शिक्षा के अधिकार, शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम तथा इससे संबंधित न्यायिक निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई।सचिव नितिन त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। संविधान के अनुच्छेद 21ए के तहत 6 से 14 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने आरटीई अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(सी) के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के लिए निजी गैर-सहायता प्राप्त विद्यालयों में प्रवेश स्तर पर कम-से-कम 25 प्रतिशत सीटों का प्रावधान है। उन्होंने इस प्रावधान को लेकर अभिभावकों, विद्यालयों और संबंधित अधिकारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।बैठक में बच्चों के शिक्षा के अधिकार से संबंधित क्पदमी ठीपूंरप ॊजपांत बनाम ैजंजम व ि डींींतीजतं - व्जीमते मामले में दिए गए न्यायिक निर्देशों के प्रभावी अनुपालन पर भी चर्चा हुई। संबंधित विभागों एवं संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर न्यायिक निर्देशों को धरातल पर लागू करने पर जोर दिया गया।बैठक में अपर न्यायाधीश-सह-अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, अरेराज बिमलेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी के प्रतिनिधि, मुंशी सिंह विधि महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक (विधि) वीरमणि कुमार तथा प्रधानाचार्य राज कुमार चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे। सचिव ने संविधान के अनुच्छेद 39(एफ) के तहत बच्चों के स्वस्थ विकास एवं गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने की दिशा में भी प्रभावी पहल की आवश्यकता बताई।

### जनगणना के आंकड़ों में गड़बड़ी मिली तो तय होगी जवाबदेही

**मोतिहारी(एनएसबी)** भारत की जनगणना-2027 के तहत जिला जनगणना पुस्तिका (डीसीएचबी) तैयार करने को लेकर सोमवार को ड़ राधाष्ण भवन में जिले के सभी चार्ज अधिकारियों की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने की। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़ों को त्रुटिरहित एवं अद्यतन करते हुए जिला हस्तपुस्तिका जारी की जाएगी। प्रारंभिक जांच में कुछ चार्ज में आंकड़ों से संबंधित विसंगतियां सामने आई हैं। इनमें 2011 में आबाद ग्राम को 2027 में गैर-आबाद दर्शाना, आबाद ग्राम में परिवारों की संख्या शून्य दर्ज करना, बेचिरागी ग्राम में परिवारों की संख्या अंकित करना तथा ग्राम का स्टेटस दर्ज नहीं करना शामिल है। इसके अलावा सरकारी प्री-प्राइमरी स्कूल, क्षेत्रफल, सिंचित भूमि, गैर-षि क्षेत्र, बिजली आपूर्ति, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य सुविधाओं, पेयजल स्रोत और स्वच्छ भारत मिशन के तहत क्षेत्र कवरेज से जुड़े आंकड़ों में भी त्रुटियां मिली हैं।जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने सभी चार्ज अधिकारियों एवं संबंधित कर्मियों को आंकड़ों की शुद्धता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि त्रुटिरहित एवं अद्यतन आंकड़े तीन दिनों के भीतर पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। किसी भी विसंगति के बरकरार रहने पर संबंधित चार्ज की जवाबदेही तय की जाएगीस मौके पर निदेशालय के नोडल अधिकारी शकील अहमद, कोषांग के प्रधान सहायक गोपाल जी मिश्रा, प्रबंधन कोषांग से अमरेश कुमार, कमलेश कुमार सिंह, वशीम परवेज, अभिजीत कुमार,कुणाल चौबे सहित संबंधित कर्मी मौजूद थे।

### गांधी संग्रहालय में अतिथिगृह-सह-अडिटोरियम के लिए फर्नीचर खरीद का होगा टेंडर

**मोतिहारी(एनएसबी)** गांधी संग्रहालय, मोतिहारी में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में गांधी संग्रहालय कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। इसमें संग्रहालय के संचालन एवं विकास से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में उपाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना, सचिव बिनय कुमार सिंह, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा निधि कुमारी समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक में नवनिर्मित अतिथिगृह-सह-अडिटोरियम के संचालन एवं फर्नीचर की व्यवस्था पर विचार किया गया। फर्नीचर खरीद के लिए टेंडर कराने का निर्णय लिया गया। संग्रहालय परिसर की दुकानों के मासिक किराये के पुनर्निर्धारण के लिए अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देशित करने तथा बकाया किराये की राशि के भुगतान के लिए संबंधित दुकानदारों को नोटिस देने का निर्णय लिया गया।कार्यकारिणी ने अल्पकालिक अवधि के लिए कार्यरत कर्मियों के मानदेय में वृद्धि का भी निर्णय लिया। इसके अलावा संग्रहालय की लाइब्रेरी के संचालन, सदस्यता प्रक्रिया निर्धारित करने, विविध बिलों के भुगतान और बैंक खाते के अडिट पर चर्चा हुई।बैठक में आगामी गांधी जयंती के अवसर पर संग्रहालय परिसर में गांधीजी के जीवन एवं विचारों से संबंधित पुस्तकों तथा खादी के स्टल लगाने का निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से आयोजित करने पर भी चर्चा की।

## संक्षिप्त खबरें

### राजनीति नहीं, कार्रवाई जरूरी, साथ ही कर दी मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिहार के जमुई में 19 सितंबर को दो नाबालिग छात्रों को रास्ते में रोककर कथित तौर पर उनके साथ मारपीट और छात्रा के साथ छेड़छाड़ किए जाने का वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। पुलिस के अनुसार मामले में सात लोगों की पहचान की गई है और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच के लिए एसआईटी भी गठित की गई है। जन सुराज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक किशोर कुमार ने इस घटना को लेकर बिहार की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जमुई की घटना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि नाबालिग छात्र-छात्रा के साथ सार्वजनिक स्थान पर इस तरह का व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकता। किशोर कुमार ने जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष द्वारा घटना के संदर्भ में 2005 से पहले के बिहार का उल्लेख किए जाने पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी आरोपियों के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई करने तथा पीड़ित छात्र-छात्रा की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने की मांग की।

### जमुई की घटना पर किशोर कुमार ने उठाए कानून-व्यवस्था पर सवाल



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** पुलिस उप महानिरीक्षक का कार्यालय, कोशी क्षेत्र, सहरसा में जनता दरबार का आयोजन सोमवार को किया गया। जनता दरबार में कोशी क्षेत्र एवं मिथिला क्षेत्र के 30 परिवादी अपनी-अपनी समस्या को लेकर आये। ज्ञात हो कि डॉ आशीष कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र वर्तमान में मिथिला क्षेत्र के भी प्रभार में हैं। पुलिस उप-महानिरीक्षक कोशी क्षेत्र सहरसा अपने कार्यालय कक्ष में सभी परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुने। परिवादियों की समस्याओं के त्वरित निपटारा हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किये। उल्लेखनीय है कि कोशी क्षेत्रीय कार्यालय में प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार लगाकर विशेष रूप से जनता की समस्याओं को सुना जाता है और उनके समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु हरसंभव प्रयास किया जाता है।

### प्रधान शिक्षकों की प्रखंड स्तरीय कमेटी गठित, सम्मानजनक वेतनमान की मांग



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के प्रधान शिक्षकों की बैठक सोमवार को घनश्याम कुमार सुमन की अध्यक्षता में हुई। इसमें प्रधान शिक्षकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से छह सदस्यीय प्रखंड स्तरीय प्रधान शिक्षक कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में ललित कुमार को अध्यक्ष, बजरंगी पासवान को उपाध्यक्ष, बिपिन कुमार को सचिव, नीतीश कुमार को कोषाध्यक्ष, विकास कुमार झा को मीडिया प्रभारी और श्वेता प्रिया को महिला प्रकोष्ठ प्रतिनिधि बनाया गया। सभी पदाधिकारियों का चयन उपस्थित प्रधान शिक्षकों की सहमति से किया गया। बैठक में जिला स्तरीय कार्यकारिणी के गठन को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। इसके लिए चन्दन कुमार, घनश्याम कुमार सुमन, द्रोण कुमार और शंकर सुमन को सदस्य चुना गया। नवगठित कमेटी के पदाधिकारियों को शिक्षकों ने बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने और प्रधान शिक्षकों की समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने की बात कही। इस दौरान प्रधान शिक्षकों ने सरकार से सम्मानजनक और उचित वेतनमान देने की मांग की। शिक्षकों ने कहा कि प्रधान शिक्षक विद्यालय के शैक्षणिक कार्यों के साथ-साथ प्रशासनिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करते हैं। ऐसे में उनकी जिम्मेदारियों को देखते हुए वेतनमान से संबंधित मांगों पर सरकार को सकारात्मक पहल करनी चाहिए। बैठक में चन्दन कुमार, घनश्याम कुमार सुमन, ललित कुमार, द्रोण कुमार, शम्स आलम, शंकर सुमन, शंकर चैधरी, बजरंगी पासवान, स्वेता प्रिया, बिपिन कुमार, मजहरूल आलम, विकास कुमार झा समेत अन्य प्रधान शिक्षक मौजूद थे।

### महाकवि विद्यापति की साहित्यिक व सांस्कृतिक विरासत यूरोप की धरती पर मंचन गर्व का विषय



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** मिथिलांचल, महाकवि विद्यापति की कर्म एवं जन्मभूमि, की भाषा और साहित्यिक परंपरा की गूँज सर्वदिशाओं में सुनाई देती रही है और अब यह यूरोप तक भी पहुँच चुकी है। इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में रविवार को स्थानीय समय 12 बजे से देर शाम तक पहली बार महाकवि विद्यापति समारोह 2026 का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। यह समारोह इंटरनेशनल मैथिल डायस्पोरा, जर्मनी द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें यूरोप के विभिन्न देशों में रह रहे मैथिल परिवारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फ्रैंकफर्ट के सालबाउ गैलुस में आयोजित इस समारोह में कार्यक्रम की सम्मानित अतिथि राजीव कुमार, भारत की महावाणिज्यदूत, फ्रैंकफर्ट में उपस्थित रहें और समारोह को संबोधित किया। यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से मिथिला एवं भारत की भाषा, साहित्य, संस्कृति और संगीत को वैश्विक मंच पर स्थापित करने के उद्देश्य को समर्पित था तथा भविष्य में भी इस विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में मैथिली लोक संगीत, पारंपरिक मिथिला प्रस्तुतियाँ,भारतीय शास्त्रीय संगीत, विद्यापति भजन, भारतीय इतिहास की झलकियाँ, समकालीन भारतीय नृत्य, कविता एवं साहित्यिक प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके साथ ही फ्रैंकफर्ट ब्लूज बैंड की संगीत प्रस्तुति ने भी पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। यह आयोजन केवल मैथिल समुदाय का मिलन समारोह नहीं था, बल्कि एक प्रभावशाली अंतर-सांस्कृतिक मंच के रूप में भी उभरकर सामने आया। इस मंच ने भारत से दूर रह रहे प्रवासियों को अपनी गौरवशाली भारतीय एवं मैथिली विरासत से जुड़ने, उसे जीवंत रखने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का अवसर प्रदान किया। साथ ही, आपसी संवाद और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से विविध संस्कृतियों को समझने और अनुभव करने का अवसर भी मिला।इस आयोजन के अवसर पर 'मिथिला प्रभा' पत्रिका का भी विमोचन किया गया।

# पोखर में स्नान करने के दौरान 10 वर्षीय बालक की मौत

**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** बसनही थाना क्षेत्र के बरैठ पंचायत सरकार भवन के सामने स्थित पोखर में सोमवार को स्नान करने के दौरान डूबने से 10 वर्षीय बालक अंशु कुमार की मौत हो गई। मृतक तमकुल्हा गांव के वार्ड 9 निवासी राजकुमार यादव का पुत्र था। मिली जानकारी के अनुसार, अंशु पोखर में स्नान करने गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर बच्चे को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की मां अंजू देवी समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसरा रहा। बसनही थानाध्यक्ष विकास कुमार ने



बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सहरसा भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## अपर महाधिवक्ता बनने पर बिन्ध्याचल राय को किया सम्मानित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिहार सरकार द्वारा पटना उच्च न्यायालय में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बिन्ध्याचल राय को अपर महाधिवक्ता, प्रदेश पदाधिकारी सत्येन्द्र कुमार झा को स्टैंडिंग काउंसिल तथा प्रदेश सहसंयोजक मनोज कुमार सिंह को गवर्नमेंट एडवोकेट नियुक्त किए जाने पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। स्थानीय व्यवहार न्यायालय के भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी ब्रजेश कुमार ने पटना पहुंचकर नवनियुक्त विधि पदाधिकारियों से उनके



कार्यालय में मुलाकात की। उन्होंने अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों से विधि क्षेत्र से जुड़े कार्यकत्ताओं में उत्साह बढ़ा है।

## 10वीं की छात्रा मृतक रूपा की न्याय हेतु परिजनों ने डीआईजी को सौंपा ज्ञापन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सिमरीबख्तियारपुर अनुमंडल अंतर्गत तरियामा पंचायत वार्ड 4 निवासी रोमा कुमारी पति रविन्द्र कुमार शर्मा ने सोमवार को पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्यालय में डीआईजी कुमार आशीष को ज्ञापन सौपकर उचित न्याय की गुहार लगाई है। दिये गए आवेदन में कहा मेरी बेटी की इज्जत लूट कर उसको जबरदस्ती जहर पिला कर मारने का काम किया गया। जबकि इस संबंध में अबतक कोई कार्रवाई नही होने पर पुलिस कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए अभियुक्त से मिलकर विशेष रूप से मामले की लीपापोती का आरोप लगाया गया है।

पीड़ित परिवार ने कहा कोचिंग संचालक एवं टीचर पर षडयंत्र के तहत मासूम छात्रा रूपा कुमारी की जहर पिलाकर मार डाला गया। उन्होने कहा कि मेरी प्यारी बेटी रूपा 10वीं की पढ़ाई कर रही थी। घर से करीब 8 किलोमीटर दूर के.वाई.पी. कम्प्यूटर संस्थान में कम्प्यूटर की कोर्स कर रही थी। यह कोचिंग संस्थान सुबह नौ बजे से 2 बजे तक सोमवार से शनिवार तक पढ़ाई होती है। रविवार को कोचिंग बंद रहती है। 05.10.2025 रोज रविवार जिस दिन संस्थान बंद रहती है को सुबह लगभग 8 बजे से संगीता कुमारी संस्थान से 9 बजे तक लगातार फोन करती रही कि तुम जल्दी संस्थान पर आ जाओ




विष्णु झा, मुकेश यादव सर बुला रहे हैं नहीं आओगी तो सर्टिफिकेट नहीं मिलेगा। मेरी बेटी कही कि आज रविवार है कोचिंग बंद है तो क्यों आऊँगी तो उधर से धमकी भरे लहजे में कही कि तब सर्टिफिकेट नहीं मिलेगी। इस बात पर मेरी बेटी चली गई, जाने के बाद लगभग दो बजे के बाद मेरे ससुर सहीन्द्र शर्मा के मोबाईल पर विष्णु झा ने फोन किया। जब हमलोग बख्तियारपुर अस्पताल पहुँचे तो विष्णु झा और एक शिक्षक वहाँ से भाग गया। संगीता कुमारी को हमलोग सहरसा तक लेकर आए। इस कोचिंग का मालिक मुकेश यादव ग्राम-पो०-रौता, प्रखंड थाना-सौरबाजार है जो उस दिन वहाँ मौजूद था। बख्तियारपुर थाना कांड सं0-300/25 किसी वरीय अधिकारी से जांचकर अभियुक्तों पर कठोर कार्रवाई किया जाय ताकि फिर किसी की बेटी इन दरिदों पर शिकार ना हो जाए।

# इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों नें प्राचार्य के विरुद्ध डीएम के समक्ष किया धरना-प्रदर्शन

**सहरसा षहर (एनएसबी)।** इंजीनियरिंग कॉलेज के सैकड़ों छात्रों ने सोमवार को प्राचार्य एवं कॉलेज प्रशासन की असहयोगात्मक व्यवहार,खराब भोजन एवं मानसिक उत्पीड़न के खिलाफ सोमवार को बड़ी संख्या में छात्र समाहरणालय पहुंचकर जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्या रखी।साथ ही दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। घंटो समाहरणालय के बाहर धरना पर बैठे छात्रों ने जिलाधिकारी दीपेश कुमार भोजनावकाश के समय बाहर निकले तो छात्रों ने उनके वाहन को घेर लिया।मौके पर ओएसडी राजू कुमार एवं सदर एसडीएम श्रीयांश तिवारी बच्चों की समस्या से रुबरू हुए। वही छात्रों के हंगामा को देखते जिलाधिकारी दूसरे रास्ते से बाहर निकले। वहीं ओएसडी एवं एसडीएम ने छात्रों के डेलिगेट्स से घंटो बात कर मामले को तत्काल शांत कराया। जबकि जिलाधिकारी ने महाविद्यालय के प्राचार्य को वार्ता के लिए बुलाया। जानकारी देते हुए इंजीनियरिंग कॉलेज के फाइनल ईयर के छात्र अमन राज ने बताया कि राधाष्टमी के दिन हॉस्टल मेस में छात्रों के लिए पनीर की सब्जी बनाई गयी थी



जब छात्र खाना खा रहे थे, तब पनीर की सब्जी में से मछली का टुकड़ा निकला। शुद्ध शाकाहारी एवं व्रत-त्योहार का पालन कर रहे छात्रों के लिए यह बेहद संवेदनशील मामला था। जिससे छात्रों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई।प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा कि प्राचार्य एवं कॉलेज प्रशासन द्वारा छात्रों का लगातार मानसिक शोषण किया जा रहा है। जो भी छात्र आवाज उठाता है, उसे टीसी काटकर करियर बर्बाद करने एवं निष्कासित करने की धमकी दी जाती है। इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य रामचंद्र प्रसाद ने कहा कि कुछ बच्चे महाविद्यालय में राजनीति करने में व्यस्त रहते हैं एवं पढ़ने वाले बच्चों को डिस्टर्ब करने का प्रयास करते हैं। इस मौके पर जिलाधिकारी ने प्राचार्य के समक्ष छात्रों के शिष्टमंडल के साथ घंटों वार्ता कर समस्या समाधान हेतु ठोस पहल की गई। वार्ता के दौरान जिलाधिकारी ने छात्रों से कहा कि वे मंगलवार को खुद इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंच वस्तु स्थिति की पूरी जानकारी लेंगे। इसके बाद छात्र संगठन ने इसे स्वीकार करते अपने प्रदर्शन को तत्काल स्थगित कर संतुष्ट होकर महाविद्यालय लौटै।

## सहरसा में कला व लोक परंपराओं के संरक्षण को नई दिशा देगा संस्कार भारती, कलाकारों को जोड़ने और लोक विधाओं के संवर्धन पर जोर

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** लोक संगीत कलाकारों को जोड़ने और उनके संवर्धन का कार्य को लेकर संस्कार भारती की सहरसा इकाई की साधारण सभा मणि तारा शिक्षा निकेतन, बनगांव में आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद अतिथियों का पारंपरिक रूप से पाग पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत के उपरांत कलाकार समर शांडिल्य द्वारा संगठन के ध्येय गीत के साथ साधारण सभा की औपचारिक शुरूआत हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार ने की। इस अवसर पर संस्कार भारती उत्तर बिहार प्रांत के महामंत्री सुरभित दत्त विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सभा में स्थानीय कलाकारों ने लोक परंपराओं पर आधारित नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकार पल्लवी, प्रिया रानी, तनिषा प्रिया, दिव्यांशी, काव्या एवं रक्षा की प्रस्तुतियों के माध्यम से क्षेत्र की लोक संस्कृति और परंपरागत कला विधाओं की सुंदर झलक देखने को मिली। साधारण सभा में जिला महामंत्री रवि कुमार ने संगठन की वार्षिक गतिविधियों का वृत्त प्रस्तुत किया। जिला कोषाध्यक्ष लक्ष्मी कुमारी ने कोष एवं आय-व्यय से संबंधित जानकारी दी। जिला महामंत्री ने आगामी वर्ष में प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में मिथिला कला उत्सव के तृतीय संस्करण का आयोजन सहरसा में करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके अलावा वंदेमातरम एवं संघ गीतों पर आधारित कार्यक्रमों की रचना की भी जानकारी दी गई। विधा संयोजकों राज यादव, राहुल गौरव, ललन कुमार,



दिव्यानन्द विद्यार्थी और अमन गौरव ने अपनी-अपनी कला विधाओं से संबंधित कार्यक्रमों एवं आगामी गतिविधियों की जानकारी सभा में प्रस्तुत की। सभा को संबोधित करते हुए प्रांतीय महामंत्री सुरभित दत्त ने कहा कि संस्कार भारती पंच प्रण, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण रक्षा, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य और सामाजिक समरसता पर आधारित कार्यक्रमों की रचना कर समाज में सकारात्मक विमर्श स्थापित करने का कार्य कर रही है। साधारण सभा के दौरान संस्कार भारती की सहरसा जिला कार्यसमिति का विस्तार भी किया गया। सामाजिक कार्यकत्रा रजनी खाँ को उपाध्यक्ष और रोहित झा को मंत्री मनोनीत किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष केसी ठाकुर ने किया।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी लोगों की समस्याएं, त्वरित समाधान के निर्देश

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले में आम नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान को लेकर सहरसा पुलिस द्वारा ह्यसेवा संवाद-समाधान, सीधा संवाद, त्वरित समाधानह्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने आम लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न मामलों को लेकर पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखीं। पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई करने, मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने तथा आम लोगों को प्रभावी




समाधान उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पुलिस प्रशासन की ओर से बताया गया कि इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों और पुलिस के बीच सीधे संवाद को मजबूत करना तथा लोगों की शिकायतों का समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में पुलिस पदाधिकारी, अधिकारी व आम नागरिक मौजूद थे।

# प्रशासन खुदरा दुकानदारों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक देना सुनिश्चित करें : ओमप्रकाष

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिला कृषि पदाधिकारी के कार्यालय पर उर्वरक खुदरा दुकानदारों ने प्रदर्शन किया। उनकी मांग है कि यूरिया की सरकारी कीमत 246 रुपया प्रति बैग है जबकि होलसेलर 350 प्रति बैग में देता है। डीएपी की कीमत 1350 रूपया निश्चित है और होलसेलर द्वारा 1800 रूपया में दिया जाता है। हम लोग खाद बेचने की स्थिति में नहीं है रोज किसानों से मारपीट की नौबत है। खुदरा विक्रेता के प्रदर्शन को समर्थन देते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओमप्रकाश नारायण ने कहा कि बिहार सरकार प्रखंड अंचल कार्यालय से लेकर मुख्यमंत्री सचिवालय तक भ्रष्टाचार मैं आकंठ डूबी हुई है। सरकार और प्रशासन खुदरा दुकानदारों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक देना सुनिश्चित करें ताकि सहरसा जिला के किसानों को उचित मूल्य पर खाद मिल सके। यह सरकार




भारत के अन्न दाता किसानों को अन्य सुविधा की बात तो दूर उचित कीमत पर उर्वरक देने में सक्षम नहीं है। यह किसानों के साथ घोर अन्याय।

## बिहार के सहरसा के युवा साहित्यकार अर्पित रंजन को वाराणसी में 'काशी गौरव सम्मान 2026' से नवाजा गया

# केंद्रीय मंत्री अश्वनी चैबे व आचार्य श्रीकांत ने दिया पुरस्कार

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** साहित्य, कला और संस्कृति की पावन नगरी काशी के होटल इंदु पैलेस में आयोजित ह्यकाशी कुंभ 2026ह्न के भव्य मंच पर बिहार के सहरसा जिले के 18 वर्षीय युवा साहित्यकार अर्पित रंजन को ह्यकाशी गौरव सम्मान 2026ह्न के अंतर्गत ह्यसर्वश्रेष्ठ युवा साहित्यकार पुरस्कारह्न से सम्मानित किया गया। यह राष्ट्रीय समागम मातृभाषा हिंदी संगठन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। समारोह के द्वितीय सत्र के दौरान मुख्य अतिथि परिवार कल्याण मंत्री अश्वनी कुमार चैबे और काशी विश्वनाथ गद्दी के मुख्य अर्चक आचार्य श्रीकांत मिश्रा ने संयुक्त रूप से अर्पित रंजन को यह प्रतिष्ठित सम्मान सौंपा। इस गौरवमयी क्षण के दौरान भारत सरकार के पूर्व भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। देश की बड़ी राजनैतिक व आध्यात्मिक विभूतियों ने थपथपाई पीठपुरस्कार प्रदान करते हुए पूर्व




केंद्रीय मंत्री श्री अश्वनी कुमार चैबे ने कहा कि इतनी कम उम्र में देश और समाज को सही दिशा दिखाने वाली रचनाएं लिखना सचमुच अद्भुत है। वहीं काशी विश्वनाथ गद्दी के मुख्य अर्चक आचार्य श्रीकांत मिश्रा ने अर्पित को आशीर्वाद देते हुए उनकी लेखनी की सराहना की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. कवीन्द्र नारायण श्रीवास्तव, अमरीश सिंह भोला, डॉ. राजीव श्री गुरु जी और श्री चक्रपाणि ज्ञानपुरी जी समेत कई शीर्ष राजनेता, वरिष्ठ साहित्यकार और विद्वान उपस्थित थे। वर्तमान में 12वीं कक्षा के छात्र अर्पित रंजन ने बेहद कम उम्र में अपनी विशिष्ट कला और लेखन प्रतिभा से हिंदी साहित्य जगत में एक खास पहचान बनाई है। वे अपनी बहुचर्चित पुस्तकों ह्यअर्पणह्न और ह्यआकांक्षीह्न के लेखक हैं। उनकी ये रचनाएं आज के युवाओं के संघर्ष, उनके बड़े सपनों, जीवन-मूल्यों और सामाजिक सरोकारों को बेहद प्रेरणादायक रूप में समाज के सामने प्रस्तुत करती हैं। साहित्य के क्षेत्र में उनकी इसी अद्भुत रचनात्मकता, विलक्षण प्रतिभा और उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए आयोजन समिति के ने उन्हें इस राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना। साहित्य से समाज, समाज से राष्ट्र का संदेशपोस्टर पर अंकित मुख्य ध्येय वाक्य ह्यसाहित्य से समाज, समाज से राष्ट्रह्न को चरितार्थ करते हुए अर्पित रंजन की इस ऐतिहासिक राष्ट्रीय उपलब्धि से उनके गृह जिले सहरसा समेत पूरे बिहार और हिंदी साहित्य जगत में हर्ष और गौरव का माहौल है।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक को विषैले सांप ने काटा,हालत में सुधार

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के सड़कपुर गांव में मवेशी का चारा काटने के दौरान एक युवक को विषैले सांप ने डंस लिया।युवक की पहचान सड़कपुर निवासी पृथ्वी शर्मा के पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार अंकित सोमवार को अपने घर के पीछे खेत में मवेशियों के लिए चारा काटने गया था। इसी दौरान एक विषैले सर्प ने उसके दाएं हाथ की उंगली में डंस लिया। घटना के बाद युवक ने तुरंत इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। तबीयत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर ले गए। पीएचसी में डक्टरों द्वारा त्वरित उपचार किए जाने के बाद युवक की स्थिति में सुधार हुआ, जिसके बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र में मंगलवार को लगेगा रक्तदान शिविर

**खगड़िया।** जिले के मानसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र में मंगलवार को जिला स्वास्थ्य समिति बल्ड बैंक द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। मानसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव कुमार ने बताया की 11 बजे दिन से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। डा राजीव ने कहा की रक्तदान करने से किसी को कोई नुकसान नहीं होता है, बल्कि लोग रक्तदान करके लोगों का जान बचा सकते हैं। इधर सामाजिक कार्यकर्ता सिकन्दर आजाद वक्त ने कहा की रक्तदान महादान होता है। वक्त ने कहा की रक्तदान से लोगों का जान तो बचता ही है, अपना शरीर भी स्वस्थ्य रहता है। सिकन्दर आजाद वक्त ने की लोगों को रक्तदान करना चाहिए। इधर मानसी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि आयुष कुमार उर्फ गोलू सिंह ने भी लोगों से मंगलवार को होने वाले रक्तदान शिविर में रक्तदान करने का अपील किया है। गोलू ने कहा रक्तदान से किसी भी समय आप अपने रक्तदान लोगों को कहीं भी किसी भी समय जान बचा सकते हैं। वहीं मानसी प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार ने भी प्रखंड वासियों से रक्तदान करने का अपील किया है। उन्होंने कहा हर स्वास्थ्य आदमी को रक्तदान करना चाहिए। बीडीओ ने कहा की रक्तदान से किसी भी मरीज को आप जान बचाने में सहायक होते हैं।

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत चलाया जा रहा है विशेष सफाई अभियान

**महेशखूंट।** गोगरी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत संचालित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम आगमी दो अक्टूबर तक चलेगी। पकरैल पंचायत में स्वच्छता पर्यवेक्षक रविशंकर कुमार के नेतृत्व में सोमवार को विश्वकर्मा मेला परिसर में फैली कचड़ा को स्वच्छता कर्मियों के द्वारा साफ-सफाई कराया गया। बन्नी पंचायत में प्रखंड समन्वयक सन्नी कुमार ने स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाया। महेशखूंट में स्वच्छता पर्यवेक्षक सुशील कुमार चौरसिया ने सार्वजनिक व धार्मिक स्थानों को झाड़ू लगाकर साफ-सफाई कराया। वहीं समसपुर,गोछारी, मदारपुर,बलतारा, मैरा,झिटकिया,पौरा आदि पंचायतों में भी विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर सार्वजनिक जगहों को साफ सफाई कराया गया। पकरैल में स्वच्छता कर्मी किरण देवी,प्रमीला देवी,देवकांत कुमार,रेखा देवी, योगेन्द्र सदा आदि मौजूद थे।

### गायत्री साधकों ने किया अखंड जप साधना अनुष्ठान

**खगड़िया।** जिले के मानसी प्रखंड के बलहा स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ में भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी दिवस पर गायत्री मंत्र जप साधना की गई ।मानसी प्रखंड युवा संयोजक के नेतृत्व में गायत्री परिवार की संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की धर्मपत्नी भगवती देवी शर्मा की 100वें जन्म दिवस पर मंत्र जप अनुष्ठान किया गया। साधकों ने गायत्री परिवार की सह संस्थापिका माँ भगवती देवी शर्मा जन्म शताब्दी दिवस पर संध्या में दीपोत्सव मना कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर श्रवण आर्य, सीता देवी, अयांश सहित अन्य परिजन ने प्रसाद भोग प्राप्त कर प्रसन्नता जताई।

# भोला पासवान शास्त्री जी ईमानदारी और सादगी की प्रतिमूर्ति थे : अनुराधा



-कार्यक्रम में जदयू जिलाध्यक्ष व अन्य।

**खगड़िया (डीएनएस)।** शहर के कचहरी रोड स्थित जदयू कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा की अध्यक्षता में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महान स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय भोला पासवान शास्त्री की 112वीं जयंती श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। नेताओं ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व्यक्तित्व एवं तित्व को नमन किया। मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने कहा कि भोला पासवान शास्त्री ईमानदारी, सी, त्याग और सार्वजनिक जीवन की शुचिता के प्रतीक थे। उनका जीवन आज की पीढ़ी के लिए जनसेवा और नैतिक राजनीति की प्रेरणा है। आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने कहा कि शास्त्री जी ने पद से अधिक सिद्धांत, सेवा और चरित्र को महत्व दिया। उन्होंने केंद्र सरकार से स्वर्गीय भोला पासवान शास्त्री को भारत रत्न देने तथा पटना में उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित कर स्मृति स्थल एवं संग्रहालय विकसित करने की मांग की। प्रदेश सचिव नीलम वर्मा, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज कुमार पटेल, जदयू नेता सुशांत यादव, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रभाकर चौधरी मन्टून, प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र महतो एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के नव मनोनीत जिला अध्यक्ष ड़ धीरेंद्र कुमार ने कहा कि शास्त्री जी का जीवन चरित्र, कर्म, त्याग और जनविश्वास की मिसाल है। निर्मला कुमारी, अविनाश पासवान, विणा पासवान एवं सिद्धांत सिंह छोटू ने उनके जीवन को बिहार की अमूल्य राजनीतिक-सामाजिक विरासत बताया। कार्यक्र में अनुज शर्मा, पार्वती देवी, ममता जायसवाल, मुन्नी जयसवाल, राजवर्धन कुशवाहा, नीलकमल पटेल, राजीव कुमार ठाकुर, विनिता कुमारी, रविन्द्र पोद्दार, पिंकेश कुमार, मदन सदा एवं गुलशन कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में जदयू पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अनुपस्थित कर्मियों का एक दिन का वेतन रूका

**बेलदौर।** प्रखंड कार्यालय में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक से अनुपस्थित रहे सभी कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोक दिया गया। बीडीओ ने बताया कि अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। इसके बाद उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दी जाएगी। लेखापाल अजय कुमार बैठक में अनुपस्थित थे, जबकि चरणजीत कुमार का इलाज चल रहा है। बीडीओ प्रेम कुमार यादव ने उपस्थित कर्मचारियों को कई निर्देश दिए। उन्होंने सभी पंचायत सचिवों से 15वें वित्त और षष्टम वित्त का योजनावार प्रतिवेदन जल्द से जल्द देने को कहा। साथ ही, सभी सोलर लाइट एजेंसियों का बकाया भुगतान दो दिन के अंदर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि सभी पंचायतों का तिथिवार भ्रमण कर समीक्षा की जाएगी और इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। बैठक में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी प्रमोद कुमार पासवान, सहकारिता पदाधिकारी रूपेश कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोहर कुमार चौधरी, पंचायत सचिव देवानंद, मणि कुमार चौरसिया, चंदन कुमार, रंजन राम, प्रशांत कुमार, नानकिशोर रजक, तकनीकी सहायक अमन, रविरोशन, लेखापाल बिपिन कुमार यादव, कार्यपालक जितेंद्र पासवान, भूषण कुमार, रवि कुमार, विनोद कुमार, कुंदन कुमार और वरीय लिपिक प्रदीप कुमार पंडित मौजूद थे।



बैठक करते बीडीओ।

## डॉ. धीरेंद्र कुमार बने जदयू चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**खगड़िया।** जनता दल यूनाइटेड श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के खगड़िया नगर परिषद अध्यक्ष ड़ धीरेंद्र कुमार को जदयू चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किए जाने पर हर्ष व्याप्त है। ड़ धीरेंद्र कुमार का मनोनयन जदयू चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ड़ एल़ बी़ सिंह द्वारा किया गया है। इस अवसर पर जदयू के जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने ड़ धीरेंद्र कुमार को हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि उनका मनोनयन संगठन के प्रति उनकी सक्रियता, समर्पण एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता को नई जिम्मेदारी प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ड. कुमार अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए चिकित्सा प्रकोष्ठ को जिला स्तर पर अधिक संगठित, सशक्त एवं सक्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने ड धीरेंद्र कुमार को बधाई देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय तथा जनसेवा की भावना को धरातल पर सुढ़ करने की दिशा में ड़ धीरेंद्र कुमार का अनुभव एवं सक्रियता उपयोगी सिद्ध होगी। उनके मनोनयन से चिकित्सा प्रकोष्ठ के कार्यो को गति मिलने तथा संगठनात्मक गतिविधियों के विस्तार की अपेक्षा व्यक्त की गई है। उन्होंने पुनः ड़ धीरेंद्र कुमार के उज्ज्वल कार्यकाल की मंगलकामना करते हुए कहा कि नई जिम्मेदारी के माध्यम से वे पार्टी के संगठनात्मक उद्देश्यों को जनहित के व्यापक सरोकारों से जोड़ते हुए अपनी भूमिका का प्रभावी निर्वहन करेंगे। इधर ड धीरेंद्र कुमार के जदयू चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज कुमार पटेल, प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव उमेश सिंह पटेल, धर्मेंद्र महतो, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रभाकर चौधरी मन्टून, युवा जिलाध्यक्ष सावन कुमार बंटी, छात्र जिला अध्यक्ष सिद्धांत सिंह छोटू,श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनय सिंह रोशन, जिला महासचिव राजेश सिंह मुखिया,पंकज कुमार पिंकू सिंह मुखिया, जदयू नेता गणेश पटेल, ड कौशल कुमार रवि, प्रखंड अध्यक्षों में रामप्रकाश सिंह, राजनीति प्रसाद सिंह, संजय सिंह कुशवाहा, अशोक राय, मायाराम मंडल, सुबोध साह एवं रूपेश कुमार उर्फ सहेन्द्र सिंह आदि दर्जनों कार्यकर्त्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है।



डॉ. धीरेन्द्र कुमार।

## डीएम ने प्रधानाध्यापक आशुतोष कुमार को किया सम्मानित

**खगड़िया।** जिला मुख्यालय के जेएनकेटी इंटर स्कूल में बीपीएससी से 1994 में पास करनेवाले षिक्षकों के लिये सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने कहा कि 32 साल की सेवा एक महत्वपूर्ण कड़ी है,इसमें कई उतार चढ़ाव आए होंगे जिसे आप लोगों ने बखूबी निभाया है। डीएम ने कहा कि इस तरह का आयोजन सरकारी स्तर पर भी होना चाहिएं। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी इस और ध्यान आष्ट कराया। जिलाधिकारी ने बताया गया कि मेरे खुद के परिवार में शिक्षक और मैं शिक्षक का काफी सम्मान करता हूं और मैं यह भी देखा हूं की 1994 बैच के शिक्षक के जैसा आज तक कोई शिक्षक नहीं हुआ। इस अवसर पर सेवा इतिहास के 32 वर्ष गांठ के अवसर पर जिलाधिकारी विक्रम विरकर द्वारा मोमेंटो देकर मध्य विद्यालय अलौली के प्रधानाध्यापक आशुतोष कुमार को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में प्रधानाध्यापक आषुतोश कुमार,मणिकांत ठाकुर, अशोक कुमार, गणेश मंडल, कन्हैयालाल पंडित, प्रतिभा कुमारी, अरविंद कुमार अरविंद, संतोष कुमार भारती, शंकर मंडल, गणेश मंडल एवं काफी संख्या षिक्षक उपस्थित थे।



सम्मानित करते डीएम।

## राटन सामुदायिक भवन की छत पर युवक का शव मिलने से सनसनी, सीने में गोली लगने से मौत

**गोगरी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत राटन सामुदायिक भवन की छत पर सोमवार को एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की पहचान राटन वार्ड संख्या-9 निवासी अरुण यादव के पुत्र छोटू कुमार के रूप में बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार युवक के सीने में गोली लगी हुई थी। शव के पास से एक देसी कट्टा भी बरामद किया गया है। प्रथमष्टया पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मान रही है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। थानाध्यक्ष अजय शंकर ने बताया कि फिलहाल प्रथमष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। घटना की जांच के लिए एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि घटना को लेकर अभी तक परिजन की ओर से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। वहीं इस तरह के वारदात से तरह तरह की चर्चाएं हो रहीं हैं।सूत्रों के अनुसार युवक द्वारा इस आत्महत्या का एक वीडियो भी बनाकर वायरल किया था, जिसे डिलीट भी कर दिया गया है। हालांकी इसकी पुष्टि पुलिस द्वारा नहीं किया गया है।



छत पर पड़ा शव।

# आशीष कुमार नगर मंत्री एवं दीपक प्रजापति बने नगर अध्यक्ष



-अभाविप के नगर मंत्री व अन्य।

**खगड़िया (डीएनएस)।** सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मानसी नगर इकाई का पुनर्गठन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज आनंद ने किया। वही उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रौशन कुमार ने बताया कि अभाविप विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जिससे जुड़कर कार्य करना स्वयं के लिए सम्मान का विषय है विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्त्ता एक आदर्शवादी और समाज सुधारक के रूप में उभरकर सामने आते हैं। वही प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज आनंद ने बताया कि ज्ञान शील एकता के मूलमंत्र को लेकर चलने वाला एकमात्र छात्र संगठन अभाविप ने अपने वर्षो के संघर्ष के बदौलत देश की शिक्षा व्यवस्था में आधुनिकीकरण करने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। इस अवसर पर निवर्तमान नगर मंत्री प्रिंस कुमार ने विगत एक वर्ष में संगठन द्वारा सामाजिक, शैक्षणिक मुद्दों को लेकर किए गए संघर्ष का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। प्रदेश कार्यकारिणी परिषद सदस्य अनुज आनंद ने पुरानी नगर इकाई को भंग करते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें नगर अध्यक्ष के रूप में दीपक प्रजापति को मनोनीत किया। सेवार्थ विद्यार्थी के प्रांत सह संयोजक नलिन सिंह ने उन्हें माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। नगर मंत्री के लिए आशीष कुमार की सर्वसम्मति से घोषणा की गई। नगर सह मंत्री के रूप में गुरुशरण कुमार, राजा कुमार, मनीष कुमार को मनोनीत किया । वही नगर एस एफ डी के रूप में प्रिंस कुमार एवं नगर एसएफएस के रूप में विक्की कुमार, नगर सोशल मीडिया के लिए प्रशांत कुमार एवं समीर कुमार, कला संसति प्रमुख में कुंदन कुमार, खेलो भारत संयोजक के लिए हिमांशु कुमार, कार्यालय मंत्री के लिए मनदीप कुमार एवं सह कार्यालय मंत्री के लिए सुन्दरम कुमार की घोषणा की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### थाना परिसर से पुलिस को चकमा देकर आरोपी फरार

**बेलदौर।** बेलदौर पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। ग्रामीणों की मदद से पकड़े गए दो शातिर मवेशी चोरों में से एक आरोपी सोमवार दोपहर थाना परिसर से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इस घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस फरार आरोपी को दोबारा दबोचने के लिए संभावित ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है।मामला चोढ़ली वार्ड नंबर एक का है। बीती रात चोरों ने बिंदेश्वरी सिंह के मवेशी बथान पर से खोल कर जा रहा था। मवेशी गायब होने की भनक लगते ही पीड़ित पशुपालक और ग्रामीणों ने चोरों की तलाश शुरू की। घटनास्थल से करीब आधा किलोमीटर दूर ग्रामीणों ने घेराबंदी कर दो चोरों को चोरी की गाय और एक बाइक के साथ रंगे हाथ दबोच लिया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही एएसआई संजय कुमार चौबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों के कब्जे से दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया और बाइक व गाय को जब्त कर बेलदौर थाने के हवाले कर दिया।आरोपियों की पहचान चोढ़ली गांव निवासी मो. कयूम के 22 वर्षीय पुत्र मो़ साजिद और मो़ पैठान के 20 वर्षीय पुत्र मो़ निसार के रूप में हुई। सोमवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया जब गिरफ्तार आरोपियों में से एक शातिर मो़ साजिद पुलिस कर्मियों को चकमा देकर बेलदौर थाने से भाग गया। हालांकि इस थाने से फरार होने की घटना पर आधिकारिक तौर पर पुलिस का कोई भी बयान सामने नहीं आया है। फिलहाल पुलिस की कई टीमें फरार साजिद को दबोचने के लिए एड़ी चौटी एक कर रही हैं।

### सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल

**बेलदौर।** बेलदौर-पीरनगरा पथ पर शेरबासा के समीप सोमवार को अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल पलटने से उस पर सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान बेलदौर थाना क्षेत्र की पीरनगरा पंचायत अंतर्गत केहरमंडल टोला निवासी श्याम कुमार की 23 वर्षीय पत्नी खुशबू कुमारी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि खुशबू कुमारी अपने पति श्याम कुमार के साथ मोटरसाइकिल से अपने ससुराल केहरमंडल टोला से मायके आलमनगर थाना क्षेत्र (मधेपुरा) के चक्रामी गांव जा रही थी। इसी दौरान शेरबासा के पास मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में महिला के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि पति श्याम कुमार भी आंशिक रूप से घायल हो गए हैं।दुर्घटना के तुरंत बाद राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए बेलदौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार चल रहा है।

### पूर्व सैनिकों की बैठक में सैनिक कल्याण को लेकर चर्चा

**खगड़िया।** जिला मुख्यालय के गौषाला रोड स्थित पूर्व सैनिक संघ कार्यालय में पूर्व सैनिकों की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर ईसीएचएस पलीक्लिनिक, सीएसडी कैंटीन, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कुछ पूर्व सैनिकों को जमीन संबंधी समस्याएं थी जिस पर भी चर्चा की गई और उनसे कहा गया कि आप आवेदन दीजिए और अनुश्रवण समिति की बैठक में इसे रखा जाएगा। सभी पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों से अपील की गई कि ईसीएचएस पलीक्लिनिक का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस बैठक में संघ के सचिव नायब सूबेदार नरेश प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष सूबेदार सुरेश सिंह, ईसीएचएस पलीक्लिनिक के अफिसर इंचार्ज कर्नल अर्जुन प्रसाद, लेफ्टिनेंट कर्नल अशोक कुमार सिंह, कैप्टन राम सकल सिंह, कैप्टन चंद्रवीर ठाकुर, कैप्टन प्रदीप कुमार सिंह, लेफ्टिनेंट संजय कुमार यादव, सूबेदार सुभाष मंडल, सूबेदार मेजर अमर सिंह यादव, सूबेदार संजीव कुमार, हवलदार प्रिंस कुमार, हवलदार निरंजन कुमार, नायक राजेश कुमार, नायक रंजीत कुमार आदि ने भाग लिया।

### वेटरन वर्ग में जेके जवाहर बने उपविजेता

खगर्ड़िया। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के तत्वावधान में क्यू जी सी ए शतरंज अकादमी पटना, बिहार द्वारा अंतरराष्ट्रीय रैपिड रेटिंग ओपन शतरंज प्रतियोगिता पटना के गोला रोड स्थित डियामंट होटल में 19 और 20 सितंबर को आयोजित किया गया। जिसमें भारत के कई राज्यों से धुरंधर 361 शतरंज खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस खेल में खगड़िया के दो अंतर्राष्ट्रीय रेटेड शतरंज खिलाड़ी जे के जवाहर व शुभम कुमार ने भी भाग लिया। 361 खिलाड़ियों के बीच अपनी बेहतरीन ट्रीक जमाते हुए वेटरन में जे0 के0 जवाहर उपविजेता बने,वहीं ओपन मेन प्राइज में शुभम कुमार को ग्यारहवें स्थान में 3500 रु पुरस्कार मिला। आयोजक एवं सम्मानित अतिथियों द्वारा दोनों को कैश प्राइज व मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। उक्त बातों कि जानकारी नशा मुक्त भारत के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम कुमार यशवंत ने दी। यशवंत ने बताया कि खगड़िया के तीन शतरंज निर्णायक क्रमशः फिडे निर्णायक चन्द्र राज,सिनियर राष्ट्रीय निर्णायक गुलशन कुमार एवं केशव कुमार यशवंत ने प्रतियोगिता संचालन में पटना के मुख्य व अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक नन्दकिशोर श्रीवास्तव का सहयोग किया। केशव कुमार यशवंत को फिडे का पलहा नर्म मिला। इस तरह अंतर्राष्ट्रीय रैपिड रेटिंग प्रतियोगिता में खगड़िया की बुलंदी रही। इस उपलब्धि से जिलेवासी गर्वित व गद हैं। जिलेवासीयों ने खिलाड़ियों एवं निर्णायकों को शुभकामनाएं व बधाई दिया है। बधाई देने वालों में जय खगड़िया शतरंज क्लब के संरक्षक डा़ विवेकानंद, अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष युगल किशोर व सीमा कुमारी, नशामुक्त भारत शतरंज अकादमी खगड़िया के अध्यक्ष अभय कुमार विक्की,उपाध्यक्ष विवेक भगत खिलाड़ीगण माधव कुमार यशवंत, हर्षवर्धन राज, अमरनाथ गुप्ता एवं मनोज कुमार राय के अलावे तन्नु कुमारी व खेल प्रेमी शामिल है।

### नागेश्वर बृजवासनी बालिका विद्यालय में शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा आयोजित

**गोगरी।** प्रखंड क्षेत्र के लक्ष्मी नगर हाट स्थित नागेश्वर बृजवासनी बालिका उच्च विद्यालय में परीक्षा शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं व्यवस्थित माहौल में संचालित हो रही है। परीक्षा को लेकर विद्यालय प्रशासन पूरी तरह सजग नजर आया। छात्राओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विद्यालय स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। वर्ग नवम एवं दशम की परीक्षा में करीब 400 छात्राएं शामिल हुईं। परीक्षा के दौरान विद्यालय परिसर में अनुशासन एवं शैक्षणिक माहौल बना रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार लगातार परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। परीक्षा के सफल संचालन में शिक्षक दिलीप कुमार चौधरी, उमेश रजक, आशीष कुमार, गौरव कुमार, गुड्डू कुमार, विनय कुमार, अभिषेक दुबे तथा शिक्षिका नेहा कुमारी और अलका कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं सफाई कर्मियों एवं गार्ड विकास और रंजू द्वारा भी विद्यालय परिसर की व्यवस्था एवं सुरक्षा में सहयोग किया गया। विद्यालय प्रशासन की सक्रिय निगरानी के कारण परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में चल रही है। प्रधानाचार्य ने कहा कि छात्राओं को बेहतर एवं व्यवस्थित परीक्षा वातावरण उपलब्ध कराना विद्यालय की प्राथमिकता है।

### प्रखंड के विभिन्न घाटों की खुली डाक प्रक्रिया आज से

**चौथम।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न घाटों की बंदोबस्ती को लेकर खुली डाक प्रक्रिया की तिथि निर्धारित कर दी गई है। इस बार बंदोबस्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से आम लोगों को भी डाक में शामिल होने का अवसर दिया गया है। निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन करने वाला कोई भी इच्छुक व्यक्ति खुली डाक प्रक्रिया में शामिल होकर अपनी बोली लगा सकता है। प्रखंड मुख्यालय में घाटों की बंदोबस्ती के लिए तीन चरणों में खुली डाक आयोजित की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहली डाक 22 सितंबर, दूसरी डाक 24 सितंबर और तीसरी डाक 26 सितंबर को आयोजित होगी। डाक प्रक्रिया में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को विभाग द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तो का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। बताया जाता है कि पूर्व में घाटों की बंदोबस्ती की प्रक्रिया मुख्य रूप से नाव यातायात सहयोग समिति के सदस्यों के माध्यम से ही संचालित होती थी। इस बार विभागीय स्तर पर प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से खुली डाक की व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत निर्धारित पात्रता पूरी करने वाला कोई भी व्यक्ति डाक में भाग लेकर बोली लगा सकता है। खुली डाक में सबसे अधिक बोली लगाने वाले पात्र व्यक्ति को निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने के बाद संबंधित घाट पर नाव परिचालन एवं बंदोबस्ती का विभागीय आदेश दिया जा सकता है। हालांकि इसके लिए प्रतिभागी को सभी निर्धारित शर्तो को पूरा करना अनिवार्य होगा। डाक प्रक्रिया में शामिल होने वाले इच्छुक व्यक्तियों को प्रारंभिक डाक राशि की 10 प्रतिशत रकम अग्रिम रूप से जमा करनी होगी। इसके अलावा प्रतिभागी का विभाग के स्तर पर किसी प्रकार का बकाया नहीं होना चाहिए। बंदोबस्ती प्रक्रिया में सफल प्रतिभागी को बंदोबस्ती की कुल रकम की 50 प्रतिशत राशि मौके पर जमा करनी होगी। इसके बाद नियमानुसार इकरारनामा एवं निर्धारित मुद्रांक शुल्क की राशि एक सप्ताह के अंदर जमा करना आवश्यक होगा। विभागीय शर्तो के अनुसार बंदोबस्ती धारक को घाट एवं संबंधित स्थल पर स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी भी निभानी होगी। विशेष रूप से संक्रामक रोग अथवा महामारी जैसी परिस्थितियों में साफ-सफाई एवं आवश्यक व्यवस्था की जिम्मेदारी बंदोबस्तीधारी की होगी। खुली डाक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए सबसे महत्वपूर्ण शर्तो में से एक यह है कि संबंधित व्यक्ति के नाम से नाव का पंजीकरण होना आवश्यक बताया गया है। यानी केवल बोली लगाने से ही बंदोबस्ती का अधिकार प्राप्त नहीं होगा, बल्कि प्रतिभागी को विभागीय नियमों के अनुसार निर्धारित पात्रता भी पूरी करनी होगी। विभागीय प्रावधान के अनुसार बंदोबस्ती की राशि में किसी भी प्रकार की छूट का प्रावधान नहीं रहेगा। डाक प्रक्रिया समाप्त होने के बाद असफल बोली लगाने वाले प्रतिभागियों की अग्रधन राशि नियमानुसार वापस कर दी जाएगी। विभागीय शर्तो के अनुसार निर्धारित नियमों का उल्लंघन होने अथवा किसी अन्य प्रशासनिक कारण से बंदोबस्ती को रद्द करने का पूर्ण अधिकार सक्षम पदाधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शेरपुर में 5 फीट लंबे रसेल वाइपर का जोड़ा मिलने से हड़कंप

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मोकामा प्रखंड के शेरपुर गांव में करीब 5 फीट लंबे रसेल वाइपर सांप के जोड़े के देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार, सांपों की मौजूदगी से खेतों और आसपास के इलाकों में आवाजाही को लेकर चिंता बढ़ गई है। लोगों ने वन विभाग से मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष सर्प-रेस्क्यू ड्राइव चलाने और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने की मांग की है।

### अमन की तलाश में दिन-रात एक कर रही पुलिस, दियारा में खाक छानने की चर्चा

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** सूर्यपुरा से लापता अमन की तलाश में पुलिस दिन-रात जुटी हुई है। जानकारों के अनुसार, पुलिस टीम दियारा क्षेत्र में भी संभावित ठिकानों की तलाश कर रही है। अमन के बारे में अब तक ठोस सुराग नहीं मिलने से परिजनों की चिंता बढ़ती जा रही है। पुलिस द्वारा दिए गए दो दिनों के अल्टीमेटम की अवधि कल समाप्त होने की बात कही जा रही है। ऐसे में सवाल हैआखिर अमन कहां है

### मोकामा में वर्ग 3-5 के शिक्षकों का पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आज से

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, मोकामा में सोमवार से वर्ग 3 से 5 के शिक्षकों का पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शुरू होगा। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को शिक्षण-अधिगम से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जाएगी। महाविद्यालय के प्राचार्य नवल ठाकुर ने प्रशिक्षण शुरू होने की जानकारी दी। वे इससे पूर्व डायट, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, विक्रम में प्राचार्य के पद पर पदस्थापित थे ।

### कम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटरों पर आज से होगी उत्तरपुस्तिकाओं की जांच

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड के चयनित कम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटरों पर प्रारंभिक विद्यालयों के बच्चों की अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच शुरू होगी। उच्च माध्यमिक विद्यालय राणा विगहा की प्राचार्य नीलम ने बताया कि प्रत्येक कम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर से पांच से छह प्रारंभिक विद्यालय जुड़े हैं। शिक्षक अपने विद्यालय की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच नहीं करेंगे, बल्कि दूसरे विद्यालयों की विषयवार उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे।

### अधिशेष शिक्षकों के स्थानांतरण से बढ़ी बेचैनी, शिक्षा सुधार पर उठे सवाल

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अधिशेष शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर शिक्षकों में बेचैनी बढ़ती जा रही है। नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर एक शिक्षक ने कहा कि शिक्षकों को एक प्रखंड से दूसरे प्रखंड में स्थानांतरित करने से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा, यह जरूरी नहीं है। शिक्षकों की घरेलू व स्थानीय परिस्थितियां भी उनकी कार्यक्षमता से जुड़ी होती हैं। स्थानीय शिक्षक बच्चों, अभिभावकों और क्षेत्र की परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझते हैं। ऐसे में बार-बार स्थानांतरण के फैसले की व्यावहारिकता और इसके शैक्षणिक प्रभाव पर गंभीरता से विचार जरूरी है। शिक्षक ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में लगातार किए जा रहे प्रयोग कितने सार्थक होंगे, इस पर विभाग को चिंतन-मंथन करना चाहिए।

### अमन अपहरण मामले में कार्रवाई तेज, गौतम के पिता व भाई हिरासत में

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अमन अपहरण मामले में पुलिस की कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। प्राप्त सूचना के अनुसार पुलिस ने मामले में संदिग्ध बताए जा रहे गौतम के पिता और भाई को झारखंड से हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अमन की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। मामले में पुलिस की ओर से फिलहाल आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

### मुफ्त अनाज के नाम पर दर्जनों ग्रामीणों से ठगी, बैंक खाते में मंगवाया गया संदिग्ध धन

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** कोंदी गांव में मुफ्त अनाज दिलाने के नाम पर दर्जनों ग्रामीणों, खासकर महिलाओं से कथित ठगी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार, उन्हें झांसा देकर बैंक खाते खुलवाए गए और बाद में उन्हीं खातों में संदिग्ध रकम मंगवाए जाने की बात सामने आई। बताया जाता है कि एक समोसा खिलाने के बदले कई लोगों से पैन कार्ड और आधार कार्ड तक ले लिए गए।

# बाढ़ पीड़ितों की फरियाद सुनते-सुनते बिगड़ी सीओ की तबीयत

## लाभुकों की भीड़ और लगातार बढ़ते दबाव के बीच अचानक अस्वस्थ हुईं सीओ, पीएचसी की टीम ने पहुंचकर दिया प्राथमिक उपचार

**जमालपुर(मुंगेर) (डीएनएस)।** अंचल कार्यालय जमालपुर में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं सुनते-सुनते अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। सीओ के अचानक अस्वस्थ होने की खबर मिलते ही कार्यालय के अंदर और बाहर मौजूद दर्जनों बाढ़ पीड़ित लाभुकों के बीच भी हलचल मच गई। तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर की मेडिकल टीम को सूचना दी गई।



अस्पताल में भर्ती सीओ।

सूचना मिलते ही पीएचसी प्रभारी डा़अशोक कुमार पासवान के नेतृत्व में चिकित्सक एवं नर्सो की टीम अंचल कार्यालय पहुंची। चिकित्सकों ने सीओ का प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। पीएचसी प्रभारी डा अशोक कुमार पासवान ने बताया कि अत्यधिक मानसिक दबाव और लगातार काम के प्रेशर के कारण सीओ की तबीयत बिगड़ी थी। फिलहाल उन्हें सलाइन चढ़ाया जा रहा है और उनकी स्थिति ठीक है। बताया गया कि प्रखंड की सिंघिया, परहम, इटहरी, रामपुर कला और इंद्ररुख पश्चिम पंचायतों के सैकड़ों बाढ़ पीड़ित राहत राशि का लाभ लेने के लिए अंचल कार्यालय पहुंचे थे। बड़ी संख्या में लाभुक बाढ़ राहत राशि के लिए आवेदन फर्म जमा कराने को लेकर कार्यालय में जुटे थे। भीड़ अधिक होने के कारण कार्यालय परिसर में काफी शोरगुल की स्थिति बनी हुई थी।सीओ प्रीति कुमारी लगातार बाढ़ पीड़ितों को समझा रही थीं कि जो भी पात्र लाभुक राहत राशि से वंचित रह गए हैं, उन्हें नियमानुसार लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने और निर्धारित प्रक्रिया के तहत फार्मभरकर कार्यालय में जमा करने की अपील की। बावजूद इसके कुछ लाभुक अपनी समस्या का तत्काल समाधान कराने को लेकर लगातार दबाव बना रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सिंटू, लाल,सोहन, बुलबुल सहितठ्ठ कई लाभुक अपनी समस्याओं को लेकर अधिकारियों से जवाब मांग रहे थे। इसी दौरान कार्यालय में बढ़ते शोरगुल, काम के दबाव और लगातार बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं सुनने के बीच सीओ की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद कर्मचारियों ने तत्काल चिकित्सकों को सूचना दी।सीओ प्रीति कुमारी की तबीयत खराब होने की सूचना क्षेत्र में फैलते ही जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अस्पताल पहुंचकर उनका कुशल-क्षेम जाना। भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार गोस्वामी, सामाजिक कार्यकर्ता संतोष कुमार उर्फ तित्तू सिंह, मुखिया प्रताप नारायण चौधरी, अभिनंदन पाठक सहित कई लोग अस्पताल पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।घटना ने एक बार फिर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत राशि को लेकर बढ़ती लोगों की चिंता और प्रशासनिक कार्यालयों पर बढ़ रहे दबाव को सामने ला दिया है। बाढ़ पीड़ितों की बड़ी संख्या राहत राशि के इंतजार में कार्यालयों का चक्कर लगा रही है, वहीं प्रशासन की ओर से पात्र लाभुकों को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया जा रहा है।

## विश्व हिंदी परिषद के हिंदी पखवाड़ा समारोह में जुटे देश-विदेश के साहित्यकार

**जमालपुर (मुंगेर)** - विश्व हिंदी परिषद के तत्वावधान में ईस्ट कलोनी, जमालपुर में आयोजित हिंदी पखवाड़ा समारोह का समापन साहित्यकारों और हिंदी प्रेमियों के बीच हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रेल इंजन कारखाना के सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल ने कहा कि हिंदी हिंदुस्तान की गौरव है। हिंदी जितनी समृद्ध और व्यापक होगी, देश



हिंदी पखवाड़ा समारोह को संबोधित करते साहित्यकार।

उतना ही उन्नति व प्रगति करेगा।उन्होंने कहा कि भाषा इंसान को इंसान से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। हिंदी को बढ़ावा देने के लिए रेल इंजन कारखाना में भी निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ड़ शशि भूषण के प्रयास से जमालपुर में आयोजित हिंदी पखवाड़ा के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी।समारोह में नेपाल, भूटान, काठमांडू, बांग्लादेश, कोलकाता, पटना और रांची से आए साहित्यकारों ने हिंदी के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया। राजू लामा, ड़ अरुण, ष्णा, रंजीत सम्राट, रुद्र सबरी, अंशु अवस्थी और अब्दुल रहमान समेत कई साहित्यकार मौजूद रहे। इससे पूर्व हीरो राजन कुमार ने विदेश से आए साहित्यकारों का सम्मान किया। कार्यक्रम का समापन हिंदी के विकास और वैश्विक विस्तार के संकल्प के साथ हुआ।

## छात्रा हत्याकांड में एक आरोपी गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर)** - सफियासराय थाना क्षेत्र में पिछले दिनों 15 वर्षीय छात्रा की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं, एक अन्य संदिग्ध को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी संजीत कुमार ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर घटना में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने बताया कि मामले में नामजद अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है।

## राजेंद्र सेतु के पास इंटरलकिंग आज से, कई ट्रेनें रद्द तो कई के बदले रूट

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मोकामा स्थित राजेंद्र सेतु के पास रेलवे के इंटरलकिंग कार्य के चलते रेल परिचालन प्रभावित रहेगा। इंटरलकिंग का कार्य 21 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। इस दौरान कई ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। रेलवे के इस निर्णय से यात्रियों की परेशानी बढ़ने की संभावना है। यात्रियों से यात्रा से पहले संबंधित ट्रेन के परिचालन और रूट की जानकारी लेने की अपील की गई है।

## मुंगेर के कलाकारों की प्रस्तुति से प्रसन्न हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

**मुंगेर (दैनिक नवसन्देश)।** बफ्टा, बिहार फिल्म ऐंड टेलीवीजन आर्टिस्ट एसोसिएशन ट्रस्ट के 40 कलाकारों का नेतृत्व कर रहे मुंगेर के लाल हीरो राजन कुमार ने बताया की सम्राट अशोक कन्वेंशन सेंटर में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सामने उनके जिले के कलाकारों की प्रस्तुति ने 38 जिले से आए गण्यमान के सामने कला की प्रस्तुति और सम्मान हमेशा याद रहेगा। मुंगेर के कलाकारों में लोकगायक परमानन्द परोपकारी, प्रियंका कुमारी श्कल्पश्वनी १, रंगकर्मी बीरेन्द्र कुमार, सृष्टि भारती,रुचि कुमारी, विक्रम कुमार, हीरो राजन कुमार,हर्ष कुमार,अनुप्रिया कुमारी,बेबी देवी, सुनीता कुमारी,पंकज कुमार,किशोर कुमार, आदित्य राज,कुंदन कुमार,चंदन ने गीत ,संगीत,नृत्य प्रस्तुति किया। मुंगेर के सभी कलाकारों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बफ्टा के कलाकारों ने मुंगेर का नाम रौशन किया है लोगों ने हीरो राजन कुमार को उपलब्धि पर बधाई दी



कलाकारों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## स्टेशन पर संदिग्ध हालत में घूम रहे दो युवक पकड़े गए, चोरी के सामान बरामद

**जमालपुर(मुंगेर)** - जमालपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफर्म नंबर-3 पर सोमवार को गश्त के दौरान आरपीएफ की सीआईबी टीम ने संदिग्ध गतिविधि के आधार पर दो युवकों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान दोनों के पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 25 हजार रुपये बताई गई है। कार्रवाई के बाद दोनों आरोपितों को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए जीआरपी जमालपुर के हवाले कर दिया गया।जानकारी के अनुसार एसआई भावेश कुमार, एएसआई मोतीलाल और कांस्टेबल रवि की टीम जमालपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफर्म नंबर-3 पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम की नजर दो युवकों पर पड़ी, जिनकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं। टीम ने दोनों को रुकने का इशारा किया, लेकिन पुलिस टीम को देखते ही दोनों युवक भागने लगे।इसके बाद सीआईबी टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में एक युवक ने अपना नाम फेकू सोनार, पिता विश्वनाथ सोनार, निवासी विक्रमशिला वार्ड नंबर-16, थाना तातारपुर, जिला भागलपुर बताया। वहीं दूसरे की पहचान मो़ जियाउल्लाह हक, पिता स्व़ इनामुल हक, निवासी काजीपुरा वार्ड नंबर-3, थाना कहलगांव, जिला भागलपुर के रूप में हुई। दोनों की तलाशी लेने पर उनके पास से ओप्पो और वीवो कंपनी के दो मोबाइल फोन बरामद हुए। सीआईबी टीम ने दोनों मोबाइल को जब्त कर लिया तथा दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। बरामद मोबाइल की कुल अनुमानित कीमत करीब 25,000 रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के बाद सीआईबी टीम ने दोनों युवकों और बरामद मोबाइल को जीआरपी जमालपुर को सौंप दिया। अब जीआरपी द्वारा बरामद मोबाइल के स्रोत और दोनों युवकों की संलिप्तता के संबंध में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। स्टेशन परिसर में सीआईबी की इस कार्रवाई से संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों में हड़कंप मचा रहा।



गिरफ्तार मोबाइल चोर की जानकारी देते आरपीएफ।

# इंडियन इंक्लूसिव पार्टी ने एमएलसी चुनाव को लेकर चलाया जनसंपर्क

**मुंगेर (डीएनएस)।** इंडियन इंक्लूसिव पार्टी की ओर से जिले के खरगपुर प्रखंड अंतर्गत रैटैठा पंचायत, मुढ़ेरी पंचायत एवं अग्रहन पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद कर पार्टी के विचारों, संगठन के विस्तार तथा आगामी चुनावों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।जनसंपर्क के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने आगामी पंचायत चुनाव को लेकर लोगों को अपने मताधिकार के महत्व की जानकारी दी। पार्टी की ओर से हमारा वोट, हमारा अधिकार के संदेश के साथ लोगों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई।इस दौरान इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सहरसा विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता द्वारा 26 सितंबर से पान-तांती समाज के आरक्षण एवं बिहार के विकास से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रस्तावित आमरण अनशन एवं आंदोलन की जानकारी भी लोगों को दी गई तथा अधिक से अधिक लोगों से आंदोलन से जुड़ने का आह्वान किया गया।साथ ही आगामी ।तक एमएलसी चुनाव को लेकर ।तक मतदाताओं के बीच मतदान के महत्व पर चर्चा की गई। पार्टी की ओर से अपने महागठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करने की अपील भी की गई।इस अवसर पर नरेंद्र कुमार तांती ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की भूमिका केवल मतदान करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि सत्ता में भागीदारी और अपने अधिकारों की आवाज उठाना भी जरूरी है।उन्होंने कहा कि पान-तांती समाज के आरक्षण और अधिकारों की लड़ाई अंतिम सांस तक जारी रहेगी। यह केवल वादा नहीं, नरेंद्र तांती का वचन है।इंडियन इंक्लूसिव पार्टी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य पंचायत स्तर तक पार्टी को मजबूत करना, आम जनता के मुद्दों को उठाना और सामाजिक न्याय, अधिकार एवं बिहार के विकास से जुड़े विषयों पर लगातार जनसंवाद करना है।



जनसंपर्क के दौरान स्वागत करते जनता जनप्रतिनिधि।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने गृह प्रखंड बख्तियारपुर पहुंचे

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र विकास कुमार आज अपने गृह प्रखंड बख्तियारपुर पहुंचे। उनके पहुंचते ही समर्थकों एवं स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। विकास कुमार ने लोगों से मुलाकात कर उनका अभिवादन स्वीकार किया। उनके बख्तियारपुर पहुंचने को लेकर स्थानीय स्तर पर दिनभर चर्चा बनी रही।

### संरक्षा पुरस्कार से पुरस्कृत किये गये रेलकर्मी

**सोनपुर।** पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में आज दिनांक 21 सितंबर 2026 को मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन द्वारा संरक्षा के क्षेत्र में असाधारण सतर्कता एवं दुर्घटना निवारण में सराहनीय योगदान देने वाले दो रेल कर्मियों को संरक्षा पुरस्कार (प्रशस्ति-पत्र ) प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित रेल कर्मियों में श्री सनन्द कुमार (लोको पायलटध्मेल, मुजफ्फरपुर) तथा श्री जितेन्द्र कुमार (सहायक लोको पायलट, मुजफ्फरपुर) शामिल हैं। दिनांक 11 सितंबर 2026 को दोनों रेलकर्मी गाड़ी संख्या 15904 पर कार्य करते हुए कटिहार की ओर जा रहे थे। सेमापुर स्टेशन के लाइन संख्या04 पर गाड़ी के प्रवेश के दौरान उन्होंने असामान्य झटका महसूस किये। दोनों ने तत्काल सूझबूझ का परिचय देते हुए आपातकालीन ब्रेक लगाकर गाड़ी को सुरक्षित रोके तथा निरीक्षण के दौरान इंजन के पीछे लगे एसएलआर कोच के समीप ट्रैक टूटा हुआ पाये उन्होंने तत्काल सेमापुर स्टेशन एवं टीएनएलध्सोनपुर को सूचना दिये जिससे आवश्यक संरक्षा उपाय सुनिश्चित किए गए तथा सुरक्षित रूप से रेल परिचालन बहाल कराया गया। मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन ने दोनों रेल कर्मियों की त्वरित निर्णय क्षमता, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कर्मचारी भारतीय रेल की संरक्षा संसति को और अधिक सुढ़ बनाते हैं। उन्होंने सभी रेल कर्मियों से सदैव संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। सोनपुर मंडल यात्रियों की सुरक्षित, संरक्षित एवं विश्वसनीय रेल सेवा सुनिश्चित करने के लिए संरक्षा के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है।



. मंडल रेल प्रबंधक प्रशस्ति-पत्र दो रेल कर्मी को देते।

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने बाबा हरिहर नाथ मंदिर में प्रधानमंत्री का 76 जन्मदिन पर पूजा-अर्चना की

**सोनपुर (एनएसबी)** बाबा हरिहरनाथ मंदिर पहुंचने पर माननीय सारण पूर्वी भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रंजीत कुमार सिंह जी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 76वी जन्मदिन के अवसर पर 17 सितम्बर से लेकर 17 अक्टूबर तक होने वाले कार्यक्रम के तहत सपरिवार बाबा हरिहरनाथ जी के गर्भगृह मे मुख्य अर्चक सुशील शास्त्री जी द्वारा रुद्राभिषेक कराया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जी ने कहा की प्रधानमंत्री जी के सुदीघ, स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना करते हुए देश की निरंतर प्रगति, समृद्धि एवं जनकल्याण के लिए सभी लोगो ने प्रार्थना की। इस अवसर पर मंदिर नयास समिति सचिव विजय कुमार सिंह लल्ला, भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु, संजीव कुमार सिंह, बमबम बाबा, विनय बाबा, अमित कुमार सिंह, रामभजन शामिल होकर प्रधानमंत्री जी को हार्दिक शुभकामनाएं दिया।



पूजा-अर्चना करते अध्यक्ष सपरिवार।

### सिवान में नयागांव का युवक ट्रेन की चपेट में आया, मौके पर मौत

**सोनपुर (एनएसबी)** सिवान रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रेक पर ट्रेन पकड़ने के क्रम मे पैर स्लिप करने के कारण नयागांव थानान्तर्गत शेखडुमरी निवासी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के सैनिक अशोक कुमार सिंह का 30 वर्षीय पुत्र निशांत कुमार सिंह उर्फ भीम कुमार सिंह का ट्रेन के चपेट मे आने से मौके पर मौत हो गयी। स्टेशन परिसर मे तैनात जी आर पी के कर्मी ने घटनास्थल से विक्षिप्त शव जो पहचान मे नही आ रही थी को अपने कब्जे मे कर छान बीन शुरु की गयी। घटनास्थल से बरामद युवक के मोबाइल से रेल प्रशासन द्वारा परिजन को सुचित किया गया और शव की मुश्किल से प्रशासन द्वारा पहचान की गयी।घटना की सुचना मिलते ही घर परिवार मे कोहराम मच गया ओर चिख पुकार मच गयी।परिवार के अन्य सदस्य सुचना पाते सिवान निकल पडे जहा रेल प्रशासन ने शव का पोस्ट मार्टम कर मृतक का शव को रविवार के सुबह परिजन को सौप दिया।जो सिवान से शेखडुमरी पैतृक गांव एम्बुलेंस द्वारा लाया गया तत्पश्चात दोपहर को एल सीटी घाट पर अंतिम दाह संस्कार किया गया।मृतक निशात का बडा लडका चार वर्षिय अंगद कुमार ने मुखागनी दी।निशात के पीछे पत्नी व दो लडका है जो बडा चार साल दुसरा एक साल का है पिता जी जम्मू-कश्मीर मे सी आर पी एफ मे सैनिक के पद पर कार्यरत है।निशात चार भाई मे सबसे बडा भाई था जो कपडा से संबंधित कारोबारी के यहा काम करता था। स्थानीय भाजपा नेता रवि रंजन सिंह सोनु, बाजीतपुर निवासी व समाजसेवी संजय कुमार सिंह चतुरपुर के मुखिया बंदना सिंह,गोपालपुर के मुखिया नरोत्तम सिंह चतुरपुर के सरपंच मीरा देवी,टुनटुन सिंह पैक्स अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, कुन्दन सिंह सुरेश कुमार सिंह ने घटना पर गहरी संवेदना प्रकट किए है।

### हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत रेलकर्मियों के लिए हिंदी वाक् प्रतियोगिता का आयोजन

**सोनपुर (एन एसबी)** सोनपुर मंडल में राजभाषा हिंदी पखवाड़ा2026 के अंतर्गत आज दिनांक 21 सितंबर 2026 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित मंडल राजभाषा पुस्तकालय में रेलकर्मियों के लिए हिंदी वाक् प्रतियोगिता (विषय - 'तकनीकी शिक्षा में हिंदी का प्रयोग एवं सोशल मीडिया और पत्रकारिता के क्षेत्र में हिंदी की भूमिका)' का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के मार्गदर्शन तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक सह अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री सुमन कुमार तांती के दिशा-निर्देश में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में मंडल के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राजभाषा हिंदी, कार्यालयीन कार्यो में हिंदी के




. हिन्दी वाक्य प्रतियोगिता शामिल रेलकर्मी।

प्रयोग तथा भाषायी संवर्धन से जुड़े विषयों पर प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सहायक कार्मिक अधिकारी श्री अमरेंद्र कुमार, राजभाषा अधिकारी श्री अनिल कुमार शर्मा तथा जनसंपर्क अधिकारी श्री पृथ्वी राज की देखरेख में प्रतियोगिता का सफल संचालन किया गया। प्रतिभागियों ने हिंदी के प्रभावी प्रयोग, प्रशासनिक कार्यो में इसकी उपयोगिता एवं तकनीकी विषयों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग तथा राष्ट्र निर्माण में राजभाषा की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। सोनपुर मंडल राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कार्यालयीन कार्यो में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है। हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से रेलकर्मियों में राजभाषा के प्रति जागरूकता एवं सहभागिता को सुढ़ किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### दो एनबीडब्ल्यू वारंटियों को दबोचा, न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**कल्याणपुर एनएसबी।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दो एनबीडब्ल्यू वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सिमरिया भिंडी गांव निवासी जीवक्ष सहनी तथा लक्षरामपुर निवासी सुनील साह के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी था। पुलिस को दोनों के गांव में मौजूद होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष रणवीर कुमार राउत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार दोनों वारंटियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### विभिन्न गांवों में मारपीट, महिला समेत तीन लोग घायल

**कल्याणपुर एनएसबी।** प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटनाओं में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान बख्तियारपुर गांव निवासी 46 वर्षीय प्रमिला देवी, 70 वर्षीय लखन पासवान तथा 65 वर्षीय निरखी देवी के रूप में हुई है। बताया गया कि अलग-अलग मामलों में आपसी विवाद के बाद मारपीट की घटनाएं हुईं, जिसमें तीनों को चोटें आईं। घटना के बाद परिजनों ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने सभी का प्राथमिक उपचार किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीके ठाकुर ने बताया कि घायल महिला और पुरुषों का इलाज सीएचसी में किया जा रहा है। सभी की स्थिति पर चिकित्सकों की निगरानी बनी हुई है। घटना की सूचना संबंधित पुलिस को भी दी गई है। पुलिस की ओर से मामले की जानकारी जुटाई जा रही है।

### चकमेहसी पुलिस ने नामजद आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**कल्याणपुर एनएसबी।** चकमेहसी थाना पुलिस ने कांड संख्या 49/26 में कार्रवाई करते हुए एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गंगा पारन गांव निवासी बजरंगी सहनी के पुत्र तरुण सहनी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, उक्त मामले में तरुण सहनी नामजद आरोपी था और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही थी। इसी क्रम में मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। चकमेहसी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### आरबी कॉलेज में एआईएसएफ का सदस्यता अभियान, छात्र हितों के लिए संघर्ष का लिया संकल्प

**दलसिंहसराय नगर एनएसबी।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन की ओर से सोमवार को आरबी कॉलेज, दलसिंहसराय में सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की तथा छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर संघर्ष को मजबूत करने का संकल्प लिया। अभियान का नेतृत्व कॉलेज इकाई के नेता दुर्गेश कुमार ने किया। मौके पर एआईएसएफ के समस्तीपुर जिला अध्यक्ष दीपक कुमार धीरज तथा एलएनएमयू संयोजक अविनाश कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान संगठन के नेताओं ने कहा कि ह्यपढ़ाई-लड़ाई साथ-साथह्ल के संकल्प के साथ कॉलेज और हॉस्टल में छात्र संगठन को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं से शिक्षा, छात्रावास, परीक्षा, पुस्तकालय और अन्य छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर संगठित होने की अपील की। नेताओं ने कहा कि सदस्यता अभियान के माध्यम से कॉलेज के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को संगठन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान में कॉलेज इकाई के कार्यकताओं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

### क्लासिक 350 के नए 'सिग्नेचर व्हाइट' मॉडल की समस्तीपुर में लॉन्चिंग, पहले दिन मिली छह बुकिंग

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** शहर के मोहनपुर रोड स्थित आदित्य मोटर्स में सोमवार को रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 के नए ह्यसिग्नेचर व्हाइटह्ल कलर मॉडल की लॉन्चिंग की गई। लॉन्चिंग कार्यक्रम में शोरूम की टीम के साथ बड़ी संख्या में ग्राहक और रॉयल एनफील्ड के प्रशंसक मौजूद रहे। शोरूम प्रबंधक मनीष कुमार झा ने नए मॉडल की विशेषताओं की जानकारी देते हुए बताया कि क्लासिक 350 सिग्नेचर व्हाइट को इसके पारंपरिक क्लासिक डिजाइन के साथ आकर्षक सफेद फिनिश में पेश किया गया है। बाइक में आधुनिक सुविधाओं के साथ एलईडी लाइटिंग, यूएसबी-सी टाइप चार्जिंग, एडजस्टेबल ब्रेक एवं क्लच लीवर, ट्रिपर नेविगेशन और स्लिप-असिस्ट क्लच जैसी सुविधाएं दी गई हैं। उन्होंने बताया कि क्लासिक 350 लंबे समय से ग्राहकों के बीच लोकप्रिय मॉडल रही है। नए सिग्नेचर व्हाइट रंग के साथ ग्राहकों को एक नया विकल्प मिला है। लॉन्चिंग के अवसर पर ग्राहकों में काफी उत्साह देखने को मिला और पहले ही दिन छह बुकिंग प्राप्त हुई। शोरूम प्रबंधन के अनुसार मॉडल की बुकिंग शुरू कर दी गई है। बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को निर्धारित डिलीवरी तिथि के अनुसार मोटरसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर सेल्स मैनेजर दीपक झा, विमल कुमार, मनीष राय, यशवंत कुमार, अनिकेत कुमार, रौशन कुमार, विराज, विजय कुमार, अंकित कुमार (सीआरएम), विमलेंदु झा, सोनू कुमार, चंदन कुमार, रोहन, प्रेम, सुमन, डॉली, आयुषी, पूजा, मनोज झा, अमित, अमन, सोनू झा, रंजीत प्रसाद, राहुल, राजा, अरमान, अमिताभ, सोहन सहित आदित्य मोटर्स की टीम के अन्य सदस्य मौजूद थे।



### जन संवाद में उमड़ी फरियादियों की भीड़, डीएम ने समस्याओं के समयबद्ध समाधान का दिया निर्देश

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम लोगों ने अपनी समस्याओं, शिकायतों और मांगों से संबंधित आवेदन जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। जन संवाद के दौरान भूमि एवं राजस्व, दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना, विद्युत, सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों से संबंधित मामले सामने आए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों से मामले की जानकारी ली। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवेदनों की नियमानुसार जांच कर समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि जन संवाद का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनना और उनके समाधान की प्रक्रिया को प्रभावी एवं त्वरित बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन संवाद में प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर लेकर कार्रवाई की जाए। जिन मामलों में अन्य विभागों अथवा उच्चतर स्तर से कार्रवाई अपेक्षित है, उनमें संबंधित कार्यालयों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। साथ ही प्रत्येक आवेदन के निष्पादन की स्थिति की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जन शिकायतों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। सामाजिक सुरक्षा से संबंधित मामलों में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा साक्षी को आवश्यक कार्रवाई एवं अनुश्रवण का निर्देश दिया गया। वहीं राजस्व एवं भूमि संबंधी मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित राजस्व पदाधिकारियों को कार्रवाई करने को कहा गया। मौके पर अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी विष्णु देव मंडल, राजस्व प्रभारी धर्मराज, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा साक्षी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मी मौजूद थे।

# पीएम सूर्य घर योजना में सुस्ती पर प्रशासन की सख्ती, बैंक व बिजली विभाग के कर्मियों पर कार्रवाई की तैयारी

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की धीमी प्रगति को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं करने वाले बैंक अधिकारियों और विद्युत विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की जवाबदेही तय की जा रही है। लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए उनके उच्चाधिकारियों तथा विद्युत विभाग के पटना मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी गई है।

योजना की प्रगति की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी ने 11 सितंबर को समाहरणालय सभागार में विद्युत विभाग के कनीय अभियंताओं, लाइनमैन और टेक्नीशियन स्तर तक के कर्मियों के साथ बैठक की थी। बैठक में पात्र लाभुकों को योजना से जोड़ने तथा निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा करने के लिए तेजी से काम करने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर 18 सितंबर को बैंक एवं विद्युत विभाग के पदाधिकारियों के साथ दोबारा समीक्षा बैठक की गई।



बैठक में लाभुकों के आवेदन, बैंक स्तर पर लंबित एवं अस्वीकृत आवेदनों तथा विद्युत विभाग की ओर से किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान कई बैंक शाखाओं की कार्यप्रणाली में शिथिलता सामने आई। समीक्षा में पाया गया कि योजना के लिए निर्धारित निर्देशों के बावजूद विभिन्न कारणों से कई ऋण आवेदनों को लंबित रखा गया अथवा अस्वीकृत किया गया। जिला प्रशासन ने संबंधित बैंकों की रिपोर्ट उनके उच्चाधिकारियों को कार्रवाई के लिए भेज दी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पात्र लाभुकों के आवेदन को अनावश्यक रूप से लंबित रखने या बिना उचित आधार के अस्वीकृत करने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। वहीं, योजना की धीमी प्रगति के लिए विद्युत विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की भी जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। लक्ष्य के अनुरूप प्रदर्शन नहीं करने वाले कुछ कनीय अभियंताओं एवं सहायक अभियंताओं के संबंध में उनके उच्चाधिकारियों तथा पटना मुख्यालय को रिपोर्ट भेजकर आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। प्रशासन ने सभी संबंधित बैंक अधिकारियों और विद्युत विभाग के पदाधिकारियों को समयबद्ध तरीके से योजना के लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि आवेदन लंबित रखने, बिना उचित आधार के अस्वीकृत करने अथवा लक्ष्य प्राप्ति में जानबूझकर शिथिलता बरतने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। योजना की प्रगति की नियमित समीक्षा जारी रखने की बात कही गई है।

## 'एक राखी पर्यावरण के नाम' अभियान में समस्तीपुर के तीन विद्यालयों को सम्मान

### शिक्षकों ने पौधारोपण करने के साथ पेड़ों को राखी बांधी

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाए गए 'प्रकृति प्रहरी अभियान' के तहत समस्तीपुर जिले के तीन विद्यालयों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर शीर्ष 100 विद्यालयों में स्थान बनाया है। 'टीचर्स ऑफ बिहार' की पर्यावरण संरक्षण पहल के अंतर्गत आयोजित 'एक राखी पर्यावरण के नाम' अभियान में जिले के तीन विद्यालयों को सम्मानित किया गया।

सम्मानित विद्यालयों में पूसा प्रखंड का प्राथमिक विद्यालय बिरौली, पटोरी प्रखंड का प्राथमिक विद्यालय भगवतिपुर तथा उजियारपुर प्रखंड का उच्च माध्यमिक विद्यालय चांदचौर करिहारा शामिल हैं। इन विद्यालयों के शिक्षक आमिर इमाम, मो. शमी उल्लाह और रघुवीर कुमार के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने अभियान में सक्रिय भागीदारी की।

प्रकृति प्रहरी अभियान के जिला समन्वयक मो. मेराज ने बताया कि अभियान का उद्देश्य रक्षाबंधन के अवसर पर पेड़ों को रक्षासूत्र बांधकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लेना तथा बच्चों और शिक्षकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

अभियान के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पौधारोपण करने के साथ पेड़ों को राखी बांधी। इसके अलावा जल संरक्षण और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का संदेश भी लोगों तक पहुंचाया गया।

अभियान में बिहार के विभिन्न जिलों के हजारों विद्यालयों ने भाग लिया था। पांच सदस्यीय विशेषज्ञ जूरी ने विद्यालयों का मूल्यांकन नवाचार, बच्चों एवं शिक्षकों की भागीदारी तथा पर्यावरण संबंधी संदेश के प्रसार के आधार पर किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को ह्यटीम प्रकृति प्रहरीह्ल और ह्यटीचर्स ऑफ बिहारह्ल की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आयोजकों का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों को पर्यावरण के अनुकूल बनाना और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदार एवं जागरूक बनाना है। जिले के तीन विद्यालयों की इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग एवं शिक्षक समुदाय ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी।

## जनता दरबार में नौ मामलों की सुनवाई, एसडीओ ने अधिकारियों को दिए त्वरित निष्पादन के निर्देश

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** आम लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार के कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल नौ मामलों की सुनवाई की गई।



इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने जनता दरबार में पहुंचे लोगों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने संबंधित मामलों की जानकारी लेते हुए उनके त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने अधिकारियों से कहा कि जनसामान्य की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों पर नियमसंगत एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए। एसडीओ ने उपस्थित लोगों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया।

## अर्धवार्षिक परीक्षा के पहले दिन हिंदी-संस्कृत की परीक्षा

### सरस्वती विद्या निकेतन में पुलिस निगरानी

**विद्यापतिनगर एनएसबी।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति एवं शिक्षा विभाग के निर्देश पर सोमवार से प्रखंड क्षेत्र के सभी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा नौवीं और दसवीं की अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू हो गई। परीक्षा के पहले दिन विद्यार्थियों ने हिंदी एवं संस्कृत विषय की परीक्षा दी। परीक्षा को लेकर सुबह से ही विद्यालय परिसरों में विद्यार्थियों की चहल-पहल रही। निर्धारित समय से पहले ही विद्यार्थी विद्यालय पहुंचने लगे थे। परीक्षा को शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए विद्यालय प्रबंधन की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। विभागीय निर्देश के अनुसार परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों की गतिविधियों पर नजर रखी गई। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेरपुर ढेपुरा के प्रधानाध्यापक समीर आनंद मिश्रा ने बताया कि विभागीय निर्देशों के अनुरूप परीक्षा का संचालन कराया गया। विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित आवश्यक निर्देश पहले ही दिए गए थे। विद्यालय में परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। वहीं, प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित भूषण ने बताया कि बोर्ड के निदेर्शानुसार हिंदी एवं संस्कृत की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से ली गई। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व विद्यालय परिसर में कुछ बाहरी उपद्रवियों द्वारा छात्रों के साथ मारपीट की घटना हुई थी। इसके मद्देनजर सोमवार को परीक्षा के दौरान विद्यालय परिसर में पुलिस बल की निगरानी में सुरक्षा व्यवस्था की गई, ताकि विद्यार्थी भयमुक्त वातावरण में परीक्षा दे सकें। इसके अलावा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊ धनेशपुर दक्षिण, विद्यापति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊ वाजिदपुर उत्तर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वाजिदपुर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बढ़ौना और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरपुर बोचहा सहित अन्य विद्यालयों में भी पहले दिन हिंदी एवं संस्कृत की परीक्षा आयोजित की गई।



## तीन स्थानों पर नवनिर्मित पुस्तकालय भवनों का उद्घाटन

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मिलेगी सुविधा

**उजियारपुर एनएसबी।** स्थानीय विधायक एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता ने सोमवार को उजियारपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नवनिर्मित पुस्तकालय भवनों का उद्घाटन किया। उन्होंने एमआर जनता कॉलेज महेशपट्टी, गंगा सागर उच्च विद्यालय महेशपट्टी तथा रामचंद्रपुर अंधैल में फीता काटकर और नारियल फोड़कर पुस्तकालय भवनों का उद्घाटन किया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए आलोक कुमार मेहता ने कहा कि उजियारपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र के विकास की चर्चा पूरे बिहार में हो, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पुस्तकालय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पुस्तकालय खुलने से गरीब और जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को काफी लाभ मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण और आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार युवाओं के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्रों में पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध होने से विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर संसाधन मिलेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने की। संचालन राजद प्रखंड अध्यक्ष रामलौलीन राय तथा धन्यवाद ज्ञापन पूर्व मुखिया राजेंद्र सिंह ने किया। मौके पर सिवान जिलाध्यक्ष विपिन कुशवाहा, वरिष्ठ समाजसेवी मो. खालिकुर रहमान, काजी नसीम एकता, जिला महासचिव मनोज कुमार राय, व्यवसायी मो. शकील एकता, मो. चांद, मो. परवेज आलम, अब्दुल हाफिज, राजीव गुप्ता, कॉलेज सचिव मो. मेराज, मो. इमामुद्दीन, राजकुमार राय सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## घर में घुसकर लूट का प्रयास, पुलिस ने दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** शिवाजीनगर थाना क्षेत्र के अख्तवारा गांव में घर में घुसकर लूटपाट करने के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार घटना 10 सितंबर की रात करीब 10 बजे की है, जब दो नकाबपोश बदमाश एक घर में घुसकर लूटपाट का प्रयास कर रहे थे। बताया गया कि घर में सो रही महिला की नींद खुलने और विरोध करने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की तथा धमकी दी। इसके बाद घर में रखे और महिला द्वारा पहने गए आभूषण एवं रुपये लेकर दोनों फरार हो गए। घटना को लेकर पीड़िता पूनम देवी के पति रामचंद्र मंडल, निवासी अख्तवारा, ने 11 सितंबर को शिवाजीनगर थाने में लिखित आवेदन दिया। आवेदन के आधार पर थाना कांड संख्या 156/26 के तहत बीएनएस की धारा 309(6) में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।

## गुरुदेव की 100वीं जयंती पर दीप यज्ञ, 100 घरों तक संदेश पहुंचाने और पौधारोपण का संकल्प

**विद्यापतिनगर एनएसबी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक एवं संरक्षक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य की 100वीं जयंती श्रद्धा एवं आध्यात्मिक वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर गायत्री परिवार के परिजनों की ओर से वीणा देवी के आवास पर विशेष दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। दीप यज्ञ के दौरान मंत्रोच्चार, दीप प्रज्ज्वलन और गुरु वंदना से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। उपस्थित परिजनों ने युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों और उनके 'युग निर्माण' एवं 'व्यक्ति निर्माण' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गुरुदेव ने मानव जीवन में संस्कार, सेवा, सद्भाव और सकारात्मक परिवर्तन का संदेश दिया। उनके विचारों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। पूर्व उपजोन संयोजक एवं पूर्व जिला संयोजक अमर कान्त झा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जबकि संचालन उदय प्रसाद ने किया। वंदनीया माताजी के चल रहे जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर भी विशेष संकल्प लिया गया। इस दौरान प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा 100-100 घरों तक गुरुदेव के विचार एवं संदेश पहुंचाने, अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा नए लोगों को गायत्री परिवार से जोड़ने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि दीप यज्ञ केवल दीप जलाने का आयोजन नहीं, बल्कि अपने भीतर ज्ञान, संस्कार और सद्भाव का प्रकाश प्रज्वलित करने का माध्यम है। गुरुदेव के विचार नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, संस्कार निर्माण, सेवा और नैतिक जीवन के लिए समाज को प्रेरित करते हैं। मौके पर श्याम सुंदर चौधरी, राम जन्म सिंह, प्रमोद ठाकुर, मधुकांत महतो, गुलशन कुमार, ओम प्रकाश अमर, मुरारी कुमार चौधरी सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के परिजन उपस्थित रहे। अंत में सभी ने गुरुदेव के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए निरंतर कार्य करने का सामूहिक संकल्प लिया।



## संक्षिप्त खबरें

### बिजली चोरी के आरोप में चार लोगों पर प्राथमिकी 63 हजार से अधिक का जुमार्ना

**डोभी/गया।** डोभी थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बिजली विभाग की टीम ने छापेमारी कर बिजली चोरी के चार मामले पकड़े। मामले में चार लोगों के खिलाफ जुमार्ना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसकी जानकारी डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने सोमवार की दोपहर तीन बजे दी। उन्होंने बताया कि नावाडीह पंचायत के हबीपुर गांव में एलटी तार में टोका फंसाकर बिजली चोरी करने के आरोप में राजेश मांझी पर 14,598 रुपये तथा रामाशीष पासवान पर 23,800 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। वहीं कुरुमडीह में मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करने के आरोप में बालिक यादव पर 17,933 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इसी तरह वारी पंचायत के वैजनाथ साव पर मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करने के आरोप में 7,434 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। चारों मामलों में विद्युत कनेक्शन विच्छेद करते हुए संबंधित आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। छापेमारी अभियान में जेई गजेंद्र कुमार के साथ बिजली विभाग के टेक्नीशियन महेश कुमार तथा मानव बल रमेश कुमार और विकास कुमार शामिल थे।

### पुलिस ने लूट कांड में संलिप्त दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**गयाजी।** पुलिस ने लूट कांड में संलिप्त दो अभियुक्तों को लूटी गई 03 जोड़ा चॉदी के पायल, 01 बैग एवं घटना में उपयोग किए गए 01 मोटरसाईकिल के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण ने यह जानकारी प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि दिनांक 19.09.2026 को वादी द्वारा लिखित आवेदन दिया गया कि ये किरण ज्वेलर्स दुकान से काम कर अपने घर लौट रहे थे, इसी दौरान रास्ते में बरैनी स्कूल से थोड़ा आगे 02 मोटरसाईकिल पर सवार चार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा इनको रोका गया एवं इनका मोबाईल एवं काला बैग, जिसमें 10 जोड़ा चॉदी का पायल वनज करीब 456 ग्राम को छीनकर छबीलापुर की ओर भाग गया। इस संबंध में नीमचक बथानी थाना कांड सं0-199/26, दिनांक-19.09.2026 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देशन में इस कांड को काफी गंभीरता से लेते हुए इस कांड में संलिप्त अपराधकर्मियों कि गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक 1/4ग्रामीण1/2, गया के मार्गदर्शन एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नीमचक बथानी गया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया जिसमें नीमचक बथानी थानाध्यक्ष, नीमचक बथानी थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी/कर्मी तथा तकनीकी शाखा गया के पुलिस पदाधिकारी/कर्मी को शामिल किया गया। उक्त गठित टीम के द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान कर इस कांड में संलिप्त 02 अभियुक्तों को लूटी गई 03 जोड़ा चॉदी का पायल 01 बैग एवं घटना में उपयोग किए गए 01 मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम चंदन कुमार, पे0 सरोज राम, सा0 नेनपुर, थाना छबीलापुर एवं राजेश कुमार उर्फ डॉन, पे0 छोटे राजवंशी, सा0 वीरचैत, थाना राजगीर, दोनों जिला नालंदा।

### आसन्न पितृपक्ष मेला की तैयारी का किया निरीक्षण

**गयाजी।** सोमवार को पुलिस महानिरीक्षक, मगध क्षेत्र, गया, वरीय पुलिस अधीक्षक, गया एवं नगर पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा आसन्न पितृपक्ष मेला-2026 के मद्देनजर विष्णुपद मंदिर परिसर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं विधि-व्यवस्था के दृष्टिगत संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### वरिष्ठ पत्रकार देवब्रत मंडल के निधन पर विधानसभा अध्यक्ष ने जताया शोक

**गयाजी।** वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े देवब्रत मंडल के निधन पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि देवब्रत मंडल जी के निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि देवब्रत मंडल जी अपनी निष्पक्ष कलम, निर्भीक पत्रकारिता और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए सदैव याद किए जाएंगे। उन्होंने पत्रकारिता को केवल पेशे के रूप में नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और जनहित की आवाज के रूप में जिया। उनकी लेखनी ने सदैव सच्चाई को सामने लाने तथा समाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि देवब्रत मंडल जी की कलम भले ही अब थम गई है, लेकिन उनकी निर्भीक पत्रकारिता और विचारों की विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान को लंबे समय तक स्मरण किया जाएगा।

### जिला पदाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं



**गयाजी।** जिला पदाधिकारी, गया शशांक शुभंकर ने सोमवार को समाहरणालय में आये कई फरियादियों को देख उनकी समस्याओं को सुना। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 100 से अधिक आमजनों की समस्याएँ सुनीं गयी। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, आरटीपीएस, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें।

### पूर्व मुख्यमंत्री, बिहार भोला पासवान शास्त्री की जयंती मनायी गई



**गयाजी।** स्थानीय राजेंद्र आश्रम स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय भोला पासवान शास्त्री जी की जयंती जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश कुमार की अध्यक्षता में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर स्व. भोला पासवान शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा कि भोला पासवान शास्त्री का जीवन सामाजिक समरसता, सादगी, ईमानदारी और जनसेवा का प्रेरणास्त्रोत था। वे सभी जाति और धर्म के लोगों का सम्मान करते थे तथा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते थे। उन्होंने कहा कि स्व. भोला पासवान शास्त्री जी हमेशा गरीब, वंचित और शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए अपनी आवाज बुलंद करते रहे। वे कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे और उनका सार्वजनिक जीवन आज भी हम सभी को प्रेरणा देता है। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्व. भोला पासवान शास्त्री जी के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज के सभी वर्गों के गरीब और जरूरतमंद लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया।

### सड़क नहीं बनने से वार्ड संख्या 4 के लोगो को हो रही परेशानी

**कुर्था(एनएसबी)** कुर्था नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या चार स्थित किरासन तेल टंकी से लेकर लिंगुआ फ्रेंका स्कूल तक सड़क का निर्माण नहीं होने से स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बरसात के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है। सड़क पर जलजमाव के कारण विद्यालय आने-जाने वाले बच्चों और शिक्षकों को काफी दिक्कत होती है। स्थानीय लोगों के अनुसार बारिश होने के बाद सड़क पर लंबे समय तक पानी जमा रहता है, जिससे लोगों का पैदल गुजरना भी मुश्किल हो जाता है। विद्यालय जाने के दौरान कई बार बच्चे और शिक्षक फिसलकर गिर जाते हैं। इससे उनके कपड़े गंदे हो जाते हैं।

# सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक संपन्न




बैठक में भाग लेते सांसद व अन्य।

**अरवल (एनएसबी)।** सांसद डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की समीक्षा बैठक आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में सांसद डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा करना, पूर्व की बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन की प्रगति का जायजा लेना तथा योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों का निराकरण सुनिश्चित करना रहा। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से जुड़ी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं विभागीय उपलब्धियों की अद्यतन प्रगति से समिति को अवगत कराया गया। योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति, पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने, लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विभागीय उपलब्धियों एवं योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त करने के उपरांत समिति के माननीय सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याओं, जनहित के मुद्दों एवं महत्वपूर्ण सुझावों को भी बैठक में समिति के समक्ष रखा गया। माननीय अध्यक्ष, दिशा द्वारा सदस्यों द्वारा उठाए गए विषयों को गंभीरतापूर्वक लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा संबंधित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। सांसद ने विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में समन्वय, पारदर्शिता एवं जवाबदेही पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र लाभुकों तक समय पर पहुंचना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं की नियमित निगरानी करने तथा क्षेत्र में उत्पन्न होने वाली समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में पूर्व में दिए गए निर्देशों की विभागवार अनुपालन स्थिति की भी समीक्षा की गई। इस क्रम में लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा जिन योजनाओं में अपेक्षित प्रगति नहीं हो सकी है, उनमें आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रगति लाने पर बल दिया गया। संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान विभिन्न विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति पर चर्चा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होने देने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विभागों के बीच बेहतर समन्वय तथा माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों के आलोक में जिले में संचालित योजनाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि योजनाओं का अपेक्षित लाभ आमजन तक प्रभावी एवं समयबद्ध रूप से पहुंच सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, संबंधित विभागों के पदाधिकारी तथा दिशा समिति के माननीय सदस्य एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## डीएम के जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम में निपटाए गए कई मामले



मामलों का निपटारा करते डीएम।

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी ने आयोजित किया जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम। विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का किया गया त्वरित निष्पादन जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा कार्यालय प्रकोष्ट में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता से साक्षात्कार में लगभग 12 नागरिकों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। प्राप्त शिकायतें मुख्य रूप से भूमि विवाद, दाखिल खारिज, अतिक्रमण, अंचल कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नगर परिषद कार्यालय अपर समाहर्ता आपदा विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग एवं अन्य विभाग से संबंधित थे। जनता से साक्षात्कार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया कि जनता की समस्याओं का समाधान शेष मामलों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से करें। सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखण्ड स्थित ग्राम खड़ासीन निवासी अनंत कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि मेरे नीजी जमीन को राहुल कुमार वगैरह ने अतिक्रमण कर रखा है, जिससे काफी परेशान किया जा रहा है, उचित कार्रवाई करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी सोनभद्र वंशी सूर्यपुर को नियमानुसार स्थलीय जाँच कर अतिक्रमण मुक्त करने हेतु निदेशित किया गया। अरवल प्रखण्ड स्थित अहियापुर निवासी जनक कुमार द्वारा बताया गया कि नगर परिषद क्षेत्र के छोटकी अहियापुर नहर पर ग्रामीणो द्वारा बांस की चचरी के माध्यम से आवागमन किया जा रहा है। पक्की पुल निर्माण हेतु विगत कई वर्षो से माँग की जा रही है, नगर परिषद एवं सिंचाई विभाग द्वारा पुल निर्माण करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, नगर परिषद, अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। रामपुर चौरम थाना स्थित बैजन बिगहा निवासी धीरज कुमार द्वारा बताया गया कि मेरे गाँव में मुर्गी फॉर्म अवैध तरीके से संचालित है, उचित कार्रवाई करने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।

## सरकारी अस्पतालों में बीते चार दिनों में 60 से अधिक सर्जरी किये गये

**गयाजी (एनएसबी)।** गया जिला में विभिन्न सर्जरी वाले समस्याओं के निदान के लिए सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर उपचार व सर्जरी की व्यवस्था की गयी है। जेपीएन सदर अस्पताल सहित प्रभावती अस्पताल, शेरघाटी व टिकारी अनुमंडलीय अस्पाल व कई सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सर्जरी की व्यवस्था है। प्रतिदिन होने वाली सर्जरी का अनुश्रवण सिविल सर्जन तथा जिला स्वास्थ्य प्रबंधक द्वार नियमित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न सरकारी अस्पताल में बीते एक सप्ताह में सीकृसेक्शन, बंध्याकरण सहित हार्निया, विकार वाले अंगे का हटाने, सिस्ट जैसे कई प्रकार की सर्जरी की गयी है। बीते चार दिनों में 60 से अधिक सर्जरी किये गये हैं। जिला में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत 23 बंध्याकरण किया गया है। इनमें सबसे अधिक बंध्याकरण खिजरसराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया गया है। जबकि इसके बाद बाराचट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर 27 सिजेरियन सेक्शन किये गये। जेपीएन सदर अस्पताल में एक हार्निया का भी सर्जरी किया गया। डीपीएम नीलेश कुमार ने बताया कि सर्जरी की संख्या को लगातार बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। जिला के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर होने वाली सर्जरी का अनुश्रवण किया जा रहा है ताकि आमजन को आसानी से सर्जरी संबंधी सुविधाएं प्राप्त हो सके। जमुई के जल्लादों को कड़ी सजा दे सरकार गयाजी। कांग्रेस नेताओ ने जमुई में 10 वीं क्लास की छात्रा को असामाजिक तत्वों, गुंडे लफंगों द्वारा रास्ते में जबर्दस्ती रोक कर अपमानित प्रताडित और उत्पीड़न की घटना की निंदा की है। विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, टिंकू गिरी, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चैरसिया, युवा कॉग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, विपिन बिहारी सिन्हा आदि ने कहा कि जमुई के जल्लाद जब नाबालिक छात्रों द्वारा हाथ जोड़ विनती करने के बाद भी उनलोगों ने गलत तरीके से छुते और खींचतान करते रहे, जिसका वीडियो वायरल होना , देशभर में बदनामी हो रही है। नेताओं ने सवालिया लहजा में राज्य सरकार से पूछा कि इन लोगों को ऐसी बदतमीजी का हक किसने दिया है तथा बिहार सरकार जवाब दे कि शाम 7 बजे कोई लड़की राज्य की सड़कों पर सुरक्षित क्यों नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उस वीडियों में दिख रहे हर व्यक्ति की पहचान होनी चाहिए और उन अपराधियों पर पॉस्को के तहत मुकदमा चलाकर उन्हें जल्द से जल्द कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

## सीएचसी में शॉर्ट सर्किट होने से अनहोनी की घटना टली घंटों रही बिजली गुल



परेशान मरीज।

**इलाज के लिए भटकते रहे मरीज**

**कुर्था(एनएसबी)।** सरकार की ओर से स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को बेहतर व बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे किए जाते हैं, लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था में सोमवार को इन दावों की जमीनी हकीकत कुछ अलग नजर आई। बिजली व्यवस्था की लचर स्थिति के कारण शॉर्ट सर्किट होने से घंटों बिजली आपूर्ति ठप रही। गनीमत रही कि शॉर्ट सर्किट के दौरान कोई अनहोनी घटना नहीं हुई। बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से इलाज कराने पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल में घंटों बिजली नहीं रहने से मरीजों को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ा। वहीं अस्पताल की सामान्य व्यवस्था भी प्रभावित रही। इलाज कराने पहुंचे जफीर इमाम ने बताया कि वह काफी देर से अस्पताल में बैठे हैं लेकिन बिजली बाधित रहने के कारण अभी तक उनका पुर्जा तक नहीं कट सका और इलाज भी नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल जैसी आवश्यक सेवा वाले स्थान पर बिजली की समुचित एवं निर्बाध व्यवस्था बेहद जरूरी है। इसके बावजूद बिजली व्यवस्था को लेकर लापरवाही बरती जा रही है, जिससे मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में बिजली के तारों में बार-बार शॉर्ट सर्किट की स्थिति उत्पन्न होना गंभीर मामला है। समय रहते विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया तो भविष्य में बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। मरीजों एवं परिजनों ने अस्पताल की बिजली व्यवस्था को दुरुस्त कराने और शॉर्ट सर्किट की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

## वृद्धाश्रम में रोटरी क्लब उवेर्ला ने बांटी आवश्यक सामग्री




**गयाजी (एनएसबी)।** रोटरी क्लब ऑफ उवेर्ला की ओर से मानपुर स्थित ह्यह्यसहारा वृद्धाश्रम में सेवा प्रोजेक्ट के तहत बुजुर्गों के बीच आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान रोटरी सदस्यों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताया, उनसे बातचीत की और उनका हालचाल जाना। सेवा प्रोजेक्ट के अंतर्गत 100 टूथब्रश, 100 टूथपेस्ट, महिलाओं के लिए 70 पेटीकोट, पुरुषों के लिए 35 टी-शर्ट, 100 जोड़ी चप्पल, 100 पैकेट बिस्किट तथा 100 छोटे पैकेट फ्रूट जूस वितरित किए गए। सामग्री पाकर वृद्धजनों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। अध्यक्ष रो. समीक्षा गौतम ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा और उनके साथ समय बिताना समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। क्लब भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों के लिए ऐसे सेवा कार्य करता रहेगा। साथ में क्लब के मेंबर विभोर अग्रवाल, सचिब गुंजन अग्रवाल, अंकिता गुप्ता, लीना गुप्ता और स्वरना इत्यादि लोग मौजूद थे।

## बाढ़ पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए विधायक ने दिया एक माह का वेतन



बाढ़ राहत कोष में अपना वेतन देते विधायक।

**कुर्था (एनएसबी)।** बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता और उनके पुनर्वास के लिए कुर्था विधायक पप्पू कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री बाढ़ राहत कोष में अपना एक माह का वेतन दान किया। सोमवार को जदयू पार्टी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा की उपस्थिति में विधायक ने एक माह का वेतन मुख्यमंत्री बाढ़ राहत कोष में दिया। इस मौके पर विधायक पप्पू कुमार वर्मा ने कहा कि संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा होना ही सच्ची जनसेवा है। बाढ़ के कारण बड़ी संख्या में परिवार प्रभावित हुए हैं। ऐसे समय में उनकी मदद करना सभी की जिम्मेदारी है। विधायक के इस पहल की सराहना करते हुए युवा जदयू के प्रदेश महासचिव सोनू रजक ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए एक माह का वेतन देना सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यों से समाज में सहयोग और सेवा की भावना को बल मिलता है। वहीं जदयू प्रखंड अध्यक्ष आकाश वर्मा, जदयू नेता जितेंद्र कुशवाहा समेत कई नेताओं ने विधायक के इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे बाढ़ प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचायक बताया।

## पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री सरल स्वभाव एवं सादगी की प्रतिमूर्ति थे : सत्येन्द्र



**शहरतेलपा (एसएनबी)।** महान स्वतंत्रता सेनानी , शिक्षाविद एवं सामाजिक समरसता के प्रतीक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय भोला पासवान शास्त्री की 112 वीं जयंती आदित्या होटल एंड रेस्टोरेंट अरवल में उनकी तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती समारोह श्रद्धापूर्वक धूमधाम से मनाई गई । जयंती समारोह की अध्यक्षता लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया । उन्होंने जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री सत्य , ईमानदारी , सरल -- स्वभाव एवं सादगी के प्रतिमूर्ति थे । भोला पासवान शास्त्री की व्यक्तित्व एवं कृतियों को किसी जाति धर्म ,सम्प्रदाय में बांधकर नहीं रखा जा सकता है , वे व्यक्ति नहीं विचार थे । बिहार में एक ऐसे मुख्यमंत्री भी थे जिन्होंने तीन बार बिहार की सत्ता संभाली लेकिन सादगी की ऐसी मिशाल शायद ही कोई पेश कर सका ।

## 11 सूत्री समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा पत्र

**पहलेजा और जयपुर पंचायत के मुखिया ने क्षेत्र की सड़क, बिजली, सिंचाई व स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान की उठाई मांग**

**मेहंदिया (एनएसबी)।** कलेर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आम जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर ग्राम पंचायत पहलेजा के मुखिया मुंदरिका सिंह एवं ग्राम पंचायत जयपुर के मुखिया ने जिला पदाधिकारी को 11 सूत्री मांगों से संबंधित पत्र सौंपा है। पत्र में प्रखंड क्षेत्र की सड़क, बिजली, सिंचाई, पेयजल, स्वास्थ्य सहित अन्य जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए इनके समाधान की मांग की गई है।पत्र में ग्राम पंचायत जयपुर के स्वजपुरा से ग्राम करन बिगहा मुख्य नहर तक ग्रामीण सड़क निर्माण की मांग की गई है। वहीं पहलेजा पंचायत के बोध बिगहा गौरैया स्थान के पास कृषि कार्य के लिए स्लुइस गेट निर्माण की मांग रखी गई है। उत्तरी कलेर पंचायत में कलेर कब्रिस्तान से लेकर कलेर घाट तक पईन में पानी निकासी एवं आरसीसी कार्य कराने की मांग भी शामिल है।इसके अलावा कलेर प्रखंड की सभी पंचायतों में खराब पड़ी मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइटों की समस्या दूर करने, कलेर बाजार, मेहंदिया बाजार,अगनूर बाजार, वलिदाद बाजार एवं उसरी बाजार में पेयजल, हाईमास्ट लाइट और शौचालय निर्माण कराने की मांग की गई है।पत्र में कलेर प्रखंड के सोन तटिये क्षेत्र की पंचायतों में बालू खनन के कारण उत्पन्न दुर्घटना एवं पेयजल की समस्या का भी उल्लेख किया गया है। पहलेजा पंचायत के मेहंदिया मधुसवां मोड़ से निरंजनपुर पथ के निर्माण की मांग भी की गई है। बिजली आपूर्ति की समस्या भी उठाई गई है। जयपुर एवं उत्तरी कलेर पंचायत में बिजली आपूर्ति तथा जर्जर बिजली तार की समस्या को दूर करने की मांग की गई है। वहीं कृषि कार्य के लिए जयपुर आहर एवं कलेर में स्लुइस गेट निर्माण कराने की मांग रखी गई है, ताकि किसानों को सिंचाई में सुविधा मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रशासन के साथ सकारात्मक वार्ता के बाद राघोपुर में दो दिनों से जारी धरना-प्रदर्शन एवं अनशन समाप्त

**हाजीपुर/एनएसबी।** राघोपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में विगत दो दिनों से जारी धरना-प्रदर्शन एवं अनशन का देर रात प्रशासन के साथ सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण वार्ता के बाद शांतिपूर्ण ढंग से समापन हो गया। प्रदर्शनकारियों की मांगों एवं समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन की ओर से अपर समाहर्ता (आपदा), अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। वार्ता के दौरान प्रदर्शनकारियों ने लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों और समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी बातों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विषयों पर सकारात्मक एवं रचनात्मक संवाद किया। सकारात्मक वातावरण में हुई वार्ता एवं संवाद के उपरांत प्रदर्शनकारियों ने अपने दो दिनों से जारी धरना-प्रदर्शन एवं अनशन को देर रात समाप्त करने का निर्णय लिया। इस प्रकार दोनों पक्षों के बीच संवाद एवं समन्वय के माध्यम से स्थिति का शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित हुआ। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि अपनी मांगों एवं समस्याओं को शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से संबंधित पदाधिकारियों के समक्ष रखें, ताकि उनका नियमानुसार परीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जिला प्रशासन द्वारा जिले में शांति, विधि-व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के साथ-साथ आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील एवं उत्तरदायी प्रशासन सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### पेट्रोल से 13 वर्षीय बच्चा झुलसा, परिजनों ने जानबूझकर आग लगाने का लगाया आरोप।

**गोरौल/एनएसबी।** गोरौल थाना क्षेत्र के इनायत नगर गांव में गोरौल चौक के समीप रविवार की रात पेट्रोल से एक 13 वर्षीय बच्चे के झुलसने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गंभीर रूप से झुलसे बच्चे को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोरौल में भर्ती कराया गया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया।वहीं,कुछ ग्रामीणों की ओर से घटना की अलग वजह बताई जा रही है।ग्रामीणों के अनुसार,आरोपी युवक कथित तौर पर एक कुत्ते पर पेट्रोल छिड़ककर उसे जलाने का प्रयास कर रहा था।इसी दौरान कुत्ता वहां से भाग गया और पेट्रोल बच्चे के शरीर पर गिर गया, जिससे वह झुलस गया। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।पुलिस के हस्तक्षेप के बाद अस्पताल भेजा गया बच्चाघटना के बाद परिजन झुलसे बच्चे को लेकर गोरौल थाना पहुंचे।बताया गया कि थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने पहले बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। इसके बाद घटना के संबंध में लिखित आवेदन देने को कहा गया।घटना को लेकर परिजनों और ग्रामीणों के बयानों में अंतर सामने आ रहा है।परिजन जहां जानबूझकर आग लगाने का आरोप लगा रहे हैं, वहीं कुछ ग्रामीण घटना की दूसरी वजह बता रहे हैं। ऐसे में पुलिस जांच, संबंधित पक्षों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही घटना के वास्तविक कारण तथा जिम्मेदारी की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।फिलहाल मामले में पुलिस की जांच और लिखित आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई का इंतजार है।

### भोला पासवान शास्त्री जी की जयंती पर एन एस यू आई ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**महुआ/एनएसबी।** महान स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के तत्वावधान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उन्हें याद किया गया।इस अवसर पर एन एस यू आई छात्र नेता अरविन्द आजाद ने कहा कि



भोला पासवान शास्त्री जी का जीवन सादगी, ईमानदारी, संघर्ष और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों से निकलकर समाज और बिहार की राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान बनाया। वे किसानों, मजदूरों और वंचित समाज के हितों के लिए जीवनभर कार्य करते रहे। इस मौके पर अरविन्द आजाद ने कहा कि आज के युवाओं और छात्रों को भोला पासवान शास्त्री जी के जीवन से प्रेरणा लेकर शिक्षा, सामाजिक समानता, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।उन्होंने कहा कि छभोला पासवान शास्त्री जी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के सम्मान, शिक्षा और अधिकार के लिए आवाज उठाएं।इस कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस गोरौल प्रखण्ड अध्यक्ष प्रभात पासवान,श्याम पासवान विद्यानंद सिंह, कुणाल,विकाश , सुबोध पासवान आदि के साथ अनेकों लोग शामिल हुए।

### स्वच्छ पेयजल को लेकर रेलवे का विशेष अभियान, 795 टैंकों में 357 की सफाई पूरी

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत रेलवे स्टेशनों, कार्य स्थलों और रेलवे कॉलोनियों में पानी की उपलब्धता, गुणवत्ता और स्वच्छता की लगातार निगरानी की जा रही है। रेलवे की ओर से बताया गया कि मंडल के विभिन्न स्थानों पर पानी के भंडारण टैंकों की सफाई, क्लोरीनेशन, डिसइंफेक्शन और पानी की गुणवत्ता की जांच पर विशेष जोर दिया जा रहा है। संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है और उच्चाधिकारियों द्वारा इसकी नियमित समीक्षा की जा रही है। विशेष सफाई अभियान के तहत चिन्हित 795 ओवरहेड, अंडरग्राउंड और पीवीसी पानी के टैंकों में से 357 टैंकों की सफाई एवं डिसइंफेक्शन का कार्य पूरा कर लिया गया है। शेष टैंकों की सफाई का काम तेजी से पूरा करने के लिए निगरानी की जा रही है। समस्तीपुर स्टेशन पर ऑटोमैटिक क्लोरीनीकरण प्लांट पहले से स्थापित है। मंडल के अन्य स्थानों पर भी इस प्रकार की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। इसके अलावा दौरम मधेपुरा स्टेशन पर आयरन रिमूवल प्लांट कार्यरत है, जबकि सहरसा और बनमनखी स्टेशनों पर भी ऐसे प्लांट लगाने का प्रस्ताव है। रेलवे की ओर से लोगों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सुपौल, सरायगढ़, सिमरी बख्तियारपुर, ललितग्राम और सहरसा स्टेशनों पर 50 हजार गैलन क्षमता वाले पांच नए आरसीसी वाटर टैंक के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। पानी की गुणवत्ता में सुधार के लिए रेलवे बोर्ड के निर्देशों के अनुरूप मंडल स्तर पर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसमें पानी के भंडारण टैंकों की सफाई, क्लोरीनेशन एवं डिसइंफेक्शन, पानी की गुणवत्ता की नियमित निगरानी तथा पानी के स्रोत से नल तक उपचार व्यवस्था की समीक्षा शामिल है। अभियान के तहत पानी के स्रोत से लेकर नल तक गुणवत्ता का आकलन किया जा रहा है। जिन स्थानों पर फिल्ट्रेशन या अतिरिक्त ट्रीटमेंट की आवश्यकता महसूस होगी, वहां आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। रेलवे कॉलोनियों और कार्य स्थलों को भी अभियान में शामिल किया गया है। प्रत्येक स्टेशन और कार्यस्थल पर कमियों की पहचान कर आवश्यक सुधार किए जा रहे हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल की सुविधा लगातार उपलब्ध रहे, इसके लिए पूरी प्रक्रिया की नियमित समीक्षा और निगरानी की जा रही है।

# त्योहारों पर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए विशेष इंतेजाम : महाप्रबंधक

## महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल ने प्रेस को किया संबोधित




**हाजीपुर/एनएसबी।** श्री डिम्पी गर्ग, महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल ने आज पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संवाददाता को संबोधित किया । संवाददाता सम्मेलन में महाप्रबंधक द्वारा पितृपक्ष मेला एवं आगामी त्योहारों के अवसर पर पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्रियों की सहुलियत के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों का विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी । उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न शहरों से आने वाले एवं त्योहार के उपरांत वापस जाने वाले यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा । प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों के ठहरने हेतु होल्डिंग एरिया का निर्माण किया जाएगा जहां पीने की पानी की व्यवस्था, ट्रेनों की एनाउनसमेंट की व्यवस्था, मेडिकल बूथ सहित अन्य यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगे । स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने हेतु एक वार रूम बनाया जाएगा जहां से 24x7 स्टेशनों की निगरानी की जा सकेगी । साथ ही स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल की अतिरिक्त टुकड़ियां लगायी जाएगी । प्लेटफॉर्म, फुट ओवरब्रिज एवं सकुर्लेटिंग एरिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी । यात्री सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए निरंतर चौकसी बरती जाएगी । अधिक भीड़ वाली लंबी दूरी की ट्रेनों की सामान्य बोगियों में यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से चढ़ाने की व्यवस्था हेतु रेलवे सुरक्षा बल एवं वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों तैनाती की जाएगी । उन्होंने पूर्व मध्य रेल में चल रहे कुछ प्रमुख निर्माण परियोजनाओं की जानकारी साझा की जो निकट भविष्य में पूर्ण होने वाली है। उन्होंने मोकामा में गंगा नदी पर नवनिर्मित नए पुल पर चर्चा करते हुए कहा कि इस पुल के चालू हो जाने से उत्तरी बिहार और दक्षिणी बिहार को रेल मार्ग से जोड़ने में एक अतिरिक्त मार्ग उपलब्ध हो जाएगा जिससे रेल परिचालन में काफी सुविधा होगी । इस पुल को चालू करने हेतु आज से एनआई कार्य प्रारंभ हो गया है जो 04 अक्टूबर तक चलेगा । इसके साथ ही भालगपुर के पास गंगा नदी पर बिक्रमशिला और कटरिया के मध्य एक और नया रेल पुल का निर्माण किया जाना है । इसकी स्वीकृति अगस्त, 2024 में रूपए 2171.34 करोड़ की लागत से की गयी है । इस परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य अगस्त, 2031 रखा गया है । इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.-झाझा के मध्य लगभग 400 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी रेल लाईन का निर्माण किया जाना है जिसमें वर्तमान में डीडीयू से किउल तक तीसरी और चौथी रेल लाईन जबकि किउल से झाझा तक तीसरी रेल लाईन का निर्माण किया जाना है। इस पूरी परियोजना को डीडीयू-दानापुर, दानापुर-फतुहा, फतुहा-बख्तियारपुर, बख्तियारपुर-पुनारख, पुनारख-किऊल तथा किऊल-झाझा जैसे छोटे-छोटे रेलखंडों में बांटा गया है । इसके साथ ही स्टेशनों के विकास हेतु पूरे भारतीय रेल पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पूर्व मध्य रेल के 97 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। इनमें चंदौली मझवार, दौरम मधेपुरा, बनमनखी, गोमो, कतरासगढ स्टेशनों का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है जबकि नवंबर तक सलौना, सुपौल, लक्खीसराय आदि स्टेशनों कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# नगर परिषद हाजीपुर की सशक्त स्थायी समिति की बैठक में जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय




**हाजीपुर/एनएसबी।** नगर परिषद हाजीपुर की सशक्त स्थायी समिति की बैठक में शहरवासियों से जुड़े आवास, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सार्वजनिक सुविधाओं के संबंध में महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया तथा आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान निर्णय लिया गया कि योजना के प्रथम, 0.1 एवं 0.2 से संबंधित सभी पात्र आवेदकों/लाभुकों का भुगतान यथाशीघ्र कराया जाए। इसके लिए संबंधित विभाग को आवश्यक पत्र नगर परिषद के माध्यम से भेजने का निर्णय लिया गया, ताकि पात्र लाभुकों को योजना का लाभ समय पर मिल सके। मानसून के बाद मच्छरों के प्रकोप एवं उससे होने वाली बीमारियों की रोकथाम को लेकर भी बैठक में विशेष चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में नियमित रूप से फॉगिंग एवं एंटी-लार्वा दवा का छिड़काव कराया जाए। इस कार्य को प्रभावी बनाने के लिए सभी माननीय वार्ड पार्षदों से समन्वय स्थापित कर गली-मोहल्लों एवं इंटीरियर क्षेत्रों तक फॉगिंग और एंटी-लार्वा का छिड़काव सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया, ताकि किसी भी क्षेत्र में मच्छरजनित बीमारियों का खतरा न रहे। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र के सभी सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति पर भी चर्चा की गई। जिन सार्वजनिक शौचालयों का सैराट बंदोबस्ती हो चुका है, उनके संबंधित टेंडरधारियों को आवश्यक पत्र भेजकर मरम्मती एवं रखरखाव का कार्य कराने का निर्देश देने का निर्णय लिया गया।

# अभियान बसेरा के तहत वासयोग्य भूमि के लिए आवेदन पंचायत एवं अंचल कार्यालयों में लिये जा रहे हैं आवेदन

## इसके लिए पटना आने की जरूरत नहीं

**पटना/एनएसबी।** अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग के सुयोग्य भूमिहीन परिवारों को आवास योग्य भूमि उपलब्ध कराने के लिए आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है। पात्र परिवार अपने आवेदन अपने पंचायत कार्यालय अथवा अंचल कार्यालय में ही जमा करें। इसके लिए पटना आने की कोई आवश्यकता नहीं है। जिलाधिकारी, पटना श्री कुंदन कुमार के निर्देश पर जिले के सभी अंचल कार्यालयों एवं पंचायत कार्यालयों में हेल्प डेस्क बनाये गए हैं। यहां पात्र परिवारों से आवेदन प्राप्त करने, उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तथा आवेदन जमा करने के बाद पावती रसीद देने की समुचित व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा भ्रम में न आएं। वासयोग्य भूमि के लिए आवेदन देने हेतु किसी भी व्यक्ति को पटना आने की आवश्यकता नहीं है। लोगों की सुविधा के लिए आवेदन जमा करने की पूरी व्यवस्था उनके निकटतम पंचायत एवं अंचल कार्यालय में ही की गई है। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, भूमि सुधार उपसमाहताओं, अंचलाधिकारियों एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि आवेदन प्राप्त करने, आवश्यक सहयोग देने तथा पावती उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल एवं व्यवस्थित रखें, ताकि किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन के संज्ञान में आया है कि कुछ लोगों द्वारा इस संबंध में भ्रामक सूचना एवं अफवाह फैलाई जा रही हैं.जिला प्रशासन द्वारा ऐसे अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान की जा रही है।

# भूसे में छिपाकर लाई जा रही थी शराब की खेप

## बेलसर पुलिस ने 14 चक्का ट्रक से 4221 लीटर शराब बरामद की।

**गोरौल/एनएसबी।** बेलसर थाना पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गोरौल-बेलसर थाना क्षेत्र की सीमा के समीप मौना में एक 14 चक्का ट्रक से भारी मात्रा में अवैध शराब की खेप बरामद की है।पुलिस ने शराब तस्करी में इस्तेमाल किए जाने की आशंका वाले एक पिकअप वाहन को भी जब्त किया है। बरामद शराब पंजाब निर्मित इम्पीरियल ब्लू ब्रांड की बताई गई है। पुलिस के अनुसार, ट्रक में भूसे के बीच शराब की खेप छिपाकर लाई जा रही थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेलसर पुलिस को सूचना मिली थी कि पंजाब नंबर के एक बड़े ट्रक से अवैध शराब की खेप थाना क्षेत्र में पहुंचने वाली है। सूचना मिलते ही गश्ती दल में तैनात एसआई अभिषेक कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गोरौल-बेलसर सीमा के मौना के पास संदिग्ध ट्रक को पकड़ लिया। इसके बाद ट्रक को थाना लाकर उसकी जांच की गई।जांच के दौरान ट्रक में भूसे के बीच छिपाकर रखी गई शराब बरामद हुई। पुलिस द्वारा की गई गिनती के बाद कुल 469 कार्टन इम्पीरियल ब्लू ब्रांड की शराब बरामद होने की बात सामने आई। शराब की कुल मात्रा लगभग 4221 लीटर बताई गई है। बरामद शराब की बाजार कीमत लाखों रुपये होने का अनुमान जताया गया है।बेलसर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने बरामद शराब को सुरक्षित थाना परिसर में रखा है। वहीं, मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस शराब की खेप के स्रोत, गंतव्य और इस कारोबार में संलिप्त लोगों के संबंध में जांच कर रही है।

पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि, शराब की बरामदगी से जुड़े अन्य तथ्यों और आरोपितों की गिरफ्तारी के संबंध में पुलिस की आधिकारिक जानकारी का इंतजार है।

### महुआ में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय शिविर संपन्न

**महुआ/एनएसबी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा महुआ के जवाहर चौक स्थित वि सेलिब्रेशनपरिसर में आयोजित प्रारंभिक शिक्षा सभी के सहयोग एवं समर्पण से विधिवत संपन्न हुआ।इस तीन दिवसीय वर्ग में विभिन्न स्थानों से आए 49 शिक्षार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।वर्ग की सुचारु व्यवस्था में 20 बंधुओं ने अपना महत्वपूर्ण समय एवं योगदान दिया तथा 4 शिक्षक बंधुओं के मार्गदर्शन में शिक्षार्थियों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। साथ ही अन्य अधिकारीगणों का भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ।इस पूरे वर्ग को सफल बनाने में जिन-जिन कार्यकर्ता बंधुओं ने व्यवस्था, शिक्षण, भोजन, आवास,अनुशासन,सेवा एवं अन्य किसी भी रूप में अपना समय, श्रम और सहयोग दिया। संघ के विक्की विनय ने उन सभी को भरपूर सहयोग और समर्थन के लिए हृदय से धन्यवाद देते हुए अपनी प्रसन्नता जाहिर की है। और उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी ने अपने व्यक्तिगत कार्यों से समय निकालकर वर्ग को अपना समय दिया और अपने दायित्वों का पूर्ण समर्पण के साथ निर्वहन किया, इसके लिए हम सभी आपके प्रति कृतज्ञ हैं।सभी कार्यकर्ता बंधुओं के सामूहिक सहयोग एवं समर्पण से ही यह वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

# सेवा ही संकल्प अभियान के तहत किया गया पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**महुआ/एनएसबी।** सेवा संकल्प अभियान के तहत महुआ नगर परिषद स्थित राजकीय मध्य विद्यालय महुआ कन्या में सोमवार को पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह पेंटिंग प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। जिसमें वर्ग एक से लेकर पांचवी तक के छात्राएं शामिल हुई वहीं दूसरे वर्ग में वर्ग 6 से लेकर आठवीं तक की छात्राएं शामिल हुई। इस पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। प्रिंटिंग का थीम था स्वच्छता अभियान, सामूहिक यो,ग वर्षा जल संचयन, रक्तदान शिविर, पेड़ पौधे लगाए। इस प्रिंटिंग प्रतियोगिता के दौरान दर्जनों छात्रों ने इन सभी थीम पर एक से बढ़कर एक पेंटिंग का निर्माण किया। इस पेंटिंग प्रतियोगिता का नेतृत्व यूथ एवं इको क्लब के प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ध्रुव कुमार, शिक्षक सत्येंद्र कुमार, अमित कुमार,रोहित कुमार,संजीव कुमार, कांति कुमारी, महजबी खातून आदि भी मौजूद थे। वहीं इस पेंटिंग प्रतियोगिता में रिया कुमारी, रिचा कुमारी, पुष्पांजलि कुमारी, राखी कुमारी, राजलक्ष्मी कुमारी,नंदनी कुमारी ,अनुष्का कुमारी ,सादिया सवेनूर, सोया कुमारी,दिव्यानी कुमारी, रश्मि कुमारी, सोनाक्षी कुमारी, शिवानी कुमारी आदि के साथ-साथ कई अन्य छात्राओं ने भाग लिया। वही प्रखंड क्षेत्र के कई अन्य विद्यालय में भी सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

# दिल में छेद से पीड़ित वैशाली के दो बच्चे सर्जरी के लिए पटना रेफर




**हाजीपुर/एनएसबी।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत संचालित मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना जन्मजात हृदय रोग से जूझ रहे मासूमों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसी कड़ी में सोमवार को वैशाली जिले के दो गंभीर रूप से पीड़ित बच्चों को बेहतर इलाज के लिए 102 एंबुलेंस से इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान (आईजीआईसी), पटना भेजा गया। दोनों बच्चे दिल में छेद (कंजेनिटल हार्ट डिजीज) की समस्या से जूझ रहे हैं। अस्पताल में भर्ती होने के बाद 23 और 24 सितम्बर को डॉक्टरों की विशेष टीम द्वारा इनकी डिवाइस क्लोजर सर्जरी की जाएगी।

जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में जिले में बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों का सघन अनुश्रवण किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि जिले का कोई भी मासूम आर्थिक तंगी या जानकारी के अभाव में इलाज से वंचित न रहे। स्वास्थ्य विभाग और आरबीएसके टीम को निर्देश दिया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विशेष स्क्रीनिंग अभियान चलाएं, ताकि समय रहते हृदय रोग से ग्रसित बच्चों की पहचान कर उन्हें उच्च संस्थानों में निशुल्क और समुचित उपचार दिलाया जा सके। डीएम वर्षा सिंह के सतत पर्यवेक्षण का ही परिणाम है कि जिले में लगातार पीड़ित बच्चों को चिन्हित कर समय पर विशेषज्ञ अस्पतालों में भेजा जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, वैशाली जिले में इस योजना के जरिए अब तक 200 से अधिक बच्चों का सफल उपचार कराया जा चुका है। इनमें डिवाइस क्लोजर और ओपन हार्ट सर्जरी के साथ-साथ कई जटिल मामलों का चिकित्सकीय प्रबंधन शामिल है। सर्जरी के बाद भी विभाग लगातार बच्चों का फॉलोअप कर उनके स्वास्थ्य की निगरानी करता है, जिसके बेहद सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। सिविल सर्जन डॉ. आर. के. साहू ने बताया कि जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को नया जीवन देने में यह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। वहीं, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. कुमार मनोज ने कहा कि आर्थिक तंगी के कारण जो परिवार निजी अस्पतालों में लाखों का खर्च वहन करने में असमर्थ थे, उनके लिए यह योजना नई किरण बनकर उभरी है। इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में ज्यादा बच्चों को चिन्हित कर पूरी तरह निःशुल्क उपचार कराया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मांझागढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाईरू हत्या के प्रयास का आरोपी शमसुद्दीन सिरवनिया से गिरफ्तार

**मांझागढ़ (एनएसबी)।** थाने की पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया अभियुक्त मांझागढ़ थाना क्षेत्र के सिरवनिया गांव निवासी शमसुद्दीन बताया जाता है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस रिलीज के अनुसार, शमसुद्दीन मांझागढ़ थाना कांड संख्या 258/26 (हत्या का प्रयास) में वांछित था। मामला दर्ज होने के बाद से ही पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव सिरवनिया में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिरवनिया गांव में घेराबंदी कर आरोपी शमसुद्दीन को धर दबोचा। पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### भैसही गांव से 35 लीटर देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**गोपालगंज (एनएसबी)।** जिले के मांझा थाने की पुलिस को नशा कारोबारियों के खिलाफ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर भैसही गांव में छापेमारी कर 35 लीटर देसी (चलाई) शराब बरामद की है। इस दौरान मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।मिली जानकारी के अनुसार, मांझागढ़ थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भैसही गांव में अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बेचने का धंधा चल रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चिन्हित घर पर अचानक छापेमारी की। घर की सघन तलाशी लेने पर पुलिस ने 35 लीटर चलाई शराब बरामद की। पुलिस ने मौके से आरोपी भीम राजभर को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ उत्पाद एवं मध्य निषेध अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए न्यायालय भेजने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस क्षेत्र में अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए लगातार अभियान चला रही है।

### वाहन जांच के दौरान चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार, साथी फरार

**गोपालगंज(एनएसबी)।** नगर थाना पुलिस ने थावे बाईपास के समीप सघन वाहन जांच अभियान के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। हालांकि, पुलिस को चकमा देकर उसका एक अन्य साथी मौके से फरार होने में सफल रहा। गिरफ्तार युवक की पहचान मांझा थाना क्षेत्र के छोटका धामापाकड़ गांव निवासी बबलू कुमार यादव के रूप में हुई है। वहीं, फरार साथी की पहचान जीशान अली उर्फ गोलू के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, नगर थाना की पुलिस थावे बाईपास पर संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों को रोककर वाहन के कागजात की मांग की गई। कागजात न दिखाने पर जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की, तो युवकों की चालाकी सामने आ गई। पुलिस कस्टडी में बबलू कुमार यादव ने स्वीकार किया कि जब्त बाइक बंजारी मोड़ से चोरी कर लें जा रहे थे. मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के आधार पर गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान की जा रही है। फरार साथी जीशान अली उर्फ गोलू की गिरफ्तारी और बाइक चोर गिरोह के पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### जन सुराज ने संगठन को दी मजबूती, राधा रमण मिश्रा बने संसदीय प्रभारी

**गोपालगंज (एनएसबी)।** आगामी चुनावों और संगठन के विस्तार को ध्यान में रखते हुए जन सुराज अभियान ने जिला स्तर पर संगठनात्मक बदलाव किए हैं।



इसी कड़ी में पार्टी नेतृत्व ने राधा रमण मिश्रा को गोपालगंज का संसदीय प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें इस नई और अहम जिम्मेदारी की बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में जिले में जन सुराज का जनाधार और मजबूत होगा। राधा रमण मिश्रा लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। उनकी संगठनात्मक क्षमता और क्षेत्र में बेहतर पकड़ को देखते हुए पार्टी ने उन पर यह भरोसा जताया है। अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए राधा रमण मिश्रा ने कहा, ष्जन सुराज की सोच और नीतियों को गोपालगंज के हर गांव और घर-घर तक पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। पार्टी ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा और मेहनत से काम करूंगा।ष उनकी इस नियुक्ति पर स्थानीय कार्यकताओं और समर्थकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। कार्यकताओं का मानना है कि राधा रमण मिश्रा के संसदीय प्रभारी बनने से गोपालगंज में संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

### विज्ञान संगोष्ठी और ड्रामा के सफल आयोजन को लेकर डीपीओ ने निर्णायक मंडल के साथ की बैठक

**गोपालगंज (एनएसबी)।** शिक्षा विभाग, गोपालगंज द्वारा आगामी 24 और 25



सितंबर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी एवं विज्ञान ड्रामा की तैयारियों को लेकर सोमवार को एक समीक्षा सह योजना बैठक आयोजित की गई। सर्वशिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिवम की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में आयोजन को निष्पक्ष, पारदर्शी और सफल बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में डीपीओ श्री शिवम ने बताया कि 24 सितंबर को विज्ञान संगोष्ठी और 25 सितंबर को विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से चयनित छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के सफल संचालन और मूल्यांकन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए निर्णायक मंडल के सदस्यों के साथ रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी आर.पी. सिंह के साथ-साथ निर्णायक मंडल के सदस्य श्वेता गुप्ता, डॉ. विवेकानंद प्रसाद, हेमंत कुमार, प्रेम कुमार और अनिक कुमार पाण्डेय मुख्य रूप से मौजूद रहे। डीपीओ ने सभी सदस्यों को समयबद्ध तैयारी और निष्पक्ष मूल्यांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# आवेदनों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं - डीएम

## जनता दरबार में डीएम ने सुनी समस्याएं, ऑन द स्पॉट किया निपटारा



(फरियाद सुनते डीएम)

**गोपालगंज (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी समीर सौरभ द्वारा ह्लसबका सम्मानद्दजीवन आसानह्व कार्यक्रम के तहत जनता के दरबार में जिला पदाधिकारी का आयोजन कार्यालय प्रकोष्ठ में हुआ। जनता दरबार में कुल 25 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनता अपनी समस्या लेकर जब जिला प्रशासन के पास पहुंचती है तो उसकी बात को पूरी गंभीरता से सुना जाना चाहिए। संबंधित विभागीय पदाधिकारी आवेदक को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर लगाने के लिए बाध्य न करें तथा नियमानुसार यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे फौरी राहत उपलब्ध कराएं। प्राप्त सभी आवेदनों को जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को कार्रवाई हेतु भेजते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कई मामलों में जिला पदाधिकारी ने स्वयं संबंधित पदाधिकारियों से तत्काल दूरभाष पर जानकारी प्राप्त कर मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई की वास्तविक प्रगति सुनिश्चित करें। आवेदक की समस्या का समाधान होने तक संबंधित पदाधिकारी आवश्यक फॉलो-अप भी सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि अपनी समस्याओं को लेकर आने वाला प्रत्येक व्यक्ति जिला प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनहीनता, लापरवाही, अनावश्यक विलंब अथवा टालमटोल की प्रवृत्ति को किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। संबंधित पदाधिकारी अपने स्तर से त्वरित कार्रवाई करें और जहां तत्काल राहत संभव हो, वहां बिना अनावश्यक विलंब के राहत उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गौरव कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## हथुआ अंचल में डीएम का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**लंबित परिमार्जन आवेदनों पर जताई नाराजगी ● अंचल कार्यालय में लंबित मामलों को शीघ्र निबटाने का निर्देश**



(औचक निरीक्षण करते डीएम)

**गोपालगंज (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी समीर सौरभ ने सोमवार को हथुआ अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण कर राजस्व कार्यों, अभिलेखों एवं विभिन्न पंजियों के संधारण की स्थिति की समीक्षा की। बड़ी संख्या में लंबित परिमार्जन आवेदनों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रधान सहायक की नोटबुक, सूचना का अधिकार पंजी, सीडब्ल्यूजेसी पंजी, पूर्ण स्थानांतरण पंजी एवं शनिवारीय पंजी का अवलोकन किया गया। अभिलेखों के संधारण में कमी पाए जाने पर डीएम ने सभी पंजियों को अद्यतन एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप संधारित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी अपने साथ जिला स्तरीय जनता दरबार में प्राप्त तीन मामलों के आवेदन भी लेकर पहुंचे और संबंधित मामलों की मौके पर उपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मी द्वारा समीक्षा कर उनका त्वरित निष्पादन कराया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं और भूमि-राजस्व से जुड़े मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए आम लोगों को समयबद्ध एवं सुगम सेवा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान भूमि सुधार उप समाहर्ता, हथुआ, अंचलाधिकारी, हथुआ सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## धर्मपुर नहर के पास पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 495 लीटर देशी शराब के साथ स्कार्पियो जब्त; विधि विरुद्ध बालक निरुद्ध

**गोपालगंज (एनएसबी)।** गोपालपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर धर्मपुर नहर के पास बड़ी कार्रवाई करते हुए एक स्कार्पियो वाहन से भारी मात्रा में देशी शराब बरामद की है। वाहन की सघन जांच के दौरान पुलिस ने 495 लीटर देशी शराब जब्त की और मौके से एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध (हिरासत में) किया। मिली जानकारी के अनुसार, गोपालपुर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि धर्मपुर नहर के रास्ते स्कार्पियो से अवैध शराब की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए धर्मपुर नहर के पास नाकेबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान जब एक संदिग्ध स्कार्पियो को रोककर उसकी तलाशी ली गई, तो उसमें से 495 लीटर देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत शराब और वाहन को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं, वाहन चला रहे/सवार एक विधि विरुद्ध बालक को पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। मामले की पुष्टि करते हुए थाना पुलिस ने बताया कि इस संबंध में



(जप्त देषी शराब)

संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी (कांड) दर्ज कर ली गई है। पुलिस अब इस बात की गहन जांच कर रही है कि शराब की यह खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे कहां खपाने की योजना थी। मामले में संलिप्त अन्य शराब तस्करों की गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई जारी है।

## आभूषण व्यवसायी से लूट मामले मे प्राथमिकी दर्ज

**छह अज्ञात अपराधियों पर दर्ज हुई प्राथमिकी ,एस पी विनय तिवारी ने देर शाम किया घटना स्थल का दौरा**

कटेया( दैनिक नवसन्देश) कटेया थाना क्षेत्र के भृंगीचक गांव के समीप शनिवार की देर शाम आभूषण व्यवसायी से हुई लूट के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है।पीड़ित आभूषण व्यवसायी हरेंद्र प्रसाद वर्मा के बयान पर छह अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।घटना के बाद पुलिस ने मौके से अपराधियों की एक पल्सर बाइक बरामद की थी।वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए हथुआ एसडीपीओ के नेतृत्व में सात सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया गया है।

जानकारी के अनुसार भृंगीचक गांव निवासी हरेंद्र प्रसाद वर्मा की जमुनहा बाजार में विष्णु ज्वेलर्स के नाम से आभूषण की दुकान है।शनिवार की देर शाम वह प्रतिदिन की तरह दुकान बंद कर आभूषण और नकदी से भरा झोला लेकर बाइक से अपने घर भृंगीचक लौट रहे थे। इसी दौरान बासदेवा बाबा के स्थान के समीप पहले से घात लगाए तीन बाइक पर सवार छह अपराधियों ने उन्हें घेर लिया।अपराधियों ने उन्हें रोकने के बाद तीन राउंड हवाई फायरिंग की।इसके बाद पिस्टल के बट से सिर पर प्रहार कर उन्हें जख्मी कर दिया।अपराधी उनके पास मौजूद झोले में 104 ग्राम सोने के आभूषण,100 ग्राम सोना जो शादी के लिए खरीदा गया था,करीब 1.5 किलोग्राम चांदी की पायल,50 हजार रुपये नकद तथा करीब तीन लाख रुपये मूल्य के अमानती आभूषण लेकर फरार हो गए।घटना के दौरान व्यवसायी के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके की ओर आने लगे।ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख अपराधी अपनी एक पल्सर बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गए।घटना की सूचना मिलने के बाद कटेया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक को जब्त कर लिया। पुलिस ने घटनास्थल की जांच करने के साथ अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई संभावित ठिकानों पर पूरी रात छापेमारी की।हालांकि अभी तक किसी अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।पुलिस बरामद बाइक के आधार पर भी अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।इसके अलावा घटना के समय क्षेत्र में सक्रिय मोबाइल नंबरों और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की भी जांच किए जाने की बात सामने आ रही है।मामले की गंभीरता को देखते हुए हथुआ एसडीपीओ के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम गठित की गई है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी रविवार की देर शाम घटनास्थल पर पहुंचे।उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और मामले में अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी अधिकारियों से ली।एसपी ने घटनास्थल के आसपास मौजूद व्यवसायियों और अन्य लोगों से भी घटना के संबंध में पूछताछ की।एसपी ने व्यवसायियों से बातचीत करते हुए उन्हें मामले में जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी का भरोसा दिया।उन्होंने पुलिस अधिकारियों को घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच करने तथा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।पुलिस अब लूट में शामिल अपराधियों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## छाड़ी नदी के जीर्णोद्धार को लेकर स्थल निरीक्षण, 42 स्थायी अतिक्रमण चिन्हित

**मापी की कार्रवाई एक सप्ताह में पूरी करने का निर्देश, अतिक्रमणकारियों को जारी होगा नोटिस**



**गोपालगंज (एनएसबी)।** गोपालगंज शहर के बीचों बीच बहने वाली छाड़ी नदी के जीर्णोद्धार एवं उसे अतिक्रमणमुक्त कराने के उद्देश्य से सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी गोपालगंज द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। नदी के करीब 1.475 किलोमीटर लंबे चिन्हित क्षेत्र में अंचल अमीन द्वारा की जा रही स्थल मापी का निरीक्षण किया गया। मापी के दौरान अब तक 42 स्थायी अतिक्रमण चिन्हित किए गए हैं. निरीक्षण के क्रम में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि छाड़ी नदी के चिन्हित क्षेत्र में मापी की कार्रवाई पूरी गंभीरता के साथ कराई जाए, ताकि नदी की वास्तविक स्थिति, उपलब्ध भूमि एवं अतिक्रमित क्षेत्र को स्पष्ट रूप से चिह्नित किया जा सके। अंचलाधिकारी, गोपालगंज श्री रजत बरनवाल को निर्देशित किया गया कि मापी की पूरी कार्रवाई एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कराते हुए सभी संबंधित अतिक्रमणों को स्पष्ट रूप से चिह्नित करना सुनिश्चित करें। स्थल मापी के दौरान अब तक 42 स्थायी अतिक्रमण का मामला प्रकाश में आया है। प्रशासन द्वारा छाड़ी नदी के जीर्णोद्धार की दिशा में अतिक्रमण की स्थिति को गंभीरता से लिया जा रहा है। मापी पूरी होने के बाद चिन्हित अतिक्रमणों के संबंध में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। छाड़ी नदी को प्रदूषणमुक्त रखने के उद्देश्य से नदी में नाला का पानी गिराने वाले लोगों पर भी चिन्हित कर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नगर परिषद द्वारा संबंधित लोगों को नोटिस निर्गत किया जा रहा है। इसके साथ ही चिन्हित अतिक्रमणकारियों को भी नोटिस जारी किया जा रहा है। नोटिस के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य छाड़ी नदी के प्राकृतिक स्वरूप को संरक्षित करते हुए इसके जीर्णोद्धार की दिशा में प्रभावी कदम उठाना है। इसके लिए नदी की भूमि की सही स्थिति निर्धारित करने, अतिक्रमण चिह्नित करने तथा नदी में गिरने वाले गंदे पानी की समस्या को नियंत्रित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान डीपीओ, नमामि गंगे, अंचलाधिकारी रजत वर्णवाल सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि नदी के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई पूरी की जाए।